■ प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी : वैष्णव - 10

■ सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित - 10

■ होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस - 11

■ प्रतिबंध के बाद भी विनेश फोगाट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने को तैयार - 12

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.51

अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 02:52 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083 * | मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष 7, अंक 167, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

नर्स केवल चिकित्सा कर्मी नहीं, बल्कि पीड़ा के अंधकार में आशा का दीप जलाने वाली मानवता की प्रहरी हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

की सभी नर्सों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग

प्रवेश प्रारम्भ (सत्र 2026-27)

सीमित सीटें उपलब्ध

Courses Offered :-

डी. फार्म.
Recognized by P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065

बी. फार्म.
Recognized by P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969

ए.एन.एम. (A.N.M.) *For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 1602

योग्यता

- बी.फार्म., डी. फार्म. के लिए गणित अथवा जीव विज्ञान संवर्ग से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा सम्मिलित
- ए. एन. एम. (A.N.M.) के लिए कला/ विज्ञान अथवा कॉमर्स संवर्ग से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा सम्मिलित

@SHIKHARINSTITUTEBDN
इंस्टाग्राम पेज के लिए QR स्कैन करें

कॉलेज परिसर : शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग, केन्द्रीय विद्यालय से 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ

पूछताछ के लिए QR स्कैन करें

shikharinstituteofpharmacy@gmail.com , shikharinstituteofnursing@gmail.com www.sip-budaun.co.in

8267000006, 9690028500, 7669291208, 9412295244

न्यूज ब्रीफ

राजीव तोमर ने संभाला सेहरामऊ दक्षिणी थाने का कार्यभार

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार : जिले में प्रभारी निरीक्षकों के तबादलों के बाद कोतवाली जलालाबाद से आए इंस्पेक्टर राजीव कुमार तोमर ने सोमवार को सेहरामऊ दक्षिणी थाने का कार्यभार ग्रहण कर लिया। थाना रौजा में तैनात किए गए इंस्पेक्टर उमेश कुमार मिश्र के स्थान पर उन्होंने जिम्मेदारी संभाली। कार्यभार ग्रहण करने के बाद इंस्पेक्टर राजीव कुमार तोमर ने थाने पर तैनात उप निरीक्षकों और पुलिसकर्मियों से संपर्क किया। उन्होंने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सूचना मिलते ही तत्काल जांच कर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

तालगांव प्रीमियर लीग का किया शुभारंभ

निगोही, अमृत विचार : निगोही क्षेत्र के ग्राम तालगांव में सोमवार को तालगांव प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत सदस्य नितिन पाठक ने फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। श्री पाठक ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल की ओर प्रेरित करते हैं। पहला मैच तालगांव सुपर किंग्स और तालगांव किंग्स के बीच खेला गया। तालगांव सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर चेयरमैन मुन्ना खां, गुफरान बेग, आदिल बेग, फिरोज खां, आमिर खां, बिलाल खां, अफरोज खां, शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कराया भंडारा

कुर्रिया कला, अमृत विचार : ग्राम मल्हपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश दिया गया। समापन के बाद आयोजित भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। आयोजन को सफल बनाने में कथा व्यास आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, आचार्य आशीष वाजपेयी, योगेश त्रिवेदी, नीरज मिश्र, पंकज मिश्र, संगम दुबे सहित ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और धार्मिक भावना मजबूत होती है।

प्रतीक जिलाध्यक्ष मनोनीत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भारतीय मजदूर संघ की नई जिला कार्यकारिणी का किया गठन

अमृत विचार : भारतीय मजदूर संघ के सम्मेलन में नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रतीक श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। ऑर्डनेंस क्लब हाल में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग कार्यवाह विशिष्ट अतिथि संगठन के उत्तर-प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा, प्रदेश मंत्री देव वर्मा आदि ने किया।

संचालक विश्वनाथ वर्मा ने अतिथि का परिचय कराया। मुख्य अतिथि ने रवि मिश्रा ने मजदूर संघ की राष्ट्रवादी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीएएमएस राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य करने वाला श्रमिक हितैषी संगठन है जो राष्ट्रहित, उद्योग हित व मजदूर हित के हमेशा तत्पर है। जिला मजदूर संघ के अध्यक्ष अश्वनी आर्य ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया। इसके बाद नई जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए प्रतीक श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष बनाया गया। सुदीप शुक्ला महानगर अध्यक्ष बनाए गए। श्याम सिंह, वीरेंद्र कुमार, अवनीश सिंह उपाध्यक्ष, विवेक चौरसिया महामंत्री, अभिषेक सिंह मंत्री, आलोक मिश्रा, हरि मोहन सक्सेना, परवेज खान जिला संयुक्त मंत्री बनाए गए। आनंद पांडेय अंकेक्षक, विमल वर्मा कोषाध्यक्ष, विश्वनाथ वर्मा मीडिया प्रभारी, शेखर सक्सेना प्रचार मंत्री, दिनेश सिंह, अनुज सक्सेना, बलवीर सिंह, संदीप वर्मा को सदस्य बनाया गया।

खाद संकट को लेकर डीएम से मिले विधायक

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर विधानसभा क्षेत्र में खाद की कमी को लेकर विधायक सलोना कुशवाहा ने सोमवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप से मुलाकात की। उन्होंने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

विधायक ने बताया कि क्षेत्र की कई सहकारी समितियों और खाद केंद्रों पर किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। खाद की कमी से खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और बुवाई व फसलों की देखभाल में परेशानी आ रही है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

महानंदपुर टोल प्लाजा पर 11 मई से वसूली शुरू, कार चालकों को देने होंगे 65 रुपये

शाहजहांपुर-पुवायां मार्ग पर टोल शुरू, सफर हुआ महंगा

संवाददाता, सिंधौली

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर सफर करने वाले वाहन चालकों को अब टोल टैक्स देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से महानंदपुर टोल प्लाजा पर 11 मई 2026 की सुबह आठ बजे से टोल वसूली शुरू कर दी गई है। यह टोल प्लाजा शाहजहांपुर जिले में रजऊ गांव के पास स्थित है। टोल लागू होने के बाद शाहजहांपुर से पुवायां और बंडा की ओर सफर करने वाले यात्रियों का खर्च बढ़ गया है।

एनएचएआई की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-731 के किलोमीटर 40.000 से 88.760 तक के मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहनों से निर्धारित दरों के अनुसार शुल्क लिया जाएगा। कार, जीप और वैन श्रेणी के वाहनों के लिए एक तरफ का टोल 65 रुपये तय किया गया है। हल्के वाणिज्यिक वाहन और मिनी बसों के लिए 105 रुपये, बस और ट्रक के लिए 215 रुपये तथा भारी बहुधुरीय वाहनों के लिए 415 रुपये तक शुल्क निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले गैर व्यावसायिक वाहन स्वामियों को राहत देते हुए 350 रुपये में मासिक पास की सुविधा दी है। वहीं निजी वाहनों के लिए वार्षिक पास 3075 रुपये निर्धारित किया गया है। टोल संचालन शुरू होने से पहले प्लाजा पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। फास्टैग आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी रहे और जाम की स्थिति न बने। टोल शुल्क लागू होने के बाद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में चर्चा शुरू हो गई है। कुछ लोग बेहतर सड़क और सुविधाओं की उम्मीद जता रहे हैं, जबकि नियमित यात्रा करने वाले वाहन चालक इसे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बता रहे हैं। टोल प्रभारी प्रवीण योगी ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों के लिए 350 रुपये में एक माह का पास बनाया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर स्थित महानंदपुर टोल प्लाजा। ● अमृत विचार

- शाहजहांपुर से बंडा जाने वाले यात्रियों पर बढ़ा डबल टोल का बोझ

यूरिया खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान

यूरिया लेने के लिए किसान इफको सेवा केंद्र पर लगी किसानों की भीड़, खाली हाथ लौटे

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार : खुटार ब्लॉक क्षेत्र में किसान यूरिया खाद लेने के लिए आए दिन दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। लेकिन यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है। मई माह में किसान की मुख्य फसल गन्ना, मक्का की फसलों में पड़ने वाली यूरिया खाद न मिल पाने के कारण फसले खराब हो रही हैं। जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है।

किसानों का कहना है कि खुटार में किसान इफको सेवा केंद्र होने के कारण 12 दिन बीत जाने के बाद यूरिया खाद पहुंची। यूरिया खाद की गाड़ी पहुंचने पर सैकड़ो की संख्या में किसान इफको सेवा केंद्र पर यूरिया खाद लेने के लिए पहुंच गए। लेकिन जिन किसानों के पास फार्मर रजिस्ट्री के कागज उपलब्ध थे उन्हीं को यूरिया खाद दी गई। जिन किसानों के पास फार्मर रजिस्ट्री के कागजात आदि उपलब्ध ना होने पर उन्हें बगैर खाद लिए ही मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इसको केंद्र प्रभारी राजीव चौधरी का कहना है कि जिस किसान के पास फार्मर रजिस्ट्री के कागज होंगे उसे ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी। सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री कराकर ही केंद्र पर खाद लेने आए। केंद्र प्रभारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की बात सुनकर कई किसान सुबह से लाइन में खड़े होने के बावजूद भी खाद न मिल पाने के कारण तपती धूप से परेशान होकर वापस घर लौट गए, जबकि यूरिया खाद लेने के लिए सैकड़ो की संख्या में किसान केंद्र पर पहुंचते हैं। किसानों का कहना है कि गन्ने की फसल में यूरिया खाद ही डाली जाती है। लेकिन यूरिया खाद मई माह में उपलब्ध न हो पाने पर उनकी फसले आए दिन खराब होती जा रही हैं। उधर, इफको सेवा केंद्र प्रभारी राजीव चौधरी का कहना है कि केंद्र पर यूरिया खाद एक मई को बांटी गई थी। जिसमें केंद्र पर किसानों की संख्या लगभग 600 थी लेकिन 200 किसानों को ही यूरिया उपलब्ध हो पाई थी। उसके बाद सोमवार को यूरिया खाद की पंद्रह सौ बोरी खाद केंद्र पर पहुंची है जो किसानों को बांटी जा रही है। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद वितरण में सबसे ज्यादा समस्या फिंगर मशीन की आ रही है जोकि मशीन नहीं चल पा रही हैं। जिससे किसानों को भी मशीन के द्वारा समस्या से जूझना पड़ रहा है। तो दूसरी तरफ फार्मर रजिस्ट्री ना होने के कारण भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जबकि किसानों को बार-बार समझाया जा रहा है कि सभी किसान अपनी-अपनी जमीन की फार्मर रजिस्ट्री कराकर उसके बाद ही खाद लेने आए जिससे उन्हें खाद उपलब्ध कराई जा सके।

खुटार इफको किसान सेवा केंद्र पर धूप में खाद लेने के लिए लगी किसानों की लाइन।

- फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर मायूस होकर वापस घर लौटे किसान

> समितियों पर कभी-कभी सर्वर की दिक्कत आ रही है। हर समिति पर खाद उपलब्ध है। खाद लेने के लिए किसी भी किसान को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। – **अखिलेश प्रताप सिंह**, एआर कोआपरेटिव शाहजहांपुर

सहकारी समितियों पर नहीं चल पा रहीं मशीनें

खुटार, अमृत विचार : खुटार ब्लॉक क्षेत्र में किसानों के लिए 8-8 अलग-अलग क्षेत्र में किसान सहकारी समितियां संचालित हो रही हैं। सहकारी समितियां पर किसान फसलों में डालने के लिए यूरिया खाद लेने पहुंचते हैं लेकिन सहकारी समितियो पर फिंगर मशीनों में अंगूठा न लग पाने व फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। रौतापुर कलां सहकारी समिति के सचिव अरुण गुप्ता ने बताया कि उनकी समिति पर यूरिया खाद का वितरण हो रहा है लेकिन फिंगर मशीन सही ढंग से ना चल पाने के कारण समस्या से जूझना पड़ रहा है। किसान सहकारी समिति मलिका के सचिव अमित मिश्रा ने बताया कि वह समिति पर लगातार किसानों को यूरिया खाद वितरण कर रहे हैं। लेकिन फिंगर मशीन ना चल पाने के कारण व फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण किसानों के अंगूठा ना लग पाने के कारण समस्या से जूझना पड़ रहा हैं और कुछ ही किसानों को खाद मिल प रही है।

आए दिन किसान कर रहे हंगामा और प्रदर्शन

नारायणपुर विक्रमपुर किसान सहकारी समिति के सचिव महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि फिंगर मशीन व फार्मर रजिस्ट्री के चलते लगातार समस्या उत्पन्न हो रही है। पुनौती कला के सचिव अमित मिश्रा का कहना है कि फिंगर मशीन व फार्मर रजिस्ट्री को लेकर परेशानी हो रही है। लालपुर किसान सहकारी समिति, चांदपुर किसान सहकारी समिति व हरिहरपुर किसान सहकारी समिति के सचिव मनोज सिंह यादव का कहना है कि फिंगर मशीन व फार्मर रजिस्ट्री को लेकर समस्या से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि सहकारी समितियों पर यूरिया खाद न मिल पाने के कारण किसान आए दिन हंगामा, प्रदर्शन करने को भी मजबूर हो रहे हैं लेकिन समस्या का हल नहीं हो पा रहा है, जिससे किसान परेशान हो रहे हैं। किसान खाद को लेकर चारों तरफ से चिंतित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगले माह आने वाली मुख्य फसल धान की रोपाई के बाद यूरिया खाद की किल्लत ऐसे ही बनी रही तो वह लोग कैसे खेती किसानी कर पाएंगे।

मिलावट के संदेह में 1678 लीटर राइस ब्रान ऑयल सीज

कार्रवाई करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, कलान क्षेत्र में पकड़ी गई खेप
- फिरोजाबाद से सप्लाई के लिए लाई जा रही थी रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल की खेप

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार शाम कलान क्षेत्र में मिलावट के संदेह में बड़ी कार्रवाई करते हुए रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल की खेप पकड़ी। टीम ने रूकनापुर थाना कलान स्थित खाद्य प्रतिष्ठान जय शिव शक्ति ट्रेडर्स पर सप्लाई के लिए ले जाए जा रहे राइस ब्रान ऑयल का नमूना लेकर 1678 लीटर तेल सीज कर दिया। सीज किए गए तेल की अनुमानित कीमत 2 लाख 24 हजार 852 रुपये बताई गई है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार पिकअप गाड़ी में 35 ड्रमों में करीब 1680 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल भरा हुआ था। यह खेप मैसर्स एमआई ट्रेडर्स, रामगढ़ रोड थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद की ओर से जय शिव शक्ति ट्रेडर्स, रूकनापुर थाना कलान के लिए भेजी गई थी। मिलावट की आशंका होने पर टीम ने रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना लेकर बाकी तेल को सीज कर दिया।

कार्रवाई के दौरान दो कोल्हुओं से भी सरसों के तेल के नमूने लिए गए। जनता रोड स्थित पप्पू और परौर रोड स्थित आशीष के यहां से एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। तीनों नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र ने बताया कि प्रयोगशाला रिपोर्ट मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, मानवेन्द्र कुमार और अजीत सिंह शामिल रहे।

तीन घंटे में 198 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव, मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हार्न के खिलाफ तीन घंटे अभियान चलाया। इस अभियान में कुल 198 वाहनों के चालान किए गए। मदनापुर, सिंधौली, खुटार और पुवायां पुलिस ने कार्रवाई की है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नशे की हालत में वाहन चलाए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से वाहनों की सघन चेकिंग अभियान रविवार की रात चलाया गया। सिंधौली, मदनापुर, खुटार व पुवायां पुलिस ने रात में 08 बजे से 11 बजे तक टोल प्लाजा तथा अन्य जगहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए और चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनिमय की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए 54 ड्रिंक एंड ड्राइव, 24 मॉडिफाइड साइलेंसर व 98 प्रेशर हार्न के चालान किए गए। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहो पर जागरुकता अभियान चलाया गया। वाहन चालकों को बताया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाए, वाहन को ओवरटेक देखकर, अधिक स्पीड में वाहन न चलाए तथा बाइक पर दो से अधिक न बैठे। एसपी ने बताया कि शहर में भी अभियान चलाया जाएगा।

वाहनों की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

- मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न पर हुई कार्रवाई, पुलिस टीम ने चालकों किया जागरूक

महेश चंद्र रस्तोगी बनाए गए मंच के जिला महामंत्री

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

- राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच की जिला इकाई का किया विस्तार

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच की जिला इकाई के विस्तार को लेकर एक अहम बैठक चौक स्थित जिला कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज वर्मा सर्राफ की अध्यक्षता में हुई।

जिलाध्यक्ष श्यामपाल वर्मा ने कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक मंडल में अनिल क्षत्रिय, संजय वर्मा, विनोद वर्मा, हरी मोहन रस्तोगी, डॉ वीएन रस्तोगी, जगदीश वर्मा, अनिल वर्मा जलालाबाद, राम किशोर वर्मा आदि को शामिल किया गया। वरिष्ठ जिला महामंत्री दीपू रस्तोगी, जिला महामंत्री महेश चंद्र रस्तोगी, जिला महामंत्री संगठन अशोक वर्मा, सह जिला महामंत्री हरिराम रस्तोगी, जिला कोषाध्यक्ष ओमबाबू सर्राफ, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बाल कृष्ण रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष पंकज वर्मा स्वर्णकार जलालाबाद, अजय वर्मा मिर्ज़ापुर, विकास उर्फ शालू वर्मा, डॉ अनूप वर्मा, विनोद वर्मा, सर्राफ महेश सोलंकी, विनोद लालाराम वर्मा, जिला संयुक्त मंत्री प्रमोद वर्मा कांट वाले, जिला मंत्री सुनील रस्तोगी, इंद्रपाल वर्मा, अशोक रस्तोगी, जिला संगठन मंत्री नन्हे वर्मा, मुकेश वर्मा, नीरज वर्मा, जिला प्रचार मंत्री राजेंद्र वर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ अमित सिंह, डॉ अमित वर्मा डेंटल बनाये गए। जलालाबाद नगर अध्यक्ष अशोक वर्मा, महामंत्री राजेश वर्मा आदि को बनाया गया।

शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर

श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करतीं शिक्षिका।

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

अमृत विचार : श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों को छात्राओं की नियमित उपस्थिति और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य ब्यूटी ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। निरंतर अनुपस्थित रहने वाली छात्राएं शासन से संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकती हैं। अनुराधा, अंजुम, दीपशिखा, पल्लवी आदि मौजूद रहीं। अंत में अनीता गंगवार ने आभार जताया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरिया रसूलपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

अमृत विचार : ब्लाक सिधौली के अंतर्गत न्याय पंचायत पनवाड़ी की शिक्षा चौपाल का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरिया रसूलपुर में किया गया। मुख्य अतिथि खिरिया रसूलपुर के ग्राम प्रधान राजकिशोर रहे। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवेंदु मिश्रा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। शिक्षक जुबैर आलम ने शिक्षा चौपाल के आयोजन का उद्देश्य एवं महत्व बताया।

एआरपी अतुल शुक्ला ने नई शिक्षा नीति को विस्तार से समझाया। उन्होंने 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों की अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया। एआरपी उपेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस तरह की शिक्षा और संस्कार हमारे सरकारी विद्यालय दे रहे हैं उस तरह की शिक्षा और संस्कार दूसरे विद्यालय नहीं दे सकते।

यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ यूनिफॉर्म व पुस्तकें निशुल्क दी जाती हैं। एआरपी रेपेंद्र जीत सिंह सिंधौली ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष यदुवीर यादव व अन्य अध्यापकों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर न्याय पंचायत के उत्कृष्ट शिक्षक रेशमा यादव प्रियंका राज राजकुमार वीरेंद्र कुमार प्रमोद कुमार अरुण कुमार को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 2025-26 में अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर न्याय पंचायत के विद्यालयों के एक-एक बच्चे को सम्मानित किया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जिसकी सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन जुबैर आलम अंसारी ने किया। इस अवसर पर इरफान अहमद, मुस्तकीम अली, अजहरुद्दीन, रविंद्र अटल, शिवसागर, मनोज कुमार, वसीम अली आदि मौजूद रहे।

शिक्षिका को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान देते अतिथि। ● अमृत विचार

- छह शिक्षकों को दिया गया उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

न्यूज डायरी

विद्यालय में मां विषय पर कराई निबंध प्रतियोगिता

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ऑल सेंट्स स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में भावनात्मक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्री-प्रेप से कक्षा चार तक के बच्चों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर फोटो फ्रेम तैयार किए। वहीं कक्षा पांच से आठ तक के छात्रों के बीच मां विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है, जो उसे संस्कार और सही दिशा देती है। विद्यालय के डायरेक्टर सचिन बथम ने विजेता छात्रों की माताओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में माताओं ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में भाग लिया और विजेताओं को उपहार दिए गए। प्रधानाचार्या की माताजी सीमा रस्तोगी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कई माताओं ने मंच पर अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय का आभार जताया।

मुशायरा जश्ने सुखन में शायरों ने गजल से किया मंत्रमुग्ध

शाहजहांपुर अमृत विचार : गत रात्रि शहर के एक कैफे में मुशायरा जश्न ए सुख़न का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर हमीद ख़िज़र ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जीएफ कॉलेज के प्रोफ़ेसर गुलाम अशरफ़ क़ादरी तथा अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां रहे। मुशायरे में हमीद ख़िज़र, शहबाज़ तालिब लखनवी, असग़र यासिर, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, फ़हीम बिस्मिल, राहिल फ़रीदी बीसलपुरी, इलियास चिश्ती लखीमपुरी, शारिक़ अक्स, गुलिस्तां ख़ान एडवोकेट, शमशाद आतिफ़, साजिद सफ़दर, पीयूष शर्मा, वंदना अनम लखनवी, विकास सोनी ऋतुराज, मुमताज़ इक़बाल, सगीर इशरत, आरिफ़ अल्वी काकोरवी, मरहूम लखनवी, दर्द फ़ैज़ ख़ां लखनवी आदि शायरों और कवियों ने ग़ज़लों और नज़्मों के जरिये समां बांध दिया। इस अवसर पर मोहम्मद बहारे आलम रजवी, अजय मीना पांडेय अंशु, बसीरूद्दीन आमिर मियां आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में पक्षियों की प्यास बुझाने को रखे जल पात्र

शाहजहांपुर अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विकासार्थ विद्यार्थी के अंतर्गत चलाए जा रहे सकोरा अभियान के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पक्षियों के लिए जल पात्र रखे गए। अभियान के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र के साथ मिलकर बर्तनों में पानी भरकर उन्हें विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया। कार्यक्रम के माध्यम से भीषण गर्मी में पक्षियों और अन्य जीवों को राहत पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों और अन्य जीवों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में सकोरा अभियान जीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर और आसपास पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह के छोटे प्रयासों से जीव-जंतुओं की रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सकता है।

सहयोग संस्था की नई कार्यकारिणी में स्तुति बनीं अध्यक्ष

शाहजहांपुर, अमृत विचार : समाजसेवी संस्था सहयोग की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें बहुमत के आधार पर स्तुति गुप्ता को अध्यक्ष और सरदार हरजीत सिंह को महासचिव चुना गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भैया, विमला बहन और दून इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य समा जैदी मौजूद रहीं। संस्था के संस्थापक शाहनवाज खां एडवोकेट और अनिल गुप्ता प्रधान ने बताया कि हर वर्ष वोटिंग के आधार पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि संस्था ने दो वर्ष पूरे कर लिए हैं और अब अधिक अनुभव के साथ सेवा कार्य करेगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष स्तुति गुप्ता और महासचिव सरदार हरजीत सिंह ने संस्था को आगे बढ़ाने का भरोसा दिया। इस दौरान विभिन्न पदों पर कई पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा भी की गई।

■ प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी : वैष्णव - 10

■ सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित - 10

■ होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस - 11

■ प्रतिबंध के बाद भी विनेश फोगाट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने को तैयार - 12

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.51

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 02:52 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083 *

मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष 7, अंक 167, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती, न दबाव में ला सकती : मोदी

कहा- पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पूरा विश्व भारत को दबोचने मैदान में उतरा, हम डटे रहे

- सोमनाथ अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर में की महा पूजा

सोमनाथ, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, 11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था।

हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। मोदी ने कहा, कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं। दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा।

गुजरात के वेरावल स्थित सोमनाथ अमृत महोत्सव मंदिर में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद को नेहरू के विरोध का करना पड़ा था सामना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। कहा, हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में महापूजा और अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया।

जड़ों से जुड़ा रहने वाला राष्ट्र लंबे समय तक रहता मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा, लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया, वे सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहे! बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया, ये बार-बार बनता रहा हर बार उठ खड़ा होता रहा।

सोमनाथ में संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

भारत की आत्मा है सनातन, कोई पराजित नहीं कर सकता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- वाराणसी में 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में राज्यपाल के साथ शामिल हुए मुख्यमंत्री
- कहा, सनातन को मिटाने की कोशिश करने वाले आक्रांता इतिहास की धूल में मिल गए

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सनातन संस्कृति को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि इसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक मंदिरों को तोड़ने और भारत की सांस्कृतिक पहचान मिटाने का प्रयास किया। लेकिन वे भारत की चेतना को नहीं तोड़ सके। जिन्होंने सनातन को मिटाने की कोशिश की, वे खुद इतिहास की धूल में मिल गए।

मुख्यमंत्री सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। लोगों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण भी देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन केवल किसी मंदिर, मूर्ति या इमारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की चेतना, जीवन दर्शन और सांस्कृतिक प्रवाह में रचा-बसा है। महमूद गजनवी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने मंदिर ध्वस्त किए, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं झुका सके। आज सोमनाथ और काशी विश्वनाथ दोनों भारत के पुनर्जागरण और स्वाभिमान के प्रतीक बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है।

काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राममंदिर, उज्जैन में महाकाल महालोक और सोमनाथ मंदिर का विकास भारत की गौरव यात्रा के नए अध्याय हैं। यह केवल धार्मिक स्थलों का विकास नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के पुनर्स्थापन का अभियान है। योगी ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ शक्तियां आज भी भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का उत्थान नहीं देखना चाहतीं। यही लोग पहले सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और राममंदिर निर्माण के विरोध में खड़े थे, लेकिन अब देश सांस्कृतिक आत्मविश्वास के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

काशी-सोमनाथ सभ्यता के दो ज्योति स्तंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर केंद्र हैं। एक ओर गंगा तट पर स्थित काशी ने सनातन की आध्यात्मिक धारा को जीवित रखा, तो दूसरी ओर सागर तट पर स्थित सोमनाथ ने राष्ट्र के स्वाभिमान और पुनर्जागरण की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिवमय हुआ माहौल

'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में कथक नृत्यांगना अंकिता भट्टाचार्य ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और उनकी टीम ने भगवान सोमनाथ की स्तुति प्रस्तुत की, जबकि बनारस घराने के अंशुमान महाराज के सरोद वादन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

ब्रीफ न्यूज

हिमंत असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ

गुवाहाटी। असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भाजपा नीत राजग सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

नोएडा : 16 जून से उड़ानें शुरू करेगी अकासा एयर

नई दिल्ली। अकासा एयर 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। अकासा ने सोमवार को कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

अमेरिका ने ईरान का शांति प्रस्ताव ठुकराया

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को पूरी तरह से अस्वीकार्य करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। ईरान वार्ता अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।

संकट में संघर्ष विराम

- ट्रंप बोले- पूरी तरह अस्वीकार्य अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

अवास्तविक मांगों पर अड़ा है अमेरिका : ईरान

तेहरान। ईरान ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव उदार और तार्किक था, जबकि अमेरिका अब भी इजराइल की सोच से प्रभावित अवास्तविक मांगों पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गयी, वह हद से ज्यादा नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था।

लोकतंत्र को हाईजैक नहीं होने देंगे, बहाल की विधायकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कर्नाटक की शृंगेरी सीट से राजेगौड़ा ही विधायक

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा की कर्नाटक विधानसभा सदस्यता फिलहाल बहाल कर दी है। न्यायालय ने तीन मई 2026 को हुई उन डाक मतपत्रों की दोबारा जांच के नतीजे पर भी रोक लगा दी है, जिसमें भाजपा के नेता डीएन जीवराज को विजेता घोषित किया गया था।

पीठ ने यह आदेश दिया है। पीठ ने गौर किया कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केवल 279 खारिज हुए मत पत्रों की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी ने उन 562 सही वोटों को भी दोबारा गिन लिया जो पहले ही श्री राजेगौड़ा के पक्ष में गिने जा चुके थे। न्यायालय ने पाया कि चुनाव अधिकारी ने राजेगौड़ा के उन 562 वोटों में से 248 वोट घटा दिए, जिससे मुकाबला भाजपा उम्मीदवार जीवराज के पक्ष में झुक गया। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा कि लोकतंत्र को इस तरह 'हाईजैक' करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। निर्देश दिया कि दोबारा गिनती के बाद उठाए गए सभी कदम तब तक रुके रहेंगे जब तक राजेगौड़ा की अपील पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता। मामला 2023 का है।

एसआईआर पर ममता व अन्य को नई याचिकाएं दायर करने की अनुमति

नई दिल्ली। कोटर् ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नई याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा। कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति बागची की पहले की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि यदि जीत का अंतर एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों की संख्या से कम होता है, तो शीर्ष अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। उनकी इन दलीलों का पीठ ने संज्ञान लिया। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू ने बनर्जी की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में उचित उपाय चुनाव याचिका दायर करना है।

वीबी जीरामजी अधिनियम 1 जुलाई से होगा लागू, मनरेगा निरस्त होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर नया 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा। नए अधिनियम में एक नया ढांचा होगा जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का वैधानिक वैतनिक रोजगार देने का वादा करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इसे ग्रामीण विकास संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है।

शुभेंदु के पीए का हत्यारोपी अयोध्या से गिरफ्तार

संवाददाता, अयोध्या/लखनऊ

- 9 मई को मां के साथ आया था दर्शन-पूजन करने, होटल से निकलते समय कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोचा

अमृत विचार : कोलकाता व यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने प. बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के एक आरोपी को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नौ मई की बताई जा रही है। आरोपी को बंगाल पुलिस अपने साथ कोलकाता ले गई थी। इस संदर्भ में अयोध्या पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

बंगाल में चुनाव खत्म होने के बाद ही 6 मई की रात मध्यमग्राम के डोडरिया इलाके में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। प्रारंभिक जांच में घटना के समय मोबाइल टॉवर के मोबाइल का डाटा एकत्र कर उसकी जांच की गई तो उसमें से दो नंबर उप्र के निकले। इनमें से एक बलिया जिले के निवासी राज सिंह का निकला था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कोलकाता पुलिस ने उप्र पुलिस से सहयोग मांगा था। 7 मई को आरोपी अपनी मां, एक दोस्त व एक अन्य के साथ लखनऊ में एक विधान परिषद सदस्य की पुत्री के विवाह में आया था। आठ को अंबेडकरनगर एक दरगाह पर पहुंचा। नौ मई को वह अयोध्या पहुंचा व अपनी मां के साथ राम मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद एक होटल पर खाना खाने के बाद वापस बलिया के लिए रवाना होने के लिए होटल से बाहर निकला तभी दबोच लिया।

परिवार को बंधक बना सवा करोड़ की डकैती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जानकारी देतीं सीमा।

- नकाबपोश डकैतों ने पीतल कारोबारी के घर बोला धावा 1.20 करोड़ की नकदी व छह तोला सोने-चांदी के जेवर ले गए

अमृत विचार: नागफनी थाना क्षेत्र के अकबर कंपाउंड में प्रापटी डीलर व पीतल कारोबारी के घर में सोमवार तड़के नकाबपोश डकैतों ने हथियारों के बल पर धावा बोला। गृहस्वामी व परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर 1.20 करोड़ की नकदी व 6 तोला से अधिक के जेवरात लूटकर ले गए। सूचना पर आला पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर वारदात की जानकारी ली। एडीजी ने घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

नागफनी थाना क्षेत्र की बंगला गांव पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्थित अकबर कंपाउंड निवासी प्रॉपर्टी डीलर व पीतल कारोबारी इमरान के घर में सोमवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे छह नकाबपोश बदमाश घुस गए। घर में इमरान, पत्नी और चार बच्चे सोए थे। डकैतों ने पीतल कारोबारी के सीने पर पिस्टल रखकर और अन्य लोगों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया।

बंगाल के पूर्व मंत्री नगरपालिका भर्ती घोटाला में गिरफ्तार

कोलकाता। ईडी ने सोमवार को प. बंगाल के पूर्व मंत्री व टीएमसी के नेता सुजीत बोस को राज्य में नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। केंद्रीय एजेंसी ने सॉल्ट लेक स्थित अपने सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में दिन भर की पूछताछ के बाद बोस (63) को धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया। बोस अपने बेटे समुद्र के साथ पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। बिधाननगर से तीन बार के विधायक सुजीत हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरदवत मुखर्जी से 37,000 से अधिक मतों के अंतर से हार गए। ईडी ने अक्टूबर 2025 में पूर्व मंत्री के परिसर पर छापा मारा था।

आदेश | पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार ने पहली बैठक में लिया बड़ा फैसला, केंद्र की कई योजनाएं राज्य में की शुरू

बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए बीएसएफ को मिलेगी जमीन

- नए आपराधिक कानून लागू होंगे आयुष्मान पर भी काम शुरू

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत उपायों की घोषणा की, जिनमें राज्य को केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में शामिल करना, सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि का हस्तांतरण और बीएनएस आपराधिक कानून को लागू करना शामिल है।

ये निर्णय पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान लिए गए, जिसकी अध्यक्षता अधिकारी ने की और जिसमें शपथ लेने वाले पांच मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नौकरशाह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बंगाल अब आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा बन जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसानों को फसल बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी स्कूलों के उन्नयन के लिए पीएम श्री योजना और कारीगरों एवं शिल्पकारों को समर्थन देने वाली प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना और रियायती दरों पर खाना पकाने के रसोई गैस प्रदान करने वाली उज्ज्वला 3.0 योजना भी लागू की जाएगी। आरोप है कि ममता बनर्जी के पूर्व शासनकाल में राजनीतिक कारणों से इन योजनाओं को राज्य के लोगों की पहुंच से बाहर रखा गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बांग्लादेश के साथ देश की खुली सीमाओं को सील करने और अवैध सीमा पार प्रवासन पर अंकुश लगाने के वादे को लागू करते हुए, अधिकारी मंत्रिमंडल ने अपनी पहली ही बैठक में सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश के साथ 2,216.7 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें से लगभग 569 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ नहीं लगी है।

पश्चिम बंगाल में आईपीसी की जगह अब बीएनएस

एक महत्वपूर्ण आरोप में, अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) - आपराधिक कानून जिन्होंने क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) अधिनियमों का स्थान लिया है - संसद के दोनों सदनों द्वारा बहुत पहले पारित किए जा चुके हैं, राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर चुके हैं और जिनके नियम पहले ही तैयार किए जा चुके हैं और भारत के अन्य हिस्सों में लागू किए जा चुके हैं, लेकिन बंगाल में इन अधिनियमों को अब तक आधिकारिक तौर पर लागू नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा, संविधान के इस उल्लंघन के बारे में जानकर हमें आश्चर्य हुआ। मंत्रिमंडल ने बंगाल में इसके तत्काल प्रभाव से लागू होने की मंजूरी दे दी है।

अलग-अलग स्थानों पर दो महिला समेत तीन ने फंदा लगाकर दी जान

सेहरामऊ दक्षिणी और बंडा में विवाहिता, पुवायां में युवक ने लगाया मौत को गले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र में बेटे से कहासुनी होने पर मां ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुवायां थाना क्षेत्र में एक युवक ने ससुराल से लौटने के बाद फांसी लगा ली। इधर, बंडा क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ससुराल से आई नव विवाहिता ने दुपट्टे से फोसी लगा ली।

सेहरामऊ दक्षिणी : थाना क्षेत्र के गांव आटाखुर्द निवासी 45 वर्षीय सुमन का रविवार की रात आठ बजे अपने बेटे से किसी बात पर नाराज होकर डाटने पर बेटे को विरोध करते हुए देखकर नाराज होकर वह कमरे में पंखे के कुंडे से धोती बांधकर लटक गयी। परिवार वालों ने सुमन को लटकते हुए देखा तो शीघ्र फंदा खोलकर नीचे उतारा।

परिवार वाले उसे मेडिकल

मृतका सुमन।

मृतक अवनीश।

कालेल ले गए। जहां उपचार के दौरान देर रात सुमन की मौत हो गयी। मृतका अपने पीछे पुत्र नितिन तथा नीतेश को छोड़ गयी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ससुराल से लौटे युवक ने की आत्महत्या

शाहजहांपुर/पुवायां, अमृत विचार : ससुराल से लौटकर एक युवक अपने घर पर आए और खाना खाकर कमरे में साने के लिए चला गया। परिवार वालों ने सुबह देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ था। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय अवनीश कुमार की शादी मऊ जिले के आंचल से हुई थी। उसने 25 अप्रैल को अपनी पत्नी को मायके भेज दिया था। 26 अप्रैल को वह खुद ससुराल चला गया था। रविवार की शाम वह अपनी ससुराल से अकेले लौटा था। उन्होंने रात नौ बजे खाना खाया और कमरे में सोने के लिए चले गए। सोमवार की सुबह आठ बजे तक दरवाजा नहीं खुला तो परिवार वालों खटखटाया और दरवाजा नहीं खुला। परिवार वालों ने आवाज लगायी तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। परिजनों ने खिड़की से देखा तो अवनीश का शव लटका हुआ था। परिजनों का आरोप है कि अवनीश की किसी बात को लेकर ससुराल में कहासुनी हो गई थी। वह छह भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी दो बहनों की शादी हो गई थी। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मायके से आई महिला ने फंदा लगाकर दी जान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला गायत्रीनगर निवासी 20 वर्षीय गोल्डी की शादी उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले में मनोज सक्सेना के साथ चार माह पूर्व हुई थी। शादी के बाद वह तीन बार मायके आई थी। बताते है कि करीब एक सप्ताह पूर्व उसका पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मनोज अपनी पत्नी गोल्डी को बरेली तक छोड़कर अपने घर वापस चला गया था। वह बरेली से अपने मायके अकेले आ गई थी। शनिवार की शाम गोल्डी ने कमरे में कुंडे से दुपट्टका का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। उसकी मां मंजू दस बजे घर पर आई तो उसका शव फंदे से लटका हुआ देखा। उसने शोर मचाया तो रिश्तेदार और गांव वाले एकत्रित हो गए। बंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि पति से विवाद होने पर एक सप्ताह पूर्व मायके से आ गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि बेटियां समाज की नींव हैं और उन्हें शिक्षित कर सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। छात्र-छात्राओं को नियमित स्कूल आने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और निराश्रित महिला पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के दुष्परिणामों पर भी चर्चा की गई।

केसवर्कर दिवाकर मिश्र ने हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181, 112, 108 और 1930 की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

तीन घरों में हुई चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

अमृत विचार : एक ही रात में कस्बा में तीन मकानों में हुई चोरी का निगोही पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी का लाखों रुपये का जेवर, नगदी, छुरी, आरी और घटना में बाइक बरामद की है। पुलिस ने शातिर चोर का चालान कर दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के कस्बा में तीन दिन पूर्व एक ही रात में तीन घरों में चोरी हुई थी। तीनों का परिवार मकान में ताला बंद करके बाहर गया हुआ था और चोरों ने बंद मकान को निशाना बना लिया था। चोर नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस की जांच में शातिर चोर नरेश निवासी पतराजपुर थाना निगोही का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस शातिर चोर की तलाश कर रही थी। उप निरीक्षक दिलशाद खां को सोमवार की सुबह चार बजे सूचना मिली कि चोर नरेश पैतापुर तिराहे के पास खड़ा है।

पुलिस हिरासत में चोरी का आरोपी।

- **पुलिस ने चोरी के जेवर, नकदी और बाइक को किया बरामद**

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशान देही से सोने का ओम, पायल, चांदी की जंजीर, चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी बिछिया, लोहे का सूजा, लोहे की आरी, छुरी 11 हजार 500 रुपये और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। अभियुक्त पर पहले से तीन मुकदमें विभिन्न धाराओं के दर्ज है। पूछताछ के दारौन तीन घरों में चोरी करने की घटना कबूल की है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक नितिन सोम, सिपाही कुलदीप कुमार, मोहित भाटी, शुभम, अमीपाल शामिल थे।

हादसे में ग्रामीण घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता, तिलहर

- **तिलहर-जैतीपुर रोड पर दो बाइकों में हुई भिड़ंत**

अमृत विचार : जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव धिमरपुरा निवासी 38 वर्षीय जगपाल सोमवार देर शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह किसी काम से तिलहर नगर आए थे और मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तिलहर-जैतीपुर रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस की मदद से घायल जगपाल को इलाज के लिए तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

हादसे में जगपाल के सिर में गंभीर चोट आई है। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

घायल के रिश्तेदार पंकज ने बताया कि वह लोग जगपाल को बेहतर इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर जा रहे हैं।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अलग-अलग समय हुआ हादसा बाइकें क्षतिग्रस्त, 40 मिनट खड़ी रही दो ट्रेनें, एक 10 मिनट**

अमृत विचार : मीरानपुर कटरा में अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो बाइक सवार घायल हो गए। मृतक बरेली का रहने वाला था। इस दौरान सप्तक्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और पंजाब मेल खड़ी रही।

बरेली के भुता थाना क्षेत्र के 35 वर्षीय सतीश गंगवार की बहन मुकेशा देवी मीरापुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव मरेना में रहती है। रविवार को वह अपनी बहन के लिए घर आने के लिए बरेली से निकला था। रविवार रात ट्रेन से उतरने के बाद साढ़े 8 बजे सतीश रेलवे फाटक संख्या 341 की रेलवे लाइन पार कर रहा था। अप लाइन की ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल और मीरानपुर कटरा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सप्तक्रांति एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस को पीछे स्टेशन पर रोक दिया गया। आरपीएफ और जीआरपी व रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को रेल लाइन की पटरी से हटाया। इस दौरान दोनों ट्रेनें करीब 40 मिनट खड़ी रही। इधर, मृतक के परिवार और रिश्तेदार पहुंच गए। परिवार में रोना पीटना मच गया। कटरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव चाबरखास निवासी श्रीकृष्ण अपनी पत्नी को लेकर बाइक से कटरा सुबह नौ बजे आ रहे थे। कटरा-खुदागंज मार्ग पर स्थित बंद कसरकर रेलवे क्रासिंग से निकल रहे थे। उनकी पत्नी पहले निकल गई थी। वह बाइक निकाल रहे थे कि डाउन लाइन पर पंजाब मेंल की चपेट में आकर घायल हो गए। दूसरा बाइक सवार सत्यपाल भी घायल हो गया। दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गयी। पंजाब मेल के लोको पायलट ने चेक करने के लिए ट्रेन को 10 मिनट के लिए रोक दिया। दस मिनट ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गई। कटरा पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों का इलाज चल रहा है।

दवा प्रतिनिधि आज मनाएंगे राष्ट्रीय मांग दिवस

शाहजहांपुर अमृत विचार : केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मंच और एफएमआरआई ने 12 मई को ''राष्ट्रीय मांग दिवस'' मनाने का निर्णय लिया है। यूपीएमएसआरए शाहजहांपुर यूनिट के सचिव सीएल तिवारी ने बताया कि यह राष्ट्रीय मांग दिवस अपने कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे श्रमिकों पर सरकार के बर्बर हमलों के विरोध में मनाया जाएगा। मंगलवार को सुबह 10 बजे दवा प्रतिनिधि शहीद पार्क टाउन हॉल के पास एकत्र होंगे। यहां सभी लोग जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, पांच लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बुग्गी बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा**

अमृत विचार : पुवायां रोड पर भूड़ा मैनारी गांव के निकट बुग्गी बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया, जिससे बाइक पर सवार भतीजे की मौत हो गयी और चाचा घायल हो गया। वहीं ऑटो पलट जाने से ऑटो में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों की मलहम पट्टी के बाद छुट्टी कर दी गयी।

मृतक रितिक।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बड़ा गांव निवासी 17 वर्षीय रितिक अपने चाचा रवि के साथ रविवार को बाइक से एक निजी अस्पताल में भर्ती बाबा राम खिलौना को देखने आए थे। चाचा और भतीजे दोनों लोग बाइक से शाम आठ बजे बाइक से शहर से पुवायां जा रहे थे। भूड़ा मैनारी गांव के सामने उनकी बाइक के आगे चल रहे आटो ने सड़क के किनारे खड़ी बुग्गी को बचाने का प्रयास किया। बुग्गी को बचाने में आटो अनियंत्रित हो गया और पीछे से आ रही बाइक से टकरा गया। बाइक पर सवार चाला और भतीजे गिरकर घायल हो गए, वहीं आटो भी अनियंत्रित होकर पलट गया। आटो में सवार लोगों के मामूली चोट आई। रितिक और उसका चाचा रवि तथा आटो सवार में लोग घायल हो गए। सूचना पर पुवायां पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने घायलों को वाहन से सीएचसी पुवायां भेज दिया। डाक्टर रितिक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। सोमवार को इलाज के दौरान रितिक की मौत हो गयी। मृतक के चाचा रवि और ऑटो में सवार घायल खुटार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पश्चमी निवासी संगीता देवी, बिरजू, बड़ा गांव निवासी राकेश और विजय को उपचार के बाद घर भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में सेना के रिटायर्ड सूबेदार की मौत

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कालोनी निवासी 60 वर्षीय रामसरन पाल मूलरुप से कांट थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वह 15 साल पहले सूबेदार के पद से रिटायर हो गए थे और उनकी आखिरी पोस्टिंग नासिक में थी। वह रिटायर होने के बाद मकान बनवाकर रहने लगे थे। वह प्राइवेजाब करते थे। वह प्रतिदिन सुबह टहलने के लिए जाते थे। शनिवार की सुबह चार बजे वह टहलने के लिए घर से निकले। वह साढ़े पांच बजे टहलकर वापस आ रहे थे और निगोही रोड पर सतवा खुर्द गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रिटायर्ड सुबेदार को सरकारी अस्पताल भेज दिया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर बाजार चौराहा पर लगा जाम राहगीरों को उठानी पड़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : सदर बाजार चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी न होने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। रविवार रात करीब आठ बजे चौराहे पर भीषण जाम लग गया, जिसमें पुलिस का वाहन भी फंस गया। जाम के चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी देर तक परेशानी उठानी पड़ी। बाद में सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बमुश्किल यातायात सुचारु कराया।

सदर बाजार चौराहे से पंखी चौराहे तक सड़क किनारे चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इसी तरह पंखी चौराहे से निशात रोड तक भी सड़क की पटरी पर वाहन खड़े होने से रास्ता संकरा हो जाता है। सदर बाजार चौराहे से करीब सौ कदम दूरी पर मैजेस्टिक सिनेमा के पास स्थित शराब की दुकान के बाहर भी दो पहिया और चार पहिया वाहन खड़े कर

सदर बाजार चौराहा पर लगे जाम में फंसी पुलिस की गाड़ी। ● अमृत विचार

- **टाउनहाल रोड और पंखी चौराहा पर आड़े तिरछे खड़े वाहनों से रोज बिगड़ रही व्यवस्था**
- **रविवार रात सदर बाजार चौराहा पर जाम लगने से पुलिस की गाड़ी भी फंसी**

दिए जाते हैं, जिससे अक्सर जाम लग जाता है। टाउनहाल रोड पर भी होटल के बाहर सड़क किनारे वाहन खड़े करने से यातायात प्रभावित रहता है। वाहन चालक गाड़ियां खड़ी कर होटल में चले जाते हैं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सदर बाजार और पंखी चौराहे पर ट्रैफिक सिपाहियों की ड्यूटी न होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। रविवार रात जाम लगने के बाद सदर बाजार थाना से उप निरीक्षक और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था संभाली। लोगों का कहना है कि यदि सड़क किनारे वाहन खड़े होने पर सख्ती नहीं की गई तो जाम की समस्या और बढ़ती जाएगी।

ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर साली के लाखों के जेवर हड़पे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : मदनापुर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी साली से ट्रैक्टर खरीदने के लिए 6 लाख रुपये की मांग की। साली ने रुपये की जगह जेवर दे दिए और आरोपी जीजा ने कहा कि बाद में जेवर छुड़ाकर वापस कर देगे। एक साल बीत जाने के बाद जीजा ने साली के जेवर वापस नहीं किए। जेवर मांगने पर साली को जान से मारने की धमकी दी है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रचना देवी ने थाना पर तहरीर दी है कि उसके बहनोई अखिलेश सिंह, उसकी बहन नीलम देवी पत्नी अखिलेश निवासी लश्कर थाना मदनापुर उसके घर पर आए। बहनोई ने उससे कहा कि 6 लाख रुपये दे दो और ट्रैक्टर खरीदना है। उन्होंने बहनाई से कहा कि उसके पास पैसे नही है। बहनोई ने कहा सोने के जेवर दे दो ओर गिरवीं रखकर पैसे ले लूंगा। एक साल बाद जेवर छुड़ाकर वापस कर दूंगा। वह अपने बहनोई की बातों में आ गए और एक जोड़ी सोने की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र, सोने का पैंडिल, एक सोने की अंगूठी गिरवीं रख दिए। बहनोई ने उससे वादा किया था कि एक साल में सोना छुड़ाकर दे दूंगा। पीड़िता ने अपने बहनोई से सोना मांगा तो टाल मटौल करने लगे। जिस कारण उसका बहनोई से विवाद हो गया। 27 अगस्त 25 को एक शपथ पत्र दिया और माह अप्रैल 2026 सोना छुड़कार वापस कर दूंगा। 11 अप्रैंल 26 को शाम 06 बजे पीड़िता ने अपने बहनोई अखिलेश को फोन करके अपना सोना मांगा। आरोप है कि बहनोई ने उसे गालियां दी और कहने लगा कि सोना अब भूल जाओ, नहीं मिलेगा। आरोपी बहनोई ने फोन काट दिया। पीड़िता ने कहा कि उसके साथ कोई घटना हो सकती हैं।

थाना के उप निरीक्षक लाल बहादुर सिह ने बताया कि आरोपी अखिलेश और नीलम देवी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीका (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026,
समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
डा. आँचल अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
कंसल्टेंट फिजिशियन
शिविर मे फ्री जाँचे
● HB ● TLC ● DLC ● Platelets ● S. Urea ● S.Creatinine ● PCV ● MCV ● MCHC ● S.Uric Acid ● S.ca ● S.Bilirubin ● S. Protein ● SGOT ● SGPT ● S.ALP ● RBS ● BMD ● PEFT
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में साथ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएँ 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

श्वांस रोग जागरूकता अभियान
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D., परामर्श फिजीशियन क्रिटिकल केयर
स्पेशलिस्ट-ब्लड प्रेशर, हृदय, श्वांस व गम्भीर रोगों का इलाज
पैकेज मात्र ₹1300/- परामर्श + ECG + PFT + Lipid Profile + RBS + Chest X-Ray
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली
9084307201, 9520340911
डॉ. नितिन अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

न्यूज ब्रीफ

घर में बन रही थी कच्ची शराब, युवक गिरफ्तार

पुवायां, अमृत विचार : पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर गांव कंजा में एक घर पर छापेमारी की गई। वहां एक युवक अवैध कच्ची शराब तैयार करता मिला। पुलिस ने मौके से अमित कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम कंजा थाना पुवायां को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण और लहन बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

मैरिज लान के बाहर से बाइक चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद के मोहल्ला प्रतापनगर निवासी रामकुमार वर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि एक सप्ताह पूर्व रात आठ बजे कस्बा में एक मैरिज लान में शादी में गया था। उन्होंने मैरिज लान के बाहर बाइक खड़ी कर दी और शादी में शामिल होने के लिए चले गए। वह दो घंटे बाद लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली। उन्होंने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

10वीं और 12वीं के मेधावी सम्मानित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : लोधीपुर स्थित जॉन नेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित समारोह में 10वीं व 12वीं के मेधावियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंडल सूची में स्थान पाने वाले व जिला टॉपर मेधावियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अंशुमान सिंह मैसी, एनटीआई ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश कुमार सिंह मैसी, सपना आशीष, एडवोकेट तसलीम खान, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन प्रधानाचार्य सुनीता द्विवेदी ने किया।

दो केंद्रों पर होगी डीएलएड परीक्षा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिले में डीएलएड परीक्षा दो केंद्रों पर होगी। द्वितीय व चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में 680 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल की प्राचार्य सोनिया गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के लिए जीआईसी व देवी प्रसाद इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है।13 से 15 मई के बीच द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा होगी। पहले दिन प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 और द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा दोपहर डेढ़ से साढ़े तीन बजे तक होगी।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रशिक्षण वर्ग में आत्मनिर्भर भारत पर मंथन

ब्रज प्रांत के चार जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच के प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में जिला स्तरीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग नौ और 10 मई को बजीरगंज (बदायूं), बरेली, बीसलपुर (पीलीभीत) और शाहजहांपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी विचारधारा, आत्मनिर्भर भारत और युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में स्वदेशी जागरण मंच शाहजहांपुर के महानगर संयोजक अरविंद मिश्र ने कहा कि स्व की भावना से ही स्वदेशी का भाव जागृत होता है। सभी को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कर राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने गांव-गांव में कुटीर उद्योग स्थापित कर युवाओं को उद्यमी बनाने पर जोर दिया। महानगर सह-संयोजक अवधेश दीक्षित ने कहा कि युवाओं को स्वदेशी विचारधारा के प्रति जागरूक करना जरूरी है। छोटे-

● युवाओं को उद्यमिता और कुटीर उद्योगों से जोड़ने पर दिया गया जोर

छोटे उद्यम स्थापित कर बेरोजगारी कम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य हर घर स्वदेशी और हर युवा उद्यमी बनाना है।

द्वितीय सत्र में बृज प्रांत की सह-महिला प्रमुख सावित्री शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने परिवार में स्वदेशी भावना जागृत करने का संकल्प लेना होगा। भारतीय संस्कृति के अनुरूप वस्त्र और संस्कार अपनाने से स्वदेशी अभियान को मजबूती मिलेगी। स्वावलंबी भारत अभियान बृज प्रांत के सह-समन्वयक अभिनव कश्यप ने सहकारिता के माध्यम से छोटे रोजगार स्थापित कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। वहीं बजीरगंज में क्रय-विक्रय समिति के सभापति देवपाल चौधरी ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से स्थानीय उत्पादकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान का भी उल्लेख किया।

अंतिम सत्र में स्वदेशी जागरण मंच बृज प्रांत के क्षेत्र संयोजक डॉ. अमितेश अमित ने कहा कि 22 नवंबर 1991 को स्थापित स्वदेशी जागरण मंच का उद्देश्य गलत आर्थिक नीतियों का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से उत्तर देना और आर्थिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, बल्कि राष्ट्र का संकल्प है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को स्थानीय और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान बदायूं में पुनीत कश्यप को जिला सह-संयोजक और शाहजहांपुर में अनुराधा अवस्थी को जिला महिला प्रमुख घोषित किया गया। शाहजहांपुर के आर्य महिला इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में करीब 45 कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सर्राफा व्यापारी पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूली के आरोप

खुदागंज, अमृत विचार : नगर के सर्राफा व्यापारी पर गिरवी रखे जेवरों के बदले मनमाने तरीके से चक्रवृद्धि ब्याज वसूलने का आरोप लगा है। गांव पहाड़ीपुर भोपत निवासी बृजेश गंगवार ने खुदागंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने वर्ष 2017 में 10 ग्राम सोने की झुमकी 22 हजार रुपये में गिरवी रखी थी। इसके बाद वर्ष 2018 में सोने की अंगूठी और चांदी की पायल भी गिरवी रखी। पीड़ित का आरोप है कि व्यापारी ने साधारण ब्याज की बात कही थी, लेकिन 10 मई 2026 को जेवर छुड़ाने पहुंचने पर कई गुना रकम मांगी गई। बृजेश ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं व्यापारी ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सामान वर्षों से सुरक्षित रखा गया है और नियमानुसार वापस किया जाएगा। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

क्रिकेट के ट्रायल 13 मई को

शाहजहांपुर अमृत विचार : क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सीनियर व अंडर 23 जिला स्तरीय पुरुष वर्ग क्रिकेट के ट्रायल 13 मई को शाम 4:00 बजे से कुभको फर्टिलाइजर मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के जिला कोआर्डिनेटर डॉ मनोज यादव ने देते हुए बताया कि। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने वाले खिलाड़ी ही इसमें शामिल हो सकते हैं।

अंतर्जनपदीय स्थानांतरण समायोजन की प्रक्रिया पूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में तबादले के नाम पर की गई मनमानी

अमृत विचार : जिले में कई दिनों से शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण और समायोजन संबंधित चल रही प्रक्रिया कोर्ट के आदेश पर पूरी कर ली गई है। उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में तबादले के नाम पर मनमानी सामने आई है। उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों की सूची एनआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जिसमें 87 विद्यालयों में एक भी शिक्षक तैनात नहीं है। जिले में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां छात्र संख्या शून्य है, लेकिन विभाग के रिकार्ड में वह विद्यालय दर्ज हैं। एनआइसी की वेबसाइट के अनुसार नगर क्षेत्र के छह प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जिनमें छात्र संख्या शून्य दर्ज की गई है। जबकि विद्यालय का नाम विभाग के रिकॉर्ड में है। शून्य संख्या वालों में भारद्वाजी दो, हद्दफ, तारीन टिकली, मतानी, सिंजई, भारद्वाजी प्रथम शामिल हैं। विकासखंड कलान में 25 विद्यालय ऐसे हैं जो शिक्षक विहीन हैं। जबकि प्राथमिक में ऐसा एक भी विद्यालय नहीं था। विकासखंड बंडा में सात, जैतीपुर, कांट, सिंधौली क्षेत्र में पांच, मीरानपुर कटरा, तिलहर में चार-चार विद्यालय ऐसे हैं जहां एक भी शिक्षक तैनात नहीं है। जलालाबाद में पांच, मदनापुर में नौ, मिर्जापुर में सात, नगर में एक, निगोही में तीन, पुवायां में सात व खुटार में दो विद्यालय शिक्षक विहीन है। तिलहर के छितीबोझी घनश्यामपुर में छात्र संख्या शून्य है। उच्च प्राथमिक के भी कई विद्यालय ऐसे हैं।

समायोजन के साथ इन विद्यालयों में भी जल्द नियमानुसार शिक्षकों की तैनाती होनी है। विकासखंड भावलखेड़ा व ददरौल में एक भी ऐसा विद्यालय नहीं हैं जो शिक्षक विहीन हो। दरअसल यह दोनों ब्लाक मुख्यालय से सटे हुए हैं, जिस वजह से शिक्षक इन क्षेत्रों के विद्यालयों में तैनाती को प्राथमिकता देते हैं।

आपत्तियां आने के बाद स्पष्ट होगी स्थिति

प्रभारी बीएसए सुरेंद्र मौर्य ने बताया कि दो दिन पहले वेबसाइट पर उच्च प्राथमिक विद्यालयों की सूची अपलोड कर दी गई है। 14 मई तक आपत्तियां आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी। जिन विद्यालयों में संख्या शून्य दिख रही है। वहां के छात्र-छात्राओं को पड़ोस के विद्यालय में भेजा गया है।

शिक्षक मुबीन सिद्दीकी को मिला अंतर्राष्ट्रीय सृजन साहित्य रत्न सम्मान

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

मोहम्मद मुबीन सिद्दीकी।

● कंपोजिट विद्यालय बरमौला अर्जुनपुर में तैनात हैं शिक्षक

अमृत विचार : कंपोजिट विद्यालय बरमौला अर्जुनपुर विकासखंड भावलखेड़ा शाहजहांपुर के शिक्षक मोहम्मद मुबीन सिद्दीकी को अंतरराष्ट्रीय सृजन साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया।

अंतरराष्ट्रीय साहित्य संस्था, सृजन अंतरराष्ट्रीय कला साहित्य संस्कृति अयोध्या द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक समागम लखनऊ 2026 पुस्तक लोकार्पण / शैक्षिक संगोष्ठी/ सम्मान समारोह में कंपोजिट विद्यालय बरमौला अर्जुनपुर विकासखंड भावलखेड़ा शाहजहांपुर के सहायक अध्यापक युवा लेखक व कवि मोहम्मद मुबीन सिद्दीकी को संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक हिंदी हमारी पहचान में प्रकाशित आलेख राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के लिए अंतरराष्ट्रीय सृजन साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

मुबीन सिद्दीकी उर्दू हिंदी दोनों भाषाओं में लिखते हैं। मुबीन सिद्दीकी की रचनाएँ शोधपत्रों कविताएं हिंदी उर्दू पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं।

मुबीन को सृजन साहित्य रत्न सम्मान मिलने पर प्रो. मोहम्मद अरशद खां, प्रो. मोहम्मद साजिद खां, प्रोफ़ेसर गुलाम अशरफ कादरी, असिस्टेंट प्रोफेसर तजम्मुल हुसैन, असिस्टेंट प्रोफेसर तौसीफ बरेलवी, डॉ. रूबी ताहिर, कुलदीप विश्वकर्मा, अब्दुल उबैद सिद्दीकी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

अयोध्या कांड का वर्णन सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता, खुटार

सिल्हुआ गांव में नौ दिवसीय रामकथा में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सिल्हुआ गांव में ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित के आवास पर चल रही नौ दिवसीय रामकथा में संत रमेश शुक्ला के मुखार बिंदु से श्री रामचरित मानस के बालकाण्ड के समापन के उपरांत अयोध्या कांड का वर्णन सुनाया गया। जिसे सुनकर श्रोता गण मंत्रमुग्ध हो गए।

कथा व्यास संत रमेश शुक्ल द्वारा ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब तें रामु ब्याहि घर आए, नित नव मंगल मोद बधाएं'' प्रभु श्री राम व माता जानकी के साथ अयोध्या वापस आए उस दिन से अयोध्या में चारों तरफ बधाई बज रही है। चारों तरफ मंगलमय परिवेश है। खुशहाली की बयार बह रही है। लोग धन धान्य व रिद्धि

● पंडाल में जय श्री राम के जय घोष से वातावरण हुआ भक्तिमय

सिद्धि से परिपूर्ण है चारों तरफ मंगल गीत गए जा रहे है। सभी सुखी व प्रसन्न है। भावपूर्ण कथा का प्रसंग सुन भक्त भावविभोर हो गए। कथा पंडाल में श्री राम के जय घोष से पूरा कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह, प्रशांत पटेल, जिला महामंत्री जीवेंद्र गुप्ता, सुखदेव सिंह, जयशंकर अवस्थी, विजय शंकर अवस्थी सोनू, निर्भय मिश्र, गुरनाम सिंह, प्रदीप सिंह, अखिलेश मिश्र, राजश्री शुक्ला, रामप्रकाश मिश्र, राजनरायन मिश्र, मुनीश राठौर, मानू भारती, गोविंद राठौर, सतनाम सिंह सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया।

लव मैरिज के बाद युवती के परिजनों ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● युवक के परिवार के तीन लोग घायल, एक गंभीर

अमृत विचार : कांट क्षेत्र में प्रेम विवाह के बाद युवती के परिजनों ने युवक के परिवार वालों पर हमला कर दिया। परिवार के तीन लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सरथौली निवासी रीना सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 25 जनवरी को उसके देवर रंजीत सिंह ने एक युवती से प्रेम-विवाह कर लिया था। युवती के पिता ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने यूवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने युवती को स्वतंत्र बताया था। इसके बाद युवती अपने पति रणजीत सिंह के साथ रहने लगी थी। आरोप है कि युवती के परिवार वाले इस प्रेम-विवाह से रंजिश मानने लगे थे और गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी दिया करते थे। आरोप है कि युवती के परिवार वाले गांव से पलायन करने को मजबूर कर रहे थे। ससुर का भूसा खेत पर पड़ा था और आरोपी भूसा उठाने नहीं दे रहे थे। उसके ससुर 01 मई को खेत पर भूसा लेने के लिए गए तो आरोपियों ने उसके ससुर पर हमला कर दिया ओर गांव छोड़ने के लिए कहा। गांव न छोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद 05 मई को पीड़िता के चचिया ससुर, पति और ससुर खेत पर भूसा भर रहे थे तो आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सूर्य प्रताप सिंह समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित पिता के अनुसार 9/10 मई की रात करीब दो बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को सतेंद्र पुत्र मातादीन उर्फ बाबूराम निवासी ग्राम माधोपुर थाना खुटार बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। बताया गया कि परिजन आरोपी युवक के घर भी पहुंचे, लेकिन वहां ताला लगा मिला। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवीन मंडी समिति परिसर में प्रदर्शन करते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, तिलहर,

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। नवीन मंडी समिति परिसर में पंचायत के दौरान मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह ने यूरिया खाद की किल्लत दूर करने, पर्ची व्यवस्था सरल बनाने और किसानों को खाद के लिए परेशान न करने की मांग उठाई।

किसान नेताओं ने छुट्टा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान पर रोक लगाने और जैतीपुर हाइडिल की बिजली क्षमता बढ़ाने की मांग की। जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह लाली ने मंडियों में किसानों से कथित कटौती और अवैध वसूली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान संदीप सिंह, रवि प्रजापति, बलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, देवेंद्र पाल सिंह और गोविंद वर्मा मौजूद रहे।

परिवार परामर्श केंद्र में तीन दंपती में हुआ समझौता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रोजा, कटरा और सिंधौली क्षेत्र के दंपती के विवाद आपसी सहमति से निपटे

अमृत विचार : एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में 15 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। इस दौरान तीन दंपतियों के बीच समझौता कराया गया। समझौते के बाद तीनों दंपतियों को साथ रहने की सहमति के साथ परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

थाना रोजा क्षेत्र के एक दंपति, जिनका विवाह करीब 14 वर्ष पहले हुआ था, के बीच जेवर गिरवी रखकर जूस मशीन खरीदने को लेकर विवाद हो गया था। महिला 10 दिन से मायके में रह रही थी। दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया गया, जिसके बाद वे साथ रहने को तैयार हो गए। कटरा क्षेत्र के एक दंपति के बीच भी विवाद चल रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि उसके दो बच्चों को ससुराल पक्ष ने अपने पास रखा है और पति उसकी बात नहीं मानते। वहीं पति ने पत्नी पर दूसरे युवक से बात करने का आरोप लगाया। समझाने के बाद दोनों साथ रहने को राजी हो गए।

सिंधौली क्षेत्र के एक दंपति में मायके में शादी में जाने को लेकर विवाद हुआ था। महिला 20 दिन से अपनी बुआ के घर रह रही थी। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को समझाने के बाद समझौता हो गया। इस दौरान प्रभारी मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, सिपाही मोनिका कुमारी, मोनिका रानी और आरक्षी साकेत मौजूद रहे।

कुत्तों के हमले में हिरण घायल, बचाई जान

संवाददाता, तिलहर

घायल हिरण का उपचार करते ग्रामीण और वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

● फतेहपुर गैसरा गांव के सुनील ने कुत्तों को खदेड़कर हिरण का किया उपचार

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर गैसरा में सोमवार देर शाम आवारा कुत्तों के हमले में एक हिरण घायल हो गया। हिरण पर कुत्तों के हमले की जानकारी फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण सुनील यादव ने कुत्तों को ललकार कर वहां से खदेड़ दिया और घायल हिरण की जान बचाई।

ग्रामीण सुनील यादव ने घायल हिरण को अपने संरक्षण में लेकर उसके घावों पर दवा लगाकर प्राथमिक उपचार किया। इस दौरान गांव के काफी लोग मौके पर जमा हो गए। हिरण के घायल होने की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर अजय सिंह ने वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा।

वन विभाग कर्मचारी संदीप मिश्र अपने सहयोगी के साथ मौके पर पहुंचे और घायल हिरण को अपने संरक्षण में ले लिया। डिप्टी रेंजर अजय सिंह ने बताया कि हिरण का प्राथमिक उपचार कराया गया है। उसे दो से तीन दिन तक पौधशाला में निगरानी में रखा जाएगा और हालत में सुधार होने पर वापस जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

सेल्समैन पर सात लाख रुपये हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर,

● थोक और फुटकर विक्रेता ने पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार: चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी मोहम्मद तारिक ने दी गई तहरीर में बताया कि वह कास्मेटिक व अन्य उत्पादों को थोक और फुटकर विक्रेता है।

उसका प्रतिष्ठान बिजलीपुरा मोहल्ले में है। उसकी फर्म पर करीब पिछले आठ माह से एक कर्मचारी रहमान सिद्दीकी उर्फ राजा निवासी काशीराम कालोनी चौक कोतवाली कार्यरत है। वह सेल्समैन के पद पर है ओर आठ हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता है। सेल्समैन फर्म से माल लेकर दुकानदारों पर सेल् करता है और पैसे का कलेक्शन करके लाकर देता है। पिछले कुछ माह से सेल्समैन अधिक माल ले जा रहा था और कलेक्शन कम लाकर देता था। आरोप है कि 19 मार्च को सेल्समैन रहमान 41 हजार रुपये का माल ले गया और वापस नहीं आया। उन्होंने राजा को फोन किया तो मोबाइल स्वीचआफ था। आरोप है कि उसके ऊपर सात लाख रुपये का पेमेंट बकाया है। आरोपी के परिवार वालों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने राजा समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

सोमनाथ मंदिर की गौरवगाथा और सनातन संस्कृति का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● विकास भवन सभागार में मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

● जनप्रतिनिधियों और अफसरों की मौजूदगी में दिखाया प्रसारण

अमृत विचार : विकास भवन सभागार में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम श्रद्धा, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों ने सोमनाथ मंदिर की गौरवगाथा का स्मरण करते हुए आस्था और स्वाभिमान का संदेश दिया। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थित सभी शिवालय परिसरों में स्वच्छता, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की समुचित व्यवस्था कराई गई थी।

इस दौरान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग से प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम और वाराणसी में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुए आयोजन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। श्रद्धालुओं ने इसे श्रद्धा और उत्साह के साथ देखा। साथ ही जिला, तहसील और विकास खंड स्तर पर स्थित शिवालयों में जनभागीदारी के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

वक्ताओं ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत के आत्मगौरव, संघर्ष, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। गुजरात के प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर भारतीय सभ्यता की अटूट श्रद्धा और पुनर्जागरण का जीवंत प्रतीक है, जिसने सदियों से देशवासियों को आत्मबल व एकता का संदेश दिया है।

न्यूज ब्रीफ

पहले चोरी का लगाया आरोप, घर के दरवाजे पर फरसे से किया वार

विजय नगला, अमृत विचार : मामूली कहासुनी में युवक को लाठी-डंडों से पीटकर और फरसा से वार करके घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव रिजोली निवासी गुड्डू पुत्र बलिस्टर ने थाने पर तहरीर दी कि 24 अप्रैल को 11 बजे वह खेत पर थे। गांव के नेत्रपाल ने उन पर हसिया चोरी करने का आरोप लगाया। इसके बाद गुड्डू अपने घर पर आ गए। नेत्रपाल अपने तीन साथियों के साथ लाठी डंडा और फरसा लेकर उनके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। गुड्डू ने विरोध किया तो उन लोगों ने मारपीट की और फरसा से वार किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

सखामई टीम ने छह विकेट से दर्ज की जीत

करियामई, अमृत विचार : विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के गांव करियामई में शिव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन लीग मुकाबला सखामई बनाम वसंत नगर के मध्य खेला गया। जिसमें बसंत नगर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुना। टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 93 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी सखामई की टीम ने 12 ओवर में चार विकेट खोकर 6 विकेट से जीत दर्ज की। इस मौके पर आशीष चौधरी, प्रदीप यादव, मुन्ना यादव, विनोद ऑपरेटर, तरुण पाराशरी, सुधांशु उपाध्याय, देव गुप्ता, अमित शर्मा सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

कमलकांत का हुआ तबादला, तौसीफ रजा बने नए सीजेएम

बदायूं, अमृत विचार : उच्च न्यायालय इलाहाबाद के नोटिफिकेशन के अनुसार सीजीएम कमलकांत का स्थानांतरण अलीगढ़ हो गया है। तौसीफ रजा फिर से सीजेएम बनाए गए हैं। वहीं सिविल जज सीनियर डिवीजन साक्षी गर्ग का स्थानांतरण भी अलीगढ़ हुआ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन तिवारी को फिर से सिविल इंजीनियर डिवीजन बनाया गया। नावेद मुजफ्फर ए सीजेएम तौसीफ रजा का स्थान ग्रहण करेंगे। अचला राना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बनी हैं।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकाली शोभायात्रा, किया जलाभिषेक

हर्षोल्लास, श्रद्धा भाव व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया पर्व, राजकीय महिला महाविद्यालय से बिरुआबाड़ी मंदिर तक निकाली गई यात्रा

स्वाभिमान पर्व के मौके पर बिरुआ बाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करती महिलाएं।

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत शहर से लेकर तहसील, विकास खंड और नगर निकाय स्तर पर हर्षोल्लास, श्रद्धा व गरिमा के साथ ज्योतिर्लिंग पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज से शोभायात्रा निकाली गई। बिरुआ बाड़ी मंदिर पर कलश यात्रा का समापन हुआ, जहां महिलाओं ने जलाभिषेक किया। महिलाओं को सोमनाथ मंदिर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वाराणसी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि सोमनाथ मंदिर भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। एक हजार साल के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी सोमनाथ आज हमारे आत्मसम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को गरिमामयी व श्रद्धा भाव से मनाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लाक स्तर व नगर निकायों के स्तर पर विभिन्न मंदिरों (शिवालयों) में स्वच्छता अभियान, मंत्रोच्चार, ओंकार जप, रुद्राभिषेक, महाआरती आदि कार्य व कार्यक्रम किए गए। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ में रुद्राभिषेक किया और विधिवत पूजा अर्चना की। वाराणसी में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संकल्प महोत्सव का भव्य आयोजन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में हुआ।

जिला मुख्यालय पर बिरुआ बाड़ी मंदिर, गौरी शंकर मंदिर और निकायों के मंदिरों के शिवालयों पर विभिन्न कार्यक्रम आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय की ओर से मुख्यालय पर एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, सभी तहसीलों में एसडीएम, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों को नोडल नामित किया गया था। बिरुआ बाड़ी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला, बदायूं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

तहसील शिवालय पर किया गया पूजन-अर्चन, अधिकारी भी हुए शामिल

बिसौली, अमृत विचार : सोमवार को बिसौली तहसील परिसर में बने मंदिर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। नगर पालिका द्वारा नगर के अन्य मंदिरों पर भी सुबह से ही सफाई अभियान चलाया गया। सोमवार सुबह की बेला में तहसील मंदिर पर एसडीएम, तहसीलदार, सीओ, नगर पालिका चेयरमैन व ईओ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सविता शर्मा के साथ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूजन किया और वाराणसी में मुख्यमंत्री के पूजन कार्यक्रम को ऑनलाइन देखा।

महाकालेश्वर मंदिर में हर-हर महादेव की गूंज, किया गया रुद्राभिषेक

बिल्सी, अमृत विचार : नगर बिल्सी के मुख्य बाजार स्थित ऐतिहासिक श्री महाकालेश्वर कुटी मंदिर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। एसडीएम राजेश कुमार सिंह व नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव ने भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग पर दूध, दही, गंगाजल और शहद अर्पित किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। मंदिर के मंहत मुन्ना लाल ने विशेष पूजा-अर्चना और आरती संपन्न कराई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। एसडीएम ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस दौरान सिटी लेखपाल सूरज कुमार भारती, युधिष्ठिर सिंह, निशांत वार्ष्णेय, राजू सागर, पंकज जैन और मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

निःशुल्क चॉक के लिए 30 मई तक करें आवेदन

बदायूं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग विभाग की ओर से संचालित निःशुल्क माटीकला टूल किट योजना के अंतर्गत टूल्स किट्स वितरण किया जा रहा है। जिसमें प्रजापति समाज के परंपरागत कारीगर व स्वरोजगार में रुचि रखने वाले युवक व युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्हें आधुनिक निशुल्क माटी कला इलेक्ट्रॉनिक चॉक के लिए विभाग की वेबसाइट https://upmatikalaboard.in की ऑनलाइन आवेदन 30 मई तक करने हैं। चयन विभाग की ओर से गठित कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें माटी कला कामगारों या परंपरागत कारीगरों, आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़े, बीपीएल परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जाएगी। उम्र 18 वर्ष कम और 50 वर्ष से अधिक न हो।

सीएमओ का किया घेराव, मांगा रुका हुआ मानदेय

- भुखमरी से जूझ रहीं आशा, बात नहीं सुन रहे अधिकारी
- ब्लॉक उझानी की आशा-संगिनी को मार्च से नहीं मिला मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने से भुखमरी से गुजर रहीं आशा-संगिनी ने सोमवार को सीएमओ का घेराव किया। कहा मानदेय के साथ ही उनके कई मदों का पैसा रुका हुआ है जिससे वह परेशान हैं। सीएमओ ने आश्वासन दिया के मई के अंत तक उनका भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ लेने को खाते खुलवाएं तभी पैसा दिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा और संगिनी को मानदेय तथा अन्य कई मदों का भुगतान किया जाता है। लेकिन पिछले तीन महीने से आशा संगिनी का मानदेय एवं अन्य मदों का पैसा नहीं दिया गया है जिससे उनके परिवार भुखमरी की स्थिति में हैं। सोमवार को उझानी ब्लॉक की करीब डेढ़ सौ आशा और संगिनी सीएमओ कार्यालय पहुंचीं। आशा बहनों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करने के साथ ही सीएमओ का घेराव किया। आशा और संगिनी ने कहा कि हर बार उन्हें केवल आश्वासन दिया जाता है, उनका मानदेय नहीं दिया जाता है। आशा कल्पना पटेल ने कहा कि तीन महीने से न तो मानदेय दिया गया है और न ही जेएसवाई का भुगतान किया गया है जिससे उनके परिवार भुखमरी की स्थिति से गुजर रहे हैं। कल्पना ने कहा कि पिछले दिनों उन लोगों ने सीएचसी उझानी पर प्रदर्शन किया था। तब भी उन्हें केवल आश्वासन ही दिया गया। एक महीना बीत जाने के बाद भी उनका मानदेय नहीं दिया गया है। आशा और संगिनी ने आरोप लगाया कि सीएचसी पर उनके साथ अभद्रता की जाती है। डॉक्टरों द्वारा उनको अपमानित किया जाता है। स्टाफ के लोग उनकी बात नहीं सुनते हैं जिससे वह लोग परेशान होते हैं।

सीएमओ डा. श्री मोहन झा ने आश्वासन दिया कि मई माह के अंत तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का पैसा आ जाएगा उसके बाद उनका भी भुगतान कर दिया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि यह समस्या हर ब्लॉक पर है। महिलाएं परेशान हो रहीं हैं। आशा और संगिनी को समय पर पैसा नहीं मिलने से उन लोगों को परेशानी हो रही है। अब इसी महीने के अंत तक उनका भुगतान करा दिया जाएगा। घेराव में शिवानी, जीनत, मीना, आशा कोमल, संगीता सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

जननी सुरक्षा योजना में खोलें बैंक खाते : जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसूता को 14 रुपये दिए जाते हैं। लेकिन 50 प्रतिशत प्रसूताओं को उक्त धनराशि नहीं दी गई। इसको लेकर सीएमओ ने साफ कहा कि जिन प्रसूताओं के बैंक में खाते नहीं हैं या फिर उनका आधार बैंक में खाते से लिंक नहीं है उन्हें यह राशि नहीं मिल सकती है। आशा, संगिनी पहले गर्भवती का बैंक में खाता खुलवाएं उसके बाद उसे सीएचसी या जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराएं तभी उसको योजना का लाभ दिया जाएगा।

सीएमओ का घेराव करती आशा संगिनी। ● अमृत विचार

ब्लॉक पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप

ब्लॉक जगत की आशा और संगिनी ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया था कि उनके द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में किए गए कामों का पैसा नहीं दिया जाता है। ब्लॉक पर जिम्मेदार लोग अवैध वसूली करते हैं इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। आशा संगिनी संगठन की जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने इस मामले को लेकर सीएमओ को पत्र भी लिखा था लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिससे ब्लॉक जगत की आशा और संगिनी भी परेशान हैं।

वीडियो वायरल पुलिस की कार्रवाई को बताया गलत

कुंवरगांव: थाना कुंवरगांव पुलिस की एक कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। गांव पनौटा निवासी कृपाल पुत्र टोडी ने पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने गलत तरीके से उन पर शराब संबंधी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। युवक ने पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया। युवक का कहना है कि पुलिस ने उसको कसेर स्थित शराब ठेके के पास से शराब पीते हुए पकड़ा था। आरोप है कि पुलिस उन्हें थाने ले गई और एक घंटे तक बैठाए रखा। शाम के समय पुलिसकर्मी उन्हें साईं मंदिर के पास ले गए। जहां उसके हाथ में एक थैला पकड़ाकर भागते हुए वीडियो बनाई। उस वीडियो के आधार पर उनसे 15 पौवा शराब की बरामदगी दिखाई और रिपोर्ट दर्ज कर दी।

बेहोश होकर गिरे लाइन में लगे मरीज, क्षय रोगियों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : टीवी के मरीजों को लाइन में घंटों तक लगाया गया जिससे मरीज बेहोश होने लगे। मरीजों का गुस्सा फूट पड़ा और फिर भारी हंगामा किया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने मरीजों को फटकार लगाते हुए लाइन में लगे रहने को कहा। बेकाबू भीड़ के आगे डाक्टर भी बेबस नजर आए।

सोमवार को जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग सेंटर पर सुबह नौ बजे से मरीजों की भीड़ जुट गई। दस बजे तक करीब दो सौ मरीज ओपीडी के बाहर जमा हो गए। देर तक डॉक्टर के न बैठने पर कुछ मरीज वापस लौट गए जबकि अधिकांश मरीज लाइन में लगे रहे। जब डॉक्टर विनेश कुमार ने मरीजों को देखना शुरू किया तो मरीज फिर बेकाबू हो गए। ओपीडी में जल्दी पहुंचने को लेकर धक्का मुक्की होने लगी। जिससे कुछ मरीज बेहोश हो गए। खांसी से परेशान मरीजों को अलग बिठा दिया गया। डा. विनेश कुमार ने बाहर निकल कर फटकार लगाई और लाइन में खड़े रहने को कहा, लेकिन मरीज नहीं माने। दोपहर 12 बजे हंगामा होने के बाद डाक्टर ने तेजी से मरीजों को निपटाया लेकिन भीड़ खत्म नहीं हुई। आज भीड़ में सबसे अधिक मरीज बलगम की जांच कराने वाले थे साथ ही पुराने मरीज दवा लेने की जल्दी में हंगामा करते रहे।डा. विनेश कुमार ने बताया कि हर सोमवार को ऐसी ही स्थिति रहती है।

क्षय रोग केंद्र पर तीन महीने से नहीं मिला वेतन, कर्मी परेशान

जिला क्षय रोग केंद्र पर कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है जिससे वह लोग परेशान हैं जबकि टीवी मरीजों को मिलने वाला डीबीटी का पैसा एक साल से नहीं दिया गया है। हर दिन मरीज अपना खाता चेक करने आते हैं। खाते में पैसा नहीं आने पर हंगामा करते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि शासन से पैसा नहीं मिलने के कारण डीबीटी का पैसा नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों का वेतन भी कई महीनों से नहीं मिला है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को देखते डॉक्टर। ● अमृत विचार

हंगामा कर रहे मरीजों को समझाते डा. विनेश कुमार। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में क्षय रोगियों की भीड़ हुई बेकाबू
- ओपीडी में मरीजों की भीड़ के आगे बेबस दिखे डॉक्टर

जिला अस्पताल में बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों की रही भीड़

बदायूं : सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। बुखार-टाइफाइड के मरीज अधिक रहे। करीब 12 सौ से अधिक मरीजों को अलग-अलग ओपीडी में देखा गया। रविवार के बाद खुले अस्पताल में सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो गया। पर्चा काउंटर पर करीब दो सौ से अधिक मरीजों ने लाइनों में लग कर पर्चे बनवाए। उसके बाद मरीज ओपीडी के बाहर लाइन में लगे। तीन जगहों पर लाइन में लगने के बाद मरीजों को दवा मिल सकी। ओपीडी आठ में डा. सोहेल खान ने बताया कि आज उल्टी दस्त और टाइफाइड के दो सौ से अधिक मरीजों को एक बजे तक देखा। इनमें कुछ गंभीर मरीजों को भर्ती भी किया गया। उल्टी-दस्त के शिकार मरीजों को ओआरएस के पैकेट भी दिए गए। उन्होंने कहा कि इस समय अधिक गर्मी के चलते लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। साथ ही उल्टी दस्त के शिकार हो रहे हैं। इसलिए धूप-गर्मी से बचने की जरूरत है। डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि अब बुखार के मरीज अधिक संख्या में आ रहे हैं।

सोरों-बितरोई के बीच 120 की गति से दौड़ सकेगी रेलगाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर प्रथम दिन बितरोई-मानपुर नगरिया रेलखंड पर रेल संरक्षा आयुक्त, परिमंडल पूर्वोत्तर रेलवे प्रणजीत सक्सेना द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रमुख मुख्य इंजीनियर नीलमणि, मुख्य ब्रिज इंजीनियर राजीव वर्मा एवं अन्य प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर मनोज कुमार सहित मंडल के अधिकारी मौजूद रहे।

रेल संरक्षा आयुक्त, प्रणजीत सक्सेना ने ओएमएस. स्पेशल से बितरोई-मानपुर नगरिया रेलखंड के मध्य किमी 398,8-399,13 पर मेजर पुल संख्या 410 के संरक्षा निरीक्षण के उपरांत एसईजे. प्वाइंट संख्या 41 व 42 का गहन निरीक्षण करते हुए मानपुर नगरिया स्टेशन पहुंचे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि रेल संरक्षा आयुक्त ने स्पेशल ट्रेन से सोरों से बितरोई रेलखंड का स्पीड ट्रायल 120 किमी घंटे की अधिकतम रफ्तार से सफलतापूर्वक पूरा किया। अब इस खंड ट्रेनों की गति और बढ़ाई जा सकेगी।

ट्रैक का निरीक्षण करते रेलवे अधिकारी।

गंभीर हालत में कोतवाली पहुंची महिला, पति पर लगाए आरोप

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : सोमवार को बिसौली नगर की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी तीन बच्चों की मां गंभीर हालत में एंबुलेंस से कोतवाली पहुंची। उसके शरीर और आंखों पर चोट के निशान थे। महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव बरीपुरा निवासी कल्पना सिंह की शादी साल 2013 में बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी एक युवक के साथ हुई थी। जो व्यापारी हैं। कल्पना सिंह ने बताया कि शुरुआत में सब कुछ सामान्य था लेकिन फिर उनके पति का एक दूसरा ही रूप सामने आने लगा। पति लगातार उन्हें प्रताड़ित करने लगा। महिला ने कई बार पति की प्रताड़ना की शिकायत की लेकिन पति के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि पति की अन्य महिलाओं से दोस्ती है। महिला ने बताया कि उनकी दो बेटी और एक बेटे का भी भविष्य पति की इन करतूतों से बर्बाद हो रहा है। कोतवाली में एंबुलेंस में दर्द से कराहती कल्पना का एक पैर बहुत जख्मी दिख रहा था। जिसपर प्लास्टर चढ़ा हुआ था। चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान साफ नजर आ रहे थे। महिला ने पति पर जान से मारने की नीयत से छत से धक्का देने का आरोप लगाया। महिला के साथ उसकी मां और भाई-भाभी भी थे। पुलिस ने महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

महिला के चेहरे पर चोट के निशान।

महिला के साथ मौजूद मां, भाई-भाभी।

- पीड़िता के शरीर और चेहरे पर थे चोट के निशान, पति पर मारने का आरोप

तकनीकी खराबी से दिनभर ठप रही पेयजल आपूर्ति

बिल्सी : नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित पेयजल व्यवस्था सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते दिनभर प्रभावित रही। इससे नगर के विभिन्न मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। सुबह से ही पानी न आने के कारण लोगों को घरेलू कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। नगर आज सुबह पालिका के नलकूप संख्या एक और दो में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच पानी की सप्लाई बंद होने से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों ने निजी साधनों से पानी की व्यवस्था की। नगर पालिका के जलकल प्रभारी युधिष्ठिर सिंह ने बताया कि सुबह नलकूपों में तकनीकी खराबी आने के कारण पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो सकी।

विरोध प्रदर्शन | महिला आरक्षण विरोधी मानसिकता के खिलाफ सड़कों पर उतरीं महिलाएं

आरक्षण के मुद्दे पर सपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2029 से लोकसभा व राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विधेयक लाई। लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों की वजह से यह विधेयक संसद में पास नहीं हो सका। जिसके विरोध में महिलाओं ने प्रदर्शन शुरू किया है। महिलाओं ने विपक्षी दलों के इस कृत्य को महिलाओं के अधिकारों व सम्मान के प्रति उनकी नकारात्मक मानसिकता बताया। जिसके चलते महिलाओं ने जन आक्रोश अभियान छेड़ा है। जिसके अंतर्गत लगातार दूसरे दिन महिलाओं ने सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के पास लक्ष्मीबाई चौक पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और सपा के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा की महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री रेनू सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने का कार्य कर रही है, लेकिन विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। बिल्सी नगर पालिका चेयरमैन ज्ञानवती सागर ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को सम्मान और अधिकार देने वाला है। भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर सिर्फ राजनीति करने का कार्य करता रहा है। भाजपा जिला मंत्री आरती कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। महिला आरक्षण विधेयक भी उसी दिशा में एक बड़ा कदम था लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रोकने का प्रयास किया है। विरोध प्रदर्शन में सीमा राठौर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमिता उपाध्याय, जिला मंत्री रचना शंखधार, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रजनी मिश्रा, करुणा सोलंकी, जया साहू, छाया शर्मा, रेखा उपाध्याय, वंदना शर्मा, ममता वर्मा जी, पूनम शर्मा, ममता वाल्मीकि, रेनू वाल्मीकि, गुड्डी राजपूत, प्रवेश सिन्हा, नीलू मिश्रा आदि शामिल रहीं।

अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन सपा के खिलाफ नारेबाजी करती महिलाएं।

- आरक्षण विरोध पर सपा, कांग्रेस व अन्य दलों के खिलाफ भाजपा से जुड़ीं महिलाओं ने की नारेबाजी

न्यूज ब्रीफ

करंट लगने से अधेड़ की गई जान

बदायूं। सहसवान कोतवाली क्षेत्र में खेत पर मक्का की फसल की सिंचाई के बाद मोटर की स्विच बंद करने के दौरान अधेड़ को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। सहसवान कोतवाली के गांव अलीपुर टप्पा हवेली निवासी राम सिंह (55) पुत्र मुकुंदी सोमवार भोर चार बजे मक्का की फसल की सिंचाई करने के बाद स्विच बंद करने के लिए नलकूप पर गए थे। स्विच बंद करने के दौरान उन्हें करंट लग गया।

कोर्ट में मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव

बदायूं। कोर्ट परिसर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव मिला। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोर्ट परिसर के गार्द रूम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुधीर रहते थे। सोमवार की शाम उनका शव पुराने कमरे में मिला। अधिवक्ताओं ने बताया कि सुधीर की तैनाती कुछ समय पहले तक सहसवान में थी। लेकिन उनका स्थानांतरण बदायूं हो गया था। उनका परिवार सहसवान में ही रहता था।

डीएम, एसएसपी ने जाना घायलों का हाल

बदायूं। थाना मूसाझाग क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर कानपुर से लुधियाना जा रही बस हादसाग्रस्त हो गई थी। बस में सवार 107 में से 6 यात्री घायल हो गए थे। जबकि एक यात्री की मौत हो गई थी। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। दो घायलों का इलाज चल रहा है। डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

मिट्टी लोडिंग मशीन को लेकर मारपीट, रिपोर्ट

विजय नगला। मिट्टी लोडिंग मशीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें एक युवक घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव रुखड़ा खौला निवासी जसवीर पुत्र राम सहाय ने बताया कि उनके पास मिट्टी उठाने वाली एक मशीन है। जिसमें गांव निवासी अनोखे पार्टन है। रविवार को अनोखे ने उनके साथ गाली-गलौज की और मशीन को ट्रैक्टर से ले जाने लगे।

तटबंधों की मरम्मत कार्य 50% पूरा

चंदनपुर बांध पर लगाए गए दो-दो स्पर, सुरक्षित करने को डाला जा रहा पत्थर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मानसून की बारिश में बाढ़ की विभीषिका से बचाने को बाढ़ खंड गंगा पर बने तटबंधों की मरम्मत कर रहा है। अभी तक करीब पचास प्रतिशत मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष कार्य 20 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

जनपद में गंगा करीब 95 किमी दायरे से होकर गुजरती है। महावा नदी से लेकर उसहैत तटबंध तक पांच स्थानों पर बांध बनाए गए हैं जबकि दो प्वांइट रामगंगा नदी के किनारे हैं जिनकी मरम्मत भी बाढ़ खंड द्वारा हर साल की जाती है। बाढ़ खंड को अप्रैल माह में शासन से बांधों की मरम्मत को धन स्वीकृत किया गया। धन मिलने के बाद बाढ़ खंड ने अपनी कार्य योजना पर काम करना शुरू कर दिया।

जिसके तहत महावा नदी के 14 किमी लंबे तटबंध पर जियो बैग लगाए जा रहे हैं। साथ ही गंगा के अंदर स्पर तैयार किए जा रहे हैं। बांध के निचले हिस्से पर पत्थर डाला जा रहा है जिससे बाढ़ के समय बांध पानी के बहाव को रोक सके। दूसरा तटबंध कछला से आगे हुसेनपुर चंदनपुर गांव पर है जहां गंगा के किनारे मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

उसहैत तटबंध पर बनाए जा रहे स्पर। ● अमृत विचार

● उसहैत असमिया रफतपुर बांध पर तैयार हो रहे जियो बैग

यहां पर भी नदी के अंदर बांध पर पत्थर डाला जा रहा है। बांध को कटने से रोकने को जियो बैग लगाए गए हैं। इस क्षेत्र में बांध निचले स्थान पर होने के कारण बारिश में पूरा इलाका भर जाता है जिसके बाद बांध से पानी टकराता है। इसलिए इस बांध को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

उसहैत क्षेत्र के ग्राम असमिया रफतपुर में गंगा किनारे बांध पर दोहरा पत्थर लगाया गया है। इस बांध को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

पीछे से आने वाला पानी इसी बांध से होकर आगे को निकलता है इसलिए इस बांध की मरम्मत को लेकर बाढ़ खंड पुख्ता कार्ययोजना तैयार करता है। बाढ़ खंड की उक्त परियोजना को पूरा करने को 20 जून तक का समय दिया गया है। उधर दातागंज क्षेत्र में ग्राम गोटिया पर भी बाढ़ का पानी रोकने को अस्थायी बांध तैयार किया जाता है। हजरत पुर क्षेत्र में रामगंगा के इर्द गिर्द के गांवों को बाढ़ से सुरक्षित रखने को कुछ स्थानों पर काम किया जाता है।

> बाढ़ खंड 20 जून तक सभी तटबंधों की मरम्मत पूरी कर देगा। शासन से मिले निर्देश के बाद मरम्मत कार्य में तेजी लाई गई है जिससे अब तक करीब पचास प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। बांधों की मरम्मत कार्य का अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं।
> **-नेशपाल, सहायक अभियंता,** बाढ़ खंड।

कई ठेकेदारों को दिया गया है बांध की मरम्मत का कार्य

बाढ खंड ने करोड़ों से होने वाले मरम्मत कार्य को अलग-अलग ठेकेदारों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें पत्थर लगाने का कार्य एक बड़े ठेकेदार को दिया गया है। करीब बीस ट्रक पत्थर आगरा से लाया गया है जो जगह-जगह डाला जा रहा है। इसके साथ ही जियो बैग तैयार करने का काम दूसरी एजेंसी को दिया गया है। जियो बैग लगाने वालों को निर्देशित किया गया है कि निरीक्षण होने के बाद ही उनका काम पूरा माना जाएगा। उक्त कार्यों को लेकर बाढ़ खंड अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों से अपडेट लेकर शासन को भेज रहा है।

नरऊ गांव में दूषित पानी जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

बदायूं अमृत विचार : सोमवार को कांग्रेसियों ने नरऊ गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर उझानी नगर पालिका का दूषित पानी आने का विरोध किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने कहा कि दूषित पानी से गांव में संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। दूषित पानी को गांव की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। सोमवार को नेशनल हाईवे 530 बी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ननेऊ गांव के पास हाईवे की सड़क काटकर उझानी नगर पालिका का गंदा पानी पुनः गांव में प्रवाहित करने का प्रयास किया गया जिसका ग्रामवासियों ने कांग्रेस नेता ओंकार सिंह के नेतृत्व में विरोध किया। अधिकारियों के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि दूषित पानी से फिर से गांव में संक्रामक रोग फैल जाएंगे। किसानों की 600 बीघा जमीन दूषित पानी में डूब चुकी है। हैंड पाइप से भी जहरीला पानी आने लगा था। जिसको जल निगम ने प्रतिबंधित कर दिया था। अब पुनः पुलिया बनाकर उझानी नगर का दूषित पानी नरुउ ग्राम में प्रवाहित करने की योजना बना रही है। जिसका ग्रामीण हर हाल में विरोध करेंगे।

नगर पालिका के दो कर्मी किए गए विनियमित

कर्मचारियों को विनियमितीकरण पत्र सौंपतीं पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने दोनों कर्मचारियों को सौंपे विनियमितीकरण पत्र

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद में कई साल से दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्य कर रहे दो सफाई कर्मचारियों को सोमवार को बड़ी राहत मिली। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने दोनों का विनियमितीकरण करते हुए उन्हें नियमित सेवा का लाभ दिया है। इस दौरान कर्मचारियों और परिजनों में खुशी का माहौल रहा।

पालिकाध्यक्ष ने दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी लक्ष्मी पत्नी वीरेंद्र सिंह और दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी द्वारिका प्रसाद पुत्र ज्वाला प्रसाद को विनियमितीकरण पत्र सौंपे। लंबे समय से अस्थायी रूप से कार्य कर रहे इन कर्मचारियों को अब नियमित कर्मचारी का दर्जा मिलने से उनके भविष्य को स्थायित्व मिल गया है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका के सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में उनका योगदान सराहनीय है। ऐसे कर्मचारियों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाना पालिका की प्राथमिकता है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण से न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा बल्कि उनके परिवारों को भी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

125 बच्चों की आंखों का किया परीक्षण

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स की ओर से नगर के बदायूं रोड स्थित अवर किड्स स्कूल व पैराडाइज स्कूल में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आंखों का चेकअप, फ्यूचर का बैकअप कार्यक्रम के अंतर्गत बिसौली के श्याम नेत्र सुरक्षा केंद्र के तकनीकी सहयोग से किया गया। जिन बच्चों की नजर कमजोर पाई गई उन्हें चश्मे बनवाकर देने की जिम्मेदारी श्याम नेत्र सुरक्षा केंद्र ने उठाई है।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्कूल के 125 बच्चों की आंखों की जांच की। संस्था के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि 19 बच्चों को चश्मे की आवश्यकता है।

नेत्र परीक्षण शिविर में मौजूद जायन्ट्स ग्रुप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स ने आयोजित किया शिविर

● श्याम नेत्र सुरक्षा केंद्र के सहयोग से बच्चों को मिलेंगे चश्मे

संस्था की ओर से उन्हें चश्मा मुहैया कराया जाएगा। नेत्र चिकित्सक डॉ. हजारीलाल वार्ष्णेय और शिविर वार्ष्णेय ने बच्चों को आंखों की देखभाल और डिजिटल स्क्रीन (मोबाइल/कंप्यूटर) से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया।

स्कूल प्रबंधक मुकेश यादव ने संस्था के इस सेवाभावी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय पर आंखों की जांच से बच्चों की पढ़ाई और उनके विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है। संस्था के फेडरेशन ऑफिसर नितिन गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, प्रवीण अग्रवाल नादान, जितेन्द्र वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

पीने योग्य जल के लिए करना पड़ रहा संघर्ष, बर्बादी न करें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : गांधी नेत्र चिकित्सालय के गेट पर चल रहे भारत स्काउट-गाइड के निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के 11वें दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों और दूर-दराज से आए यात्रियों को शीतल जल पिलाया। शिविर के माध्यम से जल संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और मानव सेवा का संदेश भी दिया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला मुख्य आयुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण कर सेवा कार्यों की सराहना की।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जल अमृत है और जीवन का मूल आधार भी है। जब धरती पर जल संकट गहराता है तो मानव जीवन विषम परिस्थितियों में घिर जाता है। युद्ध और विनाश केवल सीमाओं को नहीं तोड़ते, बल्कि प्रकृति, जल स्रोतों और मानव सभ्यता को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। दुनिया के कई देशों में युद्ध और प्राकृतिक संकट के कारण लोगों को पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह वर्तमान पीढ़ी के लिए बड़ा सबक है कि यदि जल, जंगल और प्रकृति की रक्षा नहीं की गई तो आने वाला समय और अधिक कठिन हो सकता है।

गांधी नेत्र चिकित्सालय के गेट पर राहगीरों को शीतल जल पिलाते स्काउट गाइड।

● भारत स्काउट-गाइड शिविर की ओर से गांधी नेत्र चिकित्सालय के बाहर लगा शिविर

जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से मौसम में असामान्य परिवर्तन हो रहे हैं। बढ़ती गर्मी, सूखा और जल की कमी मानव के लिए चेतावनी है। जल की हर बूंद अमूल्य है और इसे बचाना हर नागरिक का दायित्व है। वर्षा जल संचयन, पेड़-पौधों का संरक्षण और जल स्रोतों की स्वच्छता से ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है। गाइड कैप्टन रेनू गुप्ता और डाल कुमारी ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को शीतल जल पिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। आज की पीढ़ी को सेवा, संवेदना और प्रकृति संरक्षण से सीख लेनी चाहिए। यदि मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलेगा तो समाज में सुख, शांति और जीवन का संतुलन बना रहेगा।

महीपाल सिंह ने सभी से जल बचाने, पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। रवनीत कौर, कृष्णा, आरुषि, मोहिनी, कीर्ति, वैष्णवी, अनुष्का, देवांश, रोशनी, रोहित गुप्ता, फरदीन अहमद आदि मौजूद रहे।

कस्तूरबा स्कूल में छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बिसौली ब्लॉक में सोमवार से शुक्रवार तक दो विशेषज्ञ टीमों द्वारा एक से 18 साल तक के विद्यार्थियों का स्कूलों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है और कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अधिक चिंताजनक स्वास्थ्य की स्थिति में जिला पुनर्वास केंद्र पर भेजा जाता है। सोमवार को बिसौली के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 85 छात्राओं के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई। टीम में डॉ. कृष्णा रस्तोगी, डॉ. कौशल वार्ष्णेय, डॉ. अनु अग्रवाल, एएनएम सहाना रहीं। टीम ने बताया कि कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर बनाने के लिए साल 2013 से चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य जांच के दौरान मौजूद विशेषज्ञ।

वह और उनकी अन्य टीम भी विद्यालयों में जाकर बच्चों का परीक्षण कर रहे हैं। ज्यादा कुपोषित होने की दशा में जिला पुनर्वास केंद्र पर अधिकतम 14 दिनों तक रखा जा रहा है।

भागवत कथा देती है जीवन को सत्य और प्रेम की दिशा : रामचन्द्राचार्य

संवाददाता, उझानी

अमृत विचार : नगर उझानी के बड़ा हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें दिन भक्तिमय वातावरण के बीच कथा का भव्य समापन हुआ। कथा व्यास रामचन्द्राचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा पंडाल में गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण के जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।

व्यास पीठ ने कहा कि जब देवराज इंद्र ने अपने अभिमानवश ब्रजभूमि पर मूसलाधार वर्षा कर विनाश फैलाने का प्रयास किया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों, गोवंश और प्रकृति की रक्षा की। यह लीला मानवता को संरक्षण, करुणा और प्रकृति प्रेम का संदेश देने वाली दिव्य प्रेरणा है। भगवान श्रीकृष्ण ने यह सिद्ध किया कि सच्चा ईश्वर वही है जो अपने भक्तों और समस्त जीवों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है। इंद्र का अभिमान टूटना इस बात का प्रतीक है कि अहंकार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, प्रभु की कृपा के आगे उसका अस्तित्व नहीं रहता। श्रद्धालुओं से अपने जीवन में अहंकार, क्रोध और लोभ का त्याग कर सेवा, सत्संग और भक्ति का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जबकि गोवर्धन पूजा हमें जल, वन, पर्वत और गो सेवा के संरक्षण का संदेश देती है। प्रकृति की रक्षा ही मानव जीवन की रक्षा है।

बड़ा हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते रामचंद्राचार्य। ● अमृत विचार

● उझानी के बड़ा हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां धर्म, संस्कार, सद्भाव और भक्ति का जागरण खुद होने लगता है। भागवत कथा जीवन को सत्य, प्रेम और मानवता की दिशा देने वाला आध्यात्मिक प्रकाश है। आज की पीढ़ी को धर्म, संस्कार और संस्कृति से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और जनकल्याण की मंगल कामना की गई।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कथा श्रवण को कमला कांत, राजीव लोचन, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, ममता शर्मा, आरती शर्मा, अजब सिंह, सचिन सिंह, जसवीर यादव, प्रमोद कुमार, आनंद मिश्रा, राजाबाबू सिंह, अतिवीर यादव, ज्ञान चंद्र शर्मा, भगवान स्वरुप, ब्रह्मानंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना

मेरा नाम Nehal Khan है मेरे पिता का नाम MOHAMMAD REHMAN है और माता का नाम SABIYA REHMAN हैं हमारी (CBSE BOARD) की मार्क शीट में माता पिता दोनों के नाम गलत अंकित हो गए है गलत नाम पिता का MODH REHMAN और माता का गलत नाम SABIA अंकित हो गया है जब की सही नाम पिता का MOHAMMAD REHMAN और माता का SABIYA REHMAN अंकित होना है। **नेहाल खान मोहल्ला बर्क जई कस्बा जलालाबाद जिला शाहजहांपुर।**

सूचना

मैं अपने पति विक्की कश्यप पुत्र राजकुमार से उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर रहीं हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **लक्ष्मी कश्यप पत्नी विक्की कश्यप निवासी- पैन मोहल्ला करेली जिला बरेली**

आयोजन

शहीद मेला के समापन पर हुआ कवि सम्मेलन और मुशायरा

मेरा शहर अंधेरों का ठिकाना, मुझे भी जिद के सूरज यहीं उगाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : ककराला में शहीद मेला के समापन पर कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया। कवियों और शायरों ने ककराला के शहीदों को अपने अंदाज में याद करते हुए नमन किया। मेला के समापन पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि जिन शक्तियों ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों का साथ दिया और देश से गद्दारी की वे आज देशभक्ति का प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। नफरत और विभाजनकारी सोच देश को कमजोर करती है। यह सियासत की अगर चिंगारियां उठती रहीं, मुल्क में शोले भड़क उठेंगे घर-घर देखना और यह मेरा शहर अंधेरों का एक ठिकाना है, मुझे भी जिद है के सूरज यहीं उगाना है...जैसे कलामों का लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस्तकबाल किया।

कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

● शहीदों की याद में ककराला में बनाया जाएगा शहीद स्मारक

जिला कोषाध्यक्ष और मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष साजिद खान ने कहा कि ककराला क्रांतिकारियों और शहीदों की पवित्र भूमि है। 1857 की पहली जंगे आजादी में ककराला के वीरों ने अंग्रेज जनरल पैनी को मार गिराया था और अंग्रेजी फौजियों को आगे बढ़ने से रोक दिया था। ककराला नगर अध्यक्ष शहजादा रिजवान ने कहा कि अंग्रेजों ने ककराला के बड़ा बाग में चार सौ से अधिक ककराला के लोगों को शहीद कर दिया था। उन देशभक्त ककराला के वीर शहीदों की याद में शहीद स्मारक बनाया जाएगा।

शहीद मेला के समापन के अवसर पर हुए कवि सम्मेलन और मुशायरा की अध्यक्षता मशहूर शायर रागिब ककरालवी ने की। संचालन आगाज शाकी ने किया। इस मौके पर बुजुर्ग उस्ताद शायर राग़िब ककरालवी ने पढ़ा- यह सियासत की अगर चिंगारियां उठती रहीं, मुल्क में शोले भड़क उठेंगे घर-घर देखना, डा. सोहराब ककरालवी ने पढ़ा-यह मेरा शहर अंधेरों का एक ठिकाना है, मुझे भी जिद है के सूरज यहीं उगाना है।

अहमद अमजदी बदायूंनी ने पढ़ा- मेरी खामोशी मुहब्बत का मियां है हिस्सा, किया ज़रूरी है के हर बात पे बोला जाए। कामिल खां कामिल उरौलवी ने कहा -हर इक में जब मिरी सूरत अलग नज़र आई, उठा के फेंक दिए सारे आईने मैंने। नाज़िम- ए मुशायरा आग़ाज़ साक़ी ने कहा- फूल बरसेंगे तो सबको ही मिलेगी खुशबू, आग बरसेगी तो नुक़सान सभी का होगा। चांद ककरालवी ने पढ़ा - हर आदमी को मुफ्त में दस्तार चाहिए

नेज़े पर चढ़ने वाला यहां कोई सर नहीं। राजवीर सिंह ''तरंग'' ने कहा-है मुहब्बत से सजा अपना चमन, है दुआ महफूज़ ये कुनबा रहे। अज़मत जीलानी कहा- तमाम उम्र हिफाज़त करेंगे रिश्तों की, जो दरमियान में रक्खे हैं फ़ासले मैंने। अरशद रसूल बदायूंनी ने कहा-इस मुल्क की मिट्टी से जिसे प्यार नहीं है बेशक वह यहां रहने का हकदार नहीं है। डा. ज़ाहिद बदायूंनी ने पढ़ा-गुलिस्तां में शहर अच्छा नहीं है। अदावत का समर अच्छा नहीं है। शमीम ककरालवी ने पढ़ा- नन्हे मुन्ने बच्चे थे तो कितना ख़ुश रहता था बाप, जबसे बच्चे जवां हुए हैं सहमा-सहमा रहता है। सुरेन्द्र नाज़ बदायूनी ने पढ़ा कि मैं जानता हूं कि वो शख्स इत्मिनान का है, मगर चराग़ तो दुश्मन के खानदान का है।

शहीद मेला में आयोजन समिति के अध्यक्ष साजिद अली ठेकेदार, नगर अध्यक्ष ककराला शहजादा रिजवान, चौधरी वफाती मियां, दीपक मिश्रा, बृजभूषण सिंह, राजीव पटेल,अहमद अमजदी, मोरध्वज लोधी, सोहराब ककरालवी, यूनुस राजा, बबलू सैफी, फितरत अली, ओमवीर दद्दा, नवनीत यादव, डॉक्टर खलील आदि मौजूद रहे।

आसफपुर-ओरछी मार्ग पर फेंक रहे बायो-मेडिकल वेस्ट

संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : सरकार के स्वच्छता और जन स्वास्थ्य के तमाम दावों को झोलाछाप ठेंगा दिखा रहे हैं। आसफपुर-ओरछी मार्ग पर भवानीपुर और सुरेनी-पापड़ी मार्ग के किनारे बायो मेडिकल वेस्ट (चिकित्सकीय कचरा) का ढेर लगा हुआ है। उपयोग की गई सिरिंज, कांच की सुइयां और दवाओं के खाली पैकेट खुले में फेंक कर न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र के लोगों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। आसफपुर-ओरछी मार्ग पर पड़े इस कचरे के ढेर हवा के साथ उड़कर इधर-उधर चले जाते हैं और दवाओं के रैपर और संक्रमित रुई आसपास के खेतों में भी जाती हैं। राहगीरों का कहना है कि यह कचरा रात के अंधेरे में चुपचाप फेंका जाता है। मार्ग के किनारे चरने वाले बेजुबान मवेशी अक्सर इस कचरे में मुंह मारते हैं। जिससे उनके संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं इन नुकीली सिरिंज की चपेट में आने का डर भी बना हुआ है। प्रशासनिक जिम्मेदारों के नजर पड़ने के बाद भी निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

मार्ग पर किनारे पड़ा मेडिकल वेस्ट।

● कचरे के खेतों में फैलने से संक्रमण का बढ़ा खतना

Required
Male/Female Candidate for Pacific Super Market Mahanagar Colony
Contact : 9359802735

आवश्यकता है
Revit व Autocad डिजाईनर (पुरूष व महिला) की
सम्पर्क करें
अन्सारी एसोसिएट्स
मोहम्मदपुर रोड, बहेड़ी
9412048753

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

शादी समारोह में नृतकियों का वीडियो वायरल

बदायूं, अमृत विचार : शादी समारोह में नृतकियों का अश्लील डांस सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने चेतावनी देते हुए कार्यक्रम बंद करा दिया। वीडियो थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव कथरा खगेई का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एक घर में शादी समारोह में लोगों के मनोरंजन के लिए नृतकियां बुलाई गई थीं। नृतकियां डीजे पर डांस कर रही थी। वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा थी। किसी ने मौके का वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस गांव पहुंची और कार्यक्रम बंद करा दिया।

मुख्य आरोपी दूसरी जेल स्थानांतरित

बदायूं, अमृत विचार : दातागंज स्थित एचपीसीएल पर 12 मार्च को हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी को फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया है। हत्याकांड में आरोपी व उसके परिजन बदायूं जेल में बंद हैं। बताया जा रहा है कि इसी वजह से मुख्य आरोपी को दूसरी जेल भेजा गया है। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह ने प्लांट पर गोली मारकर दो अधिकारियों सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की हत्या की थी। मुठभेड़ में उसके दोनों पैर में गोली लगी थी। उसे बदायूं जेल भेजा गया था। उस पर एनएसए के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी। जांच के बाद परतें खुलती रहीं और पुलिस ने उसके भाई व अन्य परिजनों में गिफ्तार करके जेल भेजा था। जेल प्रशासन उनकी हर गतिविधि पर नजर बनाए रखा था। प्रशासन की ओर से मामले की रिपोर्ट भेजी गई थी। जिसके चलते सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य आरोपी को दूसरी जेल भेजा गया है।

महिला की मौत, पुलिस कर रही जांच

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव बेहटा गुंसाई निवासी धर्मेंद्र की पत्नी सरिता (40) की मौत हो गई। परिवार में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर बिल्सी क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार सरिता की शादी करीब 20 साल पहले धर्मेंद्र के साथ हुई थी। मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा।

गंगा एक्सप्रेस वे के सफर पर बरेली-बदायूं रोड का ग्रहण, दिन-रात जाम

ग्राउंड रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: गंगा एक्सप्रेस वे शुरू होने के बाद भी मथुरा रोड की अड़चनें प्रयागराज और मेरठ को बरेली के करीब नही आने दे रहीं। बरेली-बदायूं मार्ग के चौड़ीकरण में देरी, जगह-जगह खतरनाक डाइवर्जन और रास्ते पर धूल के गुबार सुबह से रात तक जाम का कारण बन रहे हैं। हालात इतने बुरे कि जितना समय एक्सप्रेस वे के जरिए दिल्ली-लखनऊ का सफर करने में लग रहे हैं, उससे ज्यादा टाइम बिनावर तक पहुंचने में खर्च हो रहा है। एनएचएआई यात्रियों की सुविधा के लिए खेद तो जता रहा है मगर निर्माण एजेंसी की ढिलाई पर ब्रेक नहीं लगा पा रहा।

प्रयागराज-और मेरठ को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे ने बरेली-पीलीभीत को सुपर स्पीड सफर के हसीन सपने तो दिखाए हैं मगर बदायूं रोड चौड़ीकरण योजना की दुश्वारियों ने उम्मीदों पर ग्रहण लगाने का काम किया है। बेतरतीब डायवर्जन से लगने वाले जाम और धूल में दबी सड़क सबको संकट में डाल रही है। बरेली से दिल्ली या लखनऊ जाने के लिए वाहन सवार एक्सप्रेस-वे का रुख तो कर रहे हैं, पर बिनावर कट तक पहुंचने में ही सबका पसीना छूट रहा है। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को बरेली से बिनावर तक पड़ताल की तो जगह-जगह खतरनाक स्थिति कैमरे में कैद हुई। हकीकत ये है कि रास्ते भर जगह-जगह डाइवर्जन के चलते वाहन जितने कम समय एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरकर बिनावर से मेरठ पहुंच रहे हैं, कई बार उतना समय तो जाम में फंसकर बिनावर से बरेली तक पहुंचने में ही लग रहा है।

हाईवे पर चांडपुर डाइवर्जन पर जाम के चलते रेंगते वाहन। ● अमृत विचार

हरियाली खत्म कर चौड़ा किया जा रहा हाईवे। ● अमृत विचार

हाईवे चौड़ीकरण में लगे मजदूर। ● अमृत विचार

594 किमी गंगा एक्सप्रेस वे की लंबाई

37 किमी बरेली महानगर से बिनावर कट की दूरी

40 फीसदी हो सका अभी तक चौड़ीकरण कार्य

2027 तक चौड़ीकरण करने का लक्ष्य

मथुरा रोड का चौड़ीकरण अभी कछुआ चाल

बरेली-मथुरा राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम काफी स्लो है। एनएचएआई ने इसे फोरलेन बनाने की मंजूरी तो तीन साल पहले दे दी थी, लेकिन धरातल पर पैकेज-4 यानी बरेली-बदायूं के बीच हिस्से में काम समय के हिसाब से पूरा नहीं होता दिख रहा। बिनावर तक 10 से अधिक जगहों पर बेतरतीब डाइवर्जन किए गए हैं, जो बहुत खतरनाक हैं। अधूरे पांच पुल और निर्माणाधीन अंडरपास मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। मानकों की अनदेखी भी होती दिख रही है। खोदी गई मिट्टी पर पानी का छिड़काव नहीं कराने से धूल के गुबार आफत बन रहे हैं। ऐसे में बरेलियंस के लिए एक्सप्रेस-वे पकड़कर समय की बचत करना सपना ही बनकर रह गया है।

बरेली-मथुरा हाईवे के चौड़ीकरण के पैकेज-4 की प्रगति पर नियमित नजर रखी जा रही है। निर्माण के दौरान यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए संबंधित ठेकेदार को डाइवर्जन पॉइंट्स पर सुरक्षा मानकों का ख्याल रखते हुए इंतजाम बढ़ाने और धूल से राहत के लिए नियमित पानी के छिड़काव के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि पुलों और अंडरपास का काम तेजी से पूरा हो सके। **- उत्कर्ष शुक्ल**, परियोजना निदेशक एनएचएआई

प्रयागराज-मेरठ एक्सप्रेस-वे की रफ्तार का क्या फायदा, जब बरेली से बिनावर तक का रास्ता जगह-जगह डायवर्जन और जाम की वजह से नरक बन चुका है। बरेली-मथुरा हाईवे के चौथे चरण में काम की गति इतनी सुस्त है कि लगता नहीं काम निर्धारित समय में पूरा होगा। **-आदेश**, भमोरा

जितना वक्त एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने के बाद दिल्ली पहुंचने में लगता है, उतना समय तो हमें बरेली से बिनावर तक जाने में लग रहा। प्रशासन को चाहिए बदायूं हाईवे के चौड़ीकरण के काम में तेजी लाए ताकि बरेली वालों को भी एक्सप्रेस-वे का असली लाभ मिल सके। **-रंजीत सिंह**, बिनावर

बदायूं रोड की समस्या बर्दाश्त से बाहर है। जगह-जगह डायवर्जन की वजह से दिन भर जाम लगा रहता है। न तो ग्राहकों के आने का रास्ता बचा है और न ही हम चैन से सांस ले पा रहे हैं। रफ्तार के चक्कर में बदायूं रोड का पूरा कारोबार और यातायात चौपट हो गया है। **-अमरदीप**, बदायूं

गंगा एक्सप्रेस-वे हमारे शहर के लिए गेम-चेंजर है, लेकिन इसमें बदायूं रोड फिलहाल सबसे बड़ी बाधा है। डायवर्जन और सुस्त निर्माण प्रक्रिया की वजह से बरेली के लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। एक्सप्रेस-वे रफ्तार का सपना अभी अधूरा है। **- राजेश, मकरंदपुर**, बदायूं

अवैध पार्किंग और स्टैंड बना वन विभाग रोड, नगरपालिका कर रही अनदेखी

राजकीय इंटर कॉलेज के सामने बैंड बाजे की ट्रालियों से किया गया अतिक्रमण, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद सड़क व नाली निर्माण का काम करा रही है। शहर के नालों की सफाई का काम भी चल रहा है। जिससे आवागमन दुरुस्त हो रहा है और नालों की सफाई से भविष्य में जलभराव से मुक्ति मिलने की उम्मीद है लेकिन जगह-जगह बनी अवैध पार्किंग और वाहन स्टैंड पर किसी का ध्यान नहीं है। शहर के मुख्य बाजार से लेकर बाहर तक अवैध रूप से वाहन खड़े रहते हैं। वन विभाग कार्यालय के मार्ग की भी यही स्थिति है। जहां अतिक्रमण करके बैंड बाजे की गाड़ियां खड़ी करने से आवागमन प्रभावित हो रहा है।

भामाशाह चौक से कलेक्ट्रेट तिराहा जाने वाले मार्ग से एक मार्ग वन विभाग कार्यालय की ओर जाता है। जहां वन विभाग कार्यालय के पास राजकीय इंटर कॉलेज के सामने सड़क किनारे बैंड बाजे खड़े किए जा रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से लोग साइड से निकलने या दूसरी साइड से निकलने का प्रयास करते हैं। एक तरफ बैंड बाजों के टकराते हैं तो वहीं कई बार सामने से आने वाले वाहनों से टक्कर हो जाती है। लोगों के अनुसार कुछ समय पहले तक यहां बैंड बाजे की दो या तीन गाड़ियां ही खड़ी होती थीं लेकिन आज एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां खड़ी रहती हैं।

राहगीरों ने कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों से शिकायत करके समस्या के निस्तारण की मांग की लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हो सकी है। ऐसा ही हाल इंद्राचौक से श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज को जाने वाले मार्ग का है। जहां सड़क के किनारे वाहन खड़े रहते हैं जिससे राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रजा ने बताया कि राहगीरों को समस्या नहीं होने दी जाएगी। मामला दिखवाकर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

सड़क किनारे खड़ी की गईं बैंड बाजे की गाड़ियां। ● अमृत विचार

- **अतिक्रमण से रास्ता संकरा हो जाने से एक-दूसरे से टकरा जाते हैं वाहन सवार**

डिपो चौराहे पर प्राइवेट बसें लगा रहीं जाम

शहर का डिपो चौराहा शहर के व्यस्ततम चौराहों में से एक है। जहां से रोज रोडवेज बसों का संचालन किया जाता है। चौराहे पर रोडवेज बसें आती हैं और सवारियां लेकर चली जाती हैं लेकिन चौराहे पर सबसे बड़ी समस्या प्राइवेट बसों से हो रही है। यह प्राइवेट बसें सड़क किनारे खड़ी की जा रही हैं। जिसकी वजह से चौराहे पर जाम लग रहा है। वहीं बाहरी डिपो की रोडवेज बसें मुख्य चौराहे पर खड़े होकर सवारियां भरती हैं। जिससे वहां से बसें नहीं गुजर पा रहीं।

कादरचौक पुलिस ने गिरफ्तार किए चार वारंटी

कादरचौक, अमृत विचार : एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कादरचौक पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव मुगर्रा जरासी निवासी कुंवरपाल, कटिन्ना निवासी चरन सिंह, मामूरगंज के जयवीर, जोरी नगला निवासी संदीप उर्फ टिंकू के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किए थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजदीप सिंह, अजयवीर सिंह, हरिओम सिंह, इंद्रवीर रहे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 23/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः-

क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः सहायक मंडल इंजीनियर/लाइन/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कासगंज-बरेली सिटी अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिग का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 4,68,95.663.71, बयाना राशिः ₹ 9,37,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-2**, कार्य का विवरणः बहेड़ी-किच्छा ब्लॉक सेक्शन में सी.एच. 43/887-44/17-61 के मध्य स्थित मेजर ब्रिज संख्या 46 (स्पैन 4x30.50 मीटर) का संरक्षण। अनुमानित लागतः ₹ 1,38,25,893.10, बयाना राशिः ₹ 2,76,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-3**, कार्य का विवरणः वमइं/मुख्या./इज्जतनगर के अंतर्गत समइं/लाइन के अधिकार क्षेत्र में जिडो ट्रॉली सर्वेक्षण। अनुमानित लागतः ₹ 57,57,514.13, बयाना राशिः ₹ 1,15,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-4**, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के समइं/लाइन/ इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में एन.एस.जी.-6 स्टेशन मकरन्दपुर पर एफ.ओ.बी. में छत सहित रैंप का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 1,84,74,988.86, बयाना राशिः ₹ 3,69,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-5**, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर डिवीजन के समइं/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र में आर.पी.एस.सी. हॉल्ट को तीन लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के संबंध में निर्माण कार्य, माइनर ब्रिज, विभिन्न प्लेटफॉर्म कार्य, ट्रैक कार्य जिसमें गिट्टी की आपूर्ति और अन्य विविध संबंधित कार्य शामिल हैं। अनुमानित लागतः ₹ 27,28,55,334.22, बयाना राशिः ₹ 54,57,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-6**, कार्य का विवरणः भोजीपुरा-लालकुआँ अनुभाग में देवरनियाँ-बहेड़ी स्टेशन के मध्य बंद पड़े एल.सी. को जोड़ने वाली सड़क का सुधार। अनुमानित लागतः ₹ 1,16,49,636.38, बयाना राशिः ₹ 2,33,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-7**, कार्य का विवरणः समइं/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (मकरन्दपुर एवं बमियाना) पर प्लेटफार्म को हाई लेवेल तक उठाना दोनों के प्लेटफार्म संख्या 2, अनुमानित लागतः ₹ 6,45,95.228.69, बयाना राशिः ₹ 12,91,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह।

(1) क्रम सं.-**1** से **6** की ई-निविदा दिनांक 01-06-2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **(2)** क्रम सं.-**7** की ई-निविदा दिनांक 08-06-2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-91

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै. ए.एच.टी. फूड इण्डस्ट्रीज एल.एल.पी. Identification No. ACC2767 Pan ACCFA7425K का Designated Director तनवीर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी मो. बाजार कस्बा रिछा तह. बहेड़ी बरेली उत्तर प्रदेश का हूँ और मेरी उक्त फर्म द्वारा गाटा सं. 56 रकबा 0.9170 का ½ भाग का बैनामा श्री वीरेंद्रपाल पुत्र भगवान दास निवासीगण ग्राम दमखोदा से दिनांक 10.08.2023 को सब रजिस्ट्रार बहेड़ी में क्रय किया गया था। बही सं. 1 जिल्द सं. 6927 पृष्ठ 375-402 क्रमांक 6294 दिनांक 10.08.2023 को दर्ज है व मेरी उक्त फर्म द्वारा गाटा सं. 56 रकबा 0.9170 है. का ½ भाग बैनामा श्री राजेंद्रपाल पुत्र भगवान दास निवासीगणस ग्राम दमखोदा से दिनांक 30.4.2024 को सब रजिस्ट्रार बहेड़ी में क्रय किया था। वही सं. 1 जिल्द सं. 7320 पृष्ठ 131 से 158 क्रमांक 4634 दिनांक 30.4.2024 को दर्ज है। उक्त सम्पत्ति को श्री वीरेंद्रपाल व राजेंद्रपाल पुत्र भगवान दास निवासीगण ग्राम दमखोदा तह. बहेड़ी बरेली द्वारा श्री भजन लाल पुत्र मूलचन्द निवासीगण ग्राम दमखोदा गाटा सं. 56 रकबा 0.9170 है. का पूर्ण भाग ग्राम दमखोदा तह. बहेड़ी जिला बरेली पंजीकृत सब रजिस्ट्रार बहेड़ी बही नं. 1107 सुफा 372 नम्बर 1579 ए.डी. फाईल बुक बही 1 जिल्द 1159 के सुफा 13-20 दिनांक 28.4.98 द्वारा क्रय किया गया था। उक्त चैन बैनामे की मूल प्रति मेरे द्वारा अपने बैनामे के निष्पादन के समय पूर्व विक्रेरताओं से प्राप्त कर ली गई थी परन्तु वर्तमान में उक्त मूल चेन/लिंक बैनामा मुझसे कहीं गुम हो गया है। उक्त मूल चेन लिंक बैनामे में वर्णित सम्पत्ति पूर्णतया पाक व साफ है। कहीं भी बंधक नहीं है और न ही जमानत में प्रयोग की गई है। उपरोक्त बैनामे की मूल गुम प्रति यदि किसी को प्राप्त हो तो मुझे निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। किसी भी व्यक्ति द्वारा चदि उक्त मूल/लिंक चैन बैनामे का इस्तेमाल किया जाता है तो वह अवैध माना जायेगा। उक्त लिंक/चैन बैनामा सं. 1579/28-04-1998 पंजीकृत सब रजिस्ट्रार बहेड़ी खोने की सूचना 06.05.2026 को ई-थाना देवरनियां पर दर्ज कराई जा चुकी है।

मै. ए.एच.टी. फूड इण्डस्ट्रीज LLP
Designated Director
तनवीर अहमद पुत्र जमील अहमद
निवासी मो. बाजार कस्बा रिछा
तह. बहेड़ी जिला बरेली उ.प्र.
मो. 8077764852

इलाज कराने गया था परिवार चोरों ने खंगाल डाला मकान

संवाददाता, इस्लामनगर

अमृत विचार : कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला चमन में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाकर चोरों ने हजारों रुपये के जेवर और घरेलू सामान चोरी कर लिया। मकान स्वामी कई दिन बाद पत्नी का इलाज कराकर घर वापस लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मोहल्ला चमन निवासी दिलशाद ने बताया कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए अलीगढ़ गए हुए थे। घर से जाते समय उन्होंने मकान में ताला लगाया था। सोमवार को कई दिन बाद जब वह वापस लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला खोलने के बावजूद गेट नहीं खुला। शक होने पर पड़ोसी को दीवार के सहारे घर के अंदर गए। अंदर जाकर देखा गया कि मुख्य गेट पर अंदर से ताला लगा हुआ था। दोनों कमरों की खिड़कियां टूटी हुई मिलीं। पीड़ित के अनुसार कमरे के अंदर अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था। चोर घर से एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, एक पेंडल, एक स्टेबलाइजर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

पशुशाला के गेट पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, उझानी

अमृत विचार : उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ निवासी युवक का शव पशुशाला गेट पर लटका मिला। परिजनों ने गांव के चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

मृतक अमन।

गांव निवासी अमन (18) पुत्र पिंटू खेती करते थे। उनके परिजनों ने बताया कि अमन की गांव में रहने वाले युवकों के साथ रविवार को मारपीट हो गई थी। अमन ने पुलिस से इसकी शिकायत भी की थी। जिसके बाद से वह लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन कहीं पता नहीं चला। सोमवार सुबह परिजन पशु शाला में चारा डालने जा रहे थे तभी गेट पर अमन का शव लटका मिला। जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आला अधिकारियों को सूचना दी।

युवक की मौत के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **घर से 20 हजार रुपये लेकर सीमेंट खरीदने निकला था अमन**
- **परिजनों का गांव के 4 लोगों पर गला दबाकर हत्या का आरोप**

एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। परिजनों ने गांव के चार लोगों पर गला दबाकर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया। मृतक के बड़े भाई अमरपाल ने बताया कि उन्होंने अमन को 20 हजार रुपये लेकर सीमेंट और अन्य सामान खरीदने के लिए भेजा था। कुछ युवकों ने मारपीट की और रुपये छीन लिए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अनदेखी | पालतू पशु नहीं खा रहे चारा, पशु पालक करा रहे उपचार

तेज धूप और गर्मी से बुखार के शिकार हो रहे पशु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : तेज गर्मी और धूप में पशु बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिससे वह चारा भी नहीं खा रहे हैं। पशु चिकित्सक गोशालाओं में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दे रहे हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि पालतू पशुओं को गर्मी और धूप से बचाएं। उन्हें दो बार पानी भी दें।

पिछले कुछ दिनों से तापमान में तेजी आई है। तेज धूप और गर्मी बेहाल कर रही है। घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस कड़ी धूप में पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। पालतू पशु तेज धूप से बुखार की चपेट में आ रहे हैं। गोशालाओं में गोवंश का पशु चिकित्सक स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं जिससे कोई गोवंश बुखार से न मरे। ब्लॉक सलारपुर के ग्राम बनेई की गोशाला में करीब सौ गोवंश हैं। सोमवार को पशु चिकित्सक डा. संजीव कुमार भुइयार गोशाला पहुंचे। उन्होंने करीब दर्जन भर बीमार गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी। इनमें से दो गो गोवंश को बुखार था। जिससे वह चारा नहीं खा रहे थे।

केयर टेकर ने बताया कि दो दिन से दोनो गोवंश चारा नहीं खा रहे हैं जिसके बाद पशु चिकित्सक को सूचना दी गयी। पशु चिकित्सक ने दर्जन भर गोवंश को देख कर दवाएं दी। हालांकि दो गौवंश को छोड़ कर अन्य में बुखार के लक्षण नहीं मिले। डा. संजीव कुमार ने बताया कि इस समय गोशालाओं में तेज गर्मी के चलते कुछ गोवंश बुखार की चपेट में हैं जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई है।

बनेई गौशाला में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते पशु चिकित्सक।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक पर भी किसान अपने पालतू पशु लेकर आ रहे हैं जिनको बुखार होता है उन्हें दवा दी जाती है। उन्होंने पशु पालकों को सलाह दी कि तेज धूप में पशुओं को बाहर न बांधें। उन्हें सुबह-शाम पानी पिलाएं। हरा चारा खाने को दें, यदि पशु अस्वस्थ है तो पशु चिकित्सक को दिखाएं।

पड़ौआ की गोशाला में तप रहे गोवंश

ब्लॉक जगत के ग्राम पड़ौआ स्थित गोशाला में करीब तीन दर्जन गोवंश हैं। जिन्हे हरा चारा नहीं मिल पा रहा है। केयर टेकर का कहना है कि यहां पर ब्लॉक के पशु चिकित्सक भी नहीं आते हैं जबकि उन्हें कई बार सूचना दी गई है। गोशाला में टीन के नीचे बंधे गौवंश तेज गर्मी से बेहाल हैं। हालांकि पानी की बेहतर व्यवस्था है लेकिन भूसा के अलावा और कुछ भी नहीं दिया जाता है।

गर्मी में पशुओं में पनपती है किलनी

तेज गर्मी में पालतू पशुओं के शरीर में किलनी पैदा हो जाती है। किलनी के कारण पशु बीमार पड़ जाता है। बीमार पशु को पशु पालक समय पर उपचार को नहीं लाते हैं जिससे उसको बचाना मुश्किल हो जाता है। पशु चिकित्सकों का कहना है कि किलनी परजीवी होती है जो दूसरे पशुओं तक आसानी से पहुंच जाती है। इसलिए किलनी को मारने की दवा दी जाती है। किलनी होने से पशु के शरीर पर बाल नहीं रहते हैं वह बीमार होने के बाद खत्म हो जाता है। इसलिए पशुपालकों को गर्मी में पशुओं को सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है।

बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक : बी.के.एस./क्रय/2026-27/255 दिनांक : 11.05.2026

जेम निविदा सूचना

इस मिल समिति में जेम पोर्टल के माध्यम से अनुभवी पार्टियों से निम्नांकित कार्य/सामान हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी है। अन्य नियम व शर्तें, धरोहर राशि एवं कार्य विवरण आदि जेम पोर्टल पर बिड संख्या से ज्ञात किया जा सकता है।

क्र.सं.	कार्य विवरण	जेम बिड संख्या/ दिनांक	निविदा में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि एवं समय	निविदा खुलने की तिथि एवं समय
1.	सम्पूर्णानगर चीनी मिल से क्वाड वाडी आदि को डिस्मेल्ट कर लाकर इस मिल समिति में स्थापित करना	GEM/2026/B/7521131 दिनांक : 09.05.2026	19.05.2026 12:00 बजे	19.05.2026 12:30 बजे
2.	इलेक्ट्रीकल सामानों की आपूर्ति	GEM/2026/B/7522264 दिनांक : 09.05.2026	25.05.2026 17:00 बजे	25.05.2026 17:30 बजे
3.	हार्डवेयर सामानों की आपूर्ति	GEM/2026/B/7522537 दिनांक : 09.05.2026	25.05.2026 19:00 बजे	25.05.2026 19:30 बजे
4.	डी.जी. सेट स्पेयर्स की आपूर्ति	GEM/2026/B/7522598 दिनांक : 09.05.2026	25.05.2026 19:00 बजे	25.05.2026 19:30 बजे
5.	क्लीनिंग उपकरण की आपूर्ति	GEM/2026/B/7522655 दिनांक : 09.05.2026	25.05.2026 19:00 बजे	25.05.2026 19:30 बजे

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(आर.के. जैन)
प्रधान प्रबन्धक

न्यूज ब्रीफ

पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सत्र 2026-27 के लिए स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, फतेहपुर और सहारनपुर स्थित पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6, 9 और 11 की कुल 518 संभावित रिक्त सीटों पर दाखिले होंगे। खास बात यह है कि सहारनपुर और फतेहपुर के नए स्पोर्ट्स कॉलेजों में पहली बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रदेश सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। अभ्यर्थी स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ वेबसाइट और खेल साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। इस बार आवेदन के लिए यूडाइस पोर्टल से जारी पर्मानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पीईएन नंबर के आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। सरकार ने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह मेरिट और प्रदर्शन आधारित रखा है। फतेहपुर और सहारनपुर के नए स्पोर्ट्स कॉलेजों में फिलहाल कक्षा 9 के लिए प्रवेश शुरू किए गए हैं।

पांडुलिपियों की विरासत पर राष्ट्रीय मंथन 13 को

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. राजकीय अभिलेखागार अपने 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 13 मई को राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय संगोष्ठी और अभिलेख प्रदर्शनी आयोजित करेगा। शहीद स्मृति भवन में होने वाले इस कार्यक्रम का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा में पांडुलिपियों का महत्व एवं भावी पीढ़ी के लिए उपयोगिता' रखा गया है। कार्यक्रम में प्रो. अजय तनेजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. अविनाश चन्द्र मिश्रा मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी समेत विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा, पांडुलिपियों और अभिलेख संरक्षण पर अपने विचार रखेंगे।

शराब पीकर वाहन चलाने पर 2654 का चालान

अमृत विचार, लखनऊ : शराब पीकर वाहन चलाने को लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर विगत शनिवार और रविवार को प्रदेश भर में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 69,683 वाहनों की जांच की गई। मद्यपान कर वाहन चलाते हुए पाये गये 2,654 वाहन चालकों का 2 करोड़ 65 लाख 40 हजार (2,65,40,000) रुपये चालान किया गया। अभियान जनपदीय नोडल अधिकारी यातायात एवं क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रदेश में कुल 135 टोल प्लाजाओं पर यातायात एवं नागरिक पुलिस के कुल 3,645 अधिकारी एवं कर्मचारी, जिनमें 135 निरीक्षक, 270 उपनिरीक्षक, 1,080 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी (पुरुष), 1,080 मुख्य आरक्षी/आरक्षी (महिला) एवं 1,080 होमगार्ड अभियान में तैनात रहे। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि विगत वर्षों में घटित सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में घटित कुल सड़क दुर्घटनाओं में क्रमशः 8.61%, 6.05% एवं 3.51% दुर्घटनाएं मद्यपान कर वाहन चलाने के कारण हुईं।

किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेंगे बीज : सूर्य प्रताप शाही

अमृत विचार, लखनऊ : सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि खरीफ 2026 सीजन में किसानों को समय से

गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। किसानों को धान, उड़द, मूंग, तिल और मोटे अनाजों के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही दलहन और तिलहन फसलों के मिनी किट भी वितरित किए जाएंगे। कृषि भवन में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने बताया कि इस खरीफ सीजन में कुल 1,96,117 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 15 मई से 80 हजार क्विंटल धान बीज का वितरण शुरू होगा। राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत 49,129 क्विंटल दलहन बीज तथा मूंगफली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 57,446 क्विंटल बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने साफ कहा कि खाद की कालाबाजारी और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बाबा विश्वनाथ के दरबार में नतमस्तक हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री

सोमनाथ के पवित्र जल से किया जलाभिषेक, लोकमंगल और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- शंखध्वनि, डमरू और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा काशी विश्वनाथ धाम

अमृत विचार: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह काशी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से लाए गए पवित्र जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अंगवस्त्र और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की।

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा' के अंतर्गत आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल होने पहुंचे दोनों अतिथियों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेककर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की। सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने संयुक्त रूप से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। सोमवार के कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, और जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

'ॐ जप' में शामिल हुए अतिथि

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में सामूहिक 'ॐ जप' में हिस्सा लिया। इसके बाद सोमनाथ भवन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति के रूप में निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना और आरती की।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी देखी

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सोमनाथ भवन में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, पुनर्प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े चित्रों व जानकारियों को प्रदर्शित किया गया था।

पीएम आवास योजना के तहत प्रदेश में बनेंगे 63,433 नए घर

अमृत विचार, लखनऊ: प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के शहरी गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) योजना के अंतर्गत 55 जिलों के 225 नगर निकायों के लिए 63,433 नए आवासों की डीपीआर को मंजूरी दी गई। नई स्वीकृतियों के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत बीएलसी घटक में अब तक स्वीकृत आवासों की कुल संख्या बढ़कर 3,68,138 हो जाएगी।

महिलाओं के सशक्तीकरण को 495 करोड़ की सौगात

एनआरएलएम के तहत एससी-एसटी मद में धनराशि जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वयं सहायता समूहों, स्वरोजगार और आजीविका कार्यक्रमों को मिलेगी रफ्तार

अमृत विचार: योगी सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत ग्रामीण महिलाओं और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 495 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की है। ग्राम्य विकास विभाग ने सोमवार को दो अलग-अलग शासनादेश जारी कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मद में केंद्रांश के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि जारी करने की मंजूरी दी।

जारी शासनादेश के अनुसार, अनुसूचित जाति मद में 482.14 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें केंद्र सरकार का 289.28 करोड़ रुपये और राज्य सरकार का 192.85 करोड़ रुपये का अंश शामिल है। वहीं अनुसूचित जनजाति मद में 13.77 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसमें 8.26 करोड़ रुपये केंद्रांश और 5.51 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में दिए जाएंगे।

यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से खर्च की जाएगी। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राशि का उपयोग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की गाइडलाइन और वित्तीय नियमों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। धनराशि के उपयोग, सत्यापन और लक्ष्य पूर्ति की जिम्मेदारी आयुक्त ग्राम्य विकास और मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सौंपी गई है।

अधिकारियों के अनुसार इस राशि से स्वयं सहायता समूहों को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार, कौशल विकास तथा आयवर्धन कार्यक्रमों को गति मिलेगी। एसएनए स्पर्श प्रणाली के जरिए धनराशि के उपयोग और भुगतान प्रक्रिया पर रीयल टाइम निगरानी रखी जाएगी।

स्पर्श माडयूल के तहत सवा 48 करोड़ रुपये स्वीकृत

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में एनआरएलएम योजनान्तर्गत एसएनए स्पर्श माडयूल के अंतर्गत केन्द्रांश की धनराशि 28928.92 लाख के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि 19285.947 लाख, अर्थात कुल धनराशि 48214.867 लाख अवमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

डिग्री कॉलेजों को भी रैंकिंग दिलाने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ: योगी सरकार ने प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में अब नया लक्ष्य तय किया है। अब सरकार डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों को विशेष कार्यशालाओं के जरिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार अब केवल विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री कॉलेजों को भी उत्कृष्टता के नए मानकों तक पहुंचाने पर फोकस कर रही है।

पार्कों व खुले स्थलों के व्यावसायिक उपयोग पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

विधि संवाददाता, लखनऊ

- रात 10 बजे के बाद तेज आवाज वाले आयोजनों पर भी रोक लगाने के आदेश

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पार्कों, खेल मैदानों और अन्य खुले स्थलों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार और संबंधित प्राधिकरणों को इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पर्यावरण, पक्षियों और आसपास रहने वाले लोगों पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

कोर्ट ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पार्कों, खेल मैदानों और खुली जगहों का सर्वे कराने तथा उन्हें उत्तर प्रदेश पार्क, खेल मैदान और खुली जगह संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम-1975 के तहत तैयार की जाने वाली सरकारी सूची में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने इन स्थलों का पूरा विवरण भी पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने यह आदेश धर्मपाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क समेत अन्य पार्कों में होने वाली व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अधिनियम की धारा-6 के अनुसार सूचीबद्ध पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थलों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जा सकता है, किसी अन्य गतिविधि के लिए संबंधित प्राधिकरण की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। इसी के साथ कोर्ट ने शादी-विवाह और अन्य समारोहों में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण पर भी सख्त रुख अपनाया।

माफिया कुंटू सिंह की बड़ी हवेली कुर्क

अमृत विचार, लखनऊ : आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर सोमवार को माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुन्टू सिंह की लगभग डेढ़ करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया। कुर्क किया गया भवन बड़ी हवेली के नाम से चर्चित है। बता दें कि कुंटू सिंह पर कुल 78 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी के मुताबिक, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटु सिंह प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया है। जिसने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, धोखाधड़ी एवं अन्य संगठित अपराधों के माध्यम से अवैध धन अर्जित किया है तथा ग्राम छपरा सुल्तानपुर स्थित लगभग 23 वर्ष पुराने भवन का अवैध धन से व्यापक जिर्णोद्धार व निर्माण कार्य कराया गया। "बड़ी हवेली" अपराधियों एवं गैंग के सदस्यों के जमावड़े, रंगदारी की रकम के बंटवारे तथा आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाने का प्रमुख केंद्र रही है।

सरकार संरक्षित करेगी 40 ऐतिहासिक स्मारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने प्रदेश के 40 स्मारकों और एतिहासिक स्थलों को संरक्षित घोषित करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीन स्थलों को असंरक्षित घोषित किया गया है। संरक्षित किए जाने वाले कई स्मारक 2,500 से 3,000 वर्ष पुराने हैं, जबकि कुछ अवशेष कुषाण काल के प्रतीत होते हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जर्जर और खंडहर में तब्दील हो रहे इन स्मारकों को संरक्षित कर नया स्वरूप दिया जाएगा। पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे धार्मिक और विरासत पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

संरक्षित किए जाने वाले स्मारक सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी, कानपुर नगर, रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, देवरिया, जालौन, ललितपुर, झांसी, महोबा, गाजीपुर, वाराणसी, आगरा, मैनपुरी, सहारनपुर और रामपुर में स्थित हैं।

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में रामपुर फिर रहा अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनशिकायतों के निस्तारण में बरेली दूसरे व पीलीभीत तीसरे नंबर पर

अमृत विचार : सीएम डैशबोर्ड की अप्रैल माह की रैंकिंग में रामपुर ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जबकि बरेली को दूसरा और पीलीभीत को तीसरा स्थान मिला है। प्रदेश सरकार का सीएम डैशबोर्ड एक अहम मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से सरकार को जिलों के प्रदर्शन की रीयल टाइम जानकारी मिलती है।

अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण, बेहतर फीडबैक और प्रशासनिक जवाबदेही के आधार पर रामपुर ने 10 में से 9.42 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि बरेली को 9.41 अंक और पीलीभीत 9.36 अंक मिले हैं। साफ है कि बरेली और रामपुर में अंतर बेहद मामूली है। अप्रैल माह की रैंकिंग में इटावा 9.35 अंक के साथ चौथे, हमीरपुर 9.33 अंक के साथ पांचवें और महराजगंज 9.31 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। इसके अलावा शाहजहांपुर सातवें, सीतापुर आठवें, हरदोई नौवें और औरैया दसवें स्थान पर रहे।

स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण के लिए 17 तक खुला पोर्टल

- नियंत्रक अधिकारियों से अग्रसारित आवेदन ही होंगे मान्य, पुराने प्रार्थनापत्र पोर्टल से हटाए जाएंगे

अमृत विचार , लखनऊ : प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल 11 मई से 17 मई 2026 की मध्य रात्रि तक खोला जाएगा। यह निर्णय सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण की अध्यक्षता में लिया गया है।

महानिदेशक ने बताया कि बैठक में स्पष्ट किया गया कि पोर्टल पर केवल 5 मई 2026 या उसके बाद किए गए ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। इससे पहले किए गए सभी आवेदन स्वतः निरस्त माने जाएंगे और उन्हें पोर्टल से डिलीट कर दिया जाएगा। 5 मई से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अब नया आवेदन नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर पुनः अपलोड करना होगा।

महानिदेशक कार्यालय ने निर्देश दिया है कि केवल वही आवेदन स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल किए जाएंगे, जिन्हें संबंधित नियंत्रक अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित किया गया हो। बिना संस्तुति वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। पोर्टल पर आवेदन प्राप्त होने के बाद विभागीय स्तर पर पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानांतरण प्रक्रिया की आगे की कार्रवाई और अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

नकारात्मक राजनीति कर रहे राहुल और अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी

और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की सोच इतनी नकारात्मक हो चुकी है कि वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर भी राजनीति करने से नहीं चूकते।

उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशहित में नागरिकों से सीमित संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील की थी, लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास किया। विपक्ष की यह प्रतिक्रिया उसकी राजनीतिक कुंठा और निराशा को दर्शाती है।

चुनाव खत्म होते ही सरकार को याद आया 'संकट'

- देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा: अखिलेश यादव

अमृत विचार, लखनऊ: अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को अचानक संकट याद आ गया। अगर हालात इतने गंभीर थे तो चुनाव के दौरान हजारों चार्टर उड़ानें क्यों भरी गईं? उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट सिर्फ एक है और उसका नाम भारतीय जनता पार्टी है।

सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अगर इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं तो सरकार जिस 'पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' का दावा करती रही है, उसकी सच्चाई अब सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हाथ से हालात की लगाम पूरी तरह छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और रुपया कमजोर होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि आम जनता तो महंगाई के कारण सोना खरीदने की स्थिति में ही नहीं है, जबकि भाजपा से जुड़े लोग अपनी काली कमाई को सोने में बदलने में लगे हैं।

कैबिनेट विस्तार का दिखना चाहिए असर : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसका वास्तविक प्रभाव आमजन के हित में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कैबिनेट विस्तार से गरीबों, मजदूरों, किसानों,

युवाओं और महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं दिखता, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ मानेंगे। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों के जान-माल और धर्म की सुरक्षा सुनिश्चित होना सरकार और मंत्रियों की पहली संवैधानिक जिम्मेदारी है। लोगों को न्याय मिलता हुआ महसूस होना चाहिए और यह सरकार के कार्यों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित भी होना चाहिए।

सब्सिडी योजना | आकांक्षी जिलों में प्राथमिकता के आधार पर लागू होगी योजना

बकरी पालन को मिलेगा 90 प्रतिशत अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भूमिहीन, कृषि मजदूर, सीमांत किसान और निराश्रित व विधवा महिलाओं को मिलेगा लाभ

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बकरी पालन सब्सिडी योजना शुरू की है। योजना के तहत लाभार्थी को केवल छह हजार रुपये जमा करने होंगे, जबकि शेष 54 हजार रुपये राज्य सरकार अनुदान के रूप में देगी। इस राशि से एक बकरा और पांच बकरियों की यूनिट खरीदी जाएगी।

आकांक्षी जिलों में इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। योजना से गरीब और

निराश्रित परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इस संबन्ध में पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय ने सभी जिलाधिकारियों एवं पशुपालन विभाग के निदेशक आदेश जारी कर दिया है।

एक यूनिट में क्या मिलेगा

योजना के तहत एक यूनिट में एक नर बकरा और पांच मादा बकरियां शामिल होंगी। इसके लिए लगभग 10 हजार रुपये का बकरा और नौ-नौ हजार रुपये की पांच बकरियां खरीदी जाएंगी। कुल लागत करीब 60 हजार रुपये होगी।

इन्हें मिलेगी प्राथमिकता

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। भूमिहीन महिला-पुरुष, विधवा, निराश्रित महिलाएं और बेरोजगार परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को भी वरीयता मिलेगी। उपलब्धता के अनुसार तीन प्रतिशत लाभार्थी दिव्यांगजन होंगे।

जिला स्तर पर होगी चयन प्रक्रिया

योजना के संचालन के लिए जिला स्तर पर तीन सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। इसमें उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अध्यक्ष, संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव और ग्राम प्रधान सदस्य होंगे। ग्राम प्रधान के अनुमोदन के बाद आवेदन समिति के पास भेजे जाएंगे।

यूरोप की तरह अब हॉट वाटर ट्रीटेड आम ही खरीदेगा नेपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नेपाल ने आम के निर्यात में लागू की अनिवार्यता

अमृत विचार : अब नेपाल यूरोपीय देशों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश से उपचारित आम खरीदेगा। निर्यात के लिए फल का हॉट वाटर ट्रीटमेंट होगा। ये विधि फल को उपचारित करके रोग व कीट मुक्त करती है। हॉट वाटर ट्रीटमेंट से उपचारित फल व सब्जियां यूरोपीय देशों की अनिवार्यता है। इससे पहले नेपाल बिना कोई मानक के सीधे आम व सब्जियों की खरीद करता था।

नेपाल की मांग पर निर्यातकों ने ऑर्डर लेने के साथ अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो मलिहाबाद के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आम का हॉट वाटर ट्रीटमेंट कराएंगे और यहां से प्रमाणन लेकर निर्यात करेगा। पैक हाउस के संचालक अमित अग्रवाल ने बताया कि निर्यातक शुरुआती दौर में दक्षिण राज्यों से आम खरीदेंगे। जो मई अंत तक पैक हाउस में लाकर हॉट वाटर ट्रीटमेंट कराएंगे। जून शुरुआत से नेपाल निर्यात करेंगे। इसके बाद लखनऊ समेत अन्य जिलों से आम आने लगेगा, जो अन्य देशों में निर्यात किया जाएगा।

15 व 16 को मलेशिया से आएगा दल

15 व 16 को मलेशिया से अधिकारी और विशेषज्ञों का दल लखनऊ आएगा। जो एपिडा और उद्यान विभाग के साथ बागों का विजिट करेगा। मुख्य रूप से आम के बाग, उनका पंजीयन, पैदावार, गुणवत्ता, पेस्टिसाइट के इस्तेमाल की मात्रा आदि का परीक्षण करेगा। मानकों पर खरा उतरने पर मलेशिया के लिए आर्डर मिलने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह दिल्ली से टीम भी बागों का भ्रमण कर चुकी है।

जब हौसले बुलंद हों, तो पहाड़ भी एक मिट्टी का ढेर लगता है।
–छत्रपति शिवाजी

विस्तार के संदेश

उत्तर प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद हुआ मंत्रिमंडल विस्तार आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की टीम में छह नए चेहरों को शामिल करना और दो मंत्रियों को पदोन्नति देना इस बात का संकेत है कि भाजपा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरणों के बीच नया संतुलन स्थापित करना चाहती है। यह विस्तार ऐसे समय हुआ है जब राज्य में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और हर राजनीतिक दल अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने में जुटा है।

2017 से ही योगी सरकार स्थिर और प्रभावी काम कर रही है फिर भी विस्तार की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कोई भी सरकार चुनाव से पहले उपलब्धियों के भरोसे रहने के साथ सामाजिक प्रतिनिधित्व, क्षेत्रीय असंतोष और संगठनात्मक संदेशों को भी संतुलित करने का प्रयास करती है। भाजपा समझती है कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविध राज्य केवल प्रशासनिक प्रदर्शन से नहीं, बल्कि जातीय, क्षेत्रीय और राजनीतिक सहभागिता के संतुलन से भी संचालित होता है। विस्तार का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि इसमें विभिन्न सामाजिक समूहों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास है। गैर-यादव पिछड़ा वर्ग, गैर-जाटव दलित समुदायों और क्षेत्रीय जातीय समूहों के बीच आधार मजबूत करती जा रही, भाजपा ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए इन वर्गों को यह संदेश दिया गया कि सरकार में उनकी भागीदारी बनी हुई है। यह केवल सत्ता-साझेदारी नहीं, बल्कि चुनावी मनोविज्ञान का भी हिस्सा है। नए मंत्री अगले नौ महीनों में नई नीतियां बनाने, लागू करने, उनके परिणाम जमीन पर दिखाने का विकासात्मक चमत्कार संभवतः नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इस विस्तार का उद्देश्य तत्काल प्रशासनिक बदलाव से अधिक राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करना लगता है।

नए मंत्री अपने विभागों के जरिए स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे, संगठन और सरकार के बीच संपर्क मजबूत करेंगे और चुनाव से पहले सरकार के पक्ष में वातावरण बनाएंगे, हालांकि इस प्रक्रिया का एक दूसरा पक्ष भी है। जिन मंत्रियों के विभागों का कार्यभार कम किया जाएगा, उनके बारे में यह संदेश जा सकता है कि वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन राजनीति में यह केवल 'असफलता' का संकेत नहीं होता; कई बार यह चुनावी संतुलन साधने की अनिवार्यता भी होती है। भाजपा नेतृत्व संभवतः यह संदेश देना चाहता है कि सरकार गतिशील है और समय-समय पर बदलाव करने को तैयार है। मंत्रियों की संख्या और गुड गवर्नेंस में कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिक मंत्री बना देने से शासन बेहतर नहीं हो जाता। प्रशासनिक दक्षता अंततः निर्णय क्षमता, नौकरशाही के साथ समन्वय और नीतियों के क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। फिर भी बड़े मंत्रिमंडल कई बार बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो देते हैं, हालांकि समन्वय की जटिलताएं भी बढ़ाते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से सरकारी खर्च बढ़ता है। नए मंत्रियों के कार्यालय, स्टाफ, सुरक्षा और सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, लेकिन भारतीय राजनीति में इसे अक्सर 'राजनीतिक निवेश' के रूप में देखा जाता है, खासकर चुनावी वर्ष में।

प्रसंगवश

गंभीर चेतावनी हैं खुदकुशी के बढ़ते हुए आंकड़े

भारत जैसे युवा और संभावनाओं से भरे देश में आत्महत्या के बढ़ते मामले केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और व्यवस्था के सामने खड़े गहरे संकट का संकेत हैं। जब कोई व्यक्ति जीवन से हार मानकर इतना कठोर कदम उठाता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि परिवार, समाज और पूरे देश के लिए चिंतन का विषय बन जाती है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टें लगातार यह संकेत दे रही है कि देश में आत्महत्या के मामलों में कमी आने के बजाय कई वर्षों से बढ़ोतरी देखी जा रही है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन मामलों में युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, छोटे कारोबारियों और नौकरीपेशा और गृहणियों की संख्या भी उल्लेखनीय है। यह स्थिति बताती है कि समस्या किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लगभग हर हिस्से को प्रभावित कर रही है।

संजीव मेहरोत्रा
रिटायर्ड बैंककर्मी

आत्महत्या के पीछे कारण अनेक हैं। आर्थिक असुरक्षा, बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, कर्ज़ का बोझ, नौकरी का तनाव, पारिवारिक विवाद, सामाजिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता— ये सभी मिलकर व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेलापन और डिप्रेशन जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। दुखद यह है कि आज भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में खुलकर बात करने की संस्कृति पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी है।

विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा और करियर का दबाव, सामाजिक तुलना और डिजिटल दुनिया में सफलता की कृत्रिम छवि कई बार मनोवैज्ञानिक दबाव को और बढ़ा देती है। दूसरी ओर किसानों और मजदूरों के सामने आय की अस्थिरता, बढ़ती लागत और सामाजिक सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं हैं। यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल मानसिक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय से जुड़ा प्रश्न भी है।

सरकार ने मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 जैसे कदमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी बहुत काम बाकी है। जिला स्तर तक काउंसलिंग सेवाएं, हेल्पलाइन, स्कूल-कॉलेजों में मनोवैज्ञानिक सहायता, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और संकटग्रस्त परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। परिवारों में संवाद, मित्रों के बीच संवेदनशीलता, कार्यस्थलों पर मानवीय माहौल और समुदाय स्तर पर सहयोग की संस्कृति कई जिंदगियां बचा सकती हैं। किसी व्यक्ति की चुप्पी, उदासी या व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज करना कभी-कभी भारी पड़ सकता है।

आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े हमें यह याद दिलाते हैं कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं मापा जा सकता। वास्तविक विकास वही है, जिसमें हर नागरिक को सम्मान, सुरक्षा, अवसर और उम्मीद मिले। यह समय आंकड़ों पर हैरान होने का नहीं, बल्कि उन कारणों को दूर करने का है, जो लोगों को जीवन से निराश कर रहे हैं। तभी एक स्वस्थ, संवेदनशील और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण संभव होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत-रूस व्यापार में अवसर और अवरोध

विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

भारत निकट भविष्य में रूस के साथ अपने आपसी व्यापार को सालाना 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों ही इस लक्ष्य के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट कर चुके हैं। इस बीच, दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और युद्धों के कारण वैश्विक व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं बदलावों के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा अवसर और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 23 मार्च 2026 को कहा, 'दोनों पक्ष वर्तमान वार्षिक व्यापार को 68.7 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन संतुलित तरीके से।' उन्होंने गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने, नियामक अड़चनों को समाप्त करने, भारत की कुशल कार्यशक्ति का लाभ उठाने और भारत-यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर जोर दिया।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी कंपनियां रूस से लगभग पूरी तरह दूर हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप वहां मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, रसायन, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और औद्योगिक उपकरणों की भारी कमी पैदा हो गई है। रूसी खरीदार अब भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को सक्रिय रूप से बुला रहे हैं। कम प्रतिस्पर्धा, अच्छी मांग और ज्यादा मुनाफे की संभावना साफ नजर आ रही है।

वाणिज्य मंत्रालय के जानकारों के अनुसार, इस आकर्षण के पीछे एक गंभीर मसला भी छिपा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का जाल, भुगतान व्यवस्था में आने वाली जटिलताएं, छिपे हुए अंतिम उपयोगकर्ता और कंपनी की प्रतिष्ठा को लगने वाला लंबा नुकसान किसी भी निर्यातक के लिए भारी पड़ सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारतीय निर्यात करीब 4.9 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात- जो मुख्य रूप से कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, खाद और अन्य वस्तुओं से बना है- 63.8 अरब डॉलर रहा। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिसंबर 2025 को आशावादी स्वर में कहा कि भारत और रूस को 2030 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे इससे पहले ही 100 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार कर सकते हैं। उन्होंने रूस से ज्यादा निवेश आमंत्रित किया और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में चल रही तेज रफ्तार को रेखांकित किया।

भारत के रूस राजदूत विनय कुमार ने भरोसा जताते हुए कहा, 'भारत और रूस 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह संभव है।' उन्होंने उर्वरक, कृषि, इंजीनियरिंग क्षेत्र में नई वस्तुओं के निर्यात और दोनों देशों की अपनी मुद्राओं के ज्यादा उपयोग पर विशेष जोर दिया। यह बढ़ता व्यापार भारतीय निर्यातकों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित कर रहा है। जब हम रूस से इतना ज्यादा सामान खरीद रहे हैं, तो निर्यात बढ़ाकर संतुलन क्यों न बनाया जाए? यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना बहुत जरूरी है।

2022 के बाद रूस एक सामान्य बाजार नहीं रहा है। सामान अक्सर सिविलियन उपयोग के नाम पर भेजा जाता है, लेकिन मध्यस्थों के जरिए उसे दूसरी दिशा दी जा सकती है। भुगतान घुमावदार रास्तों से होता है और अंतिम उपयोगकर्ता अक्सर छिपे रहते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भी भारतीय कंपनियों पर पड़ चुका है। 30 अक्टूबर 2024 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (OFAC) ने रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रतिबंधों के उल्लंघन के आरोप में 21 भारतीय संस्थाओं (19 कंपनियां और 2 व्यक्ति) पर प्रतिबंध लगा दिए। भारत सरकार ने इन घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया। संसद में इस पर चर्चा हुई।

28 नवंबर 2024 को राज्यसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 412 के जवाब में विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इसकी पुष्टि की। 20 दिसंबर 2024 को लोकसभा में भी इस संबंध में जानकारी दी गई। सितंबर 2025 में अमेरिकी उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो ने एक भारतीय कंपनी को काली सूची में डाल दिया, क्योंकि वह अमेरिकी मूल की वस्तुएं रूस भेज रही थी। ये उदाहरण साफ बताते हैं कि भारतीय कंपनियों को रूस के साथ काम करते समय बहुत सोच-समझकर कदम उठाना होगा।

भारत एकतरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देता और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। जैसा कि राजदूत विनय कुमार ने कहा, भारत अपने 1.4 अरब नागरिकों की सेवा के लिए जहां बेहतर सौदा मिले, वहां से सामान खरीदेगा। फिर भी निजी क्षेत्र के लिए संदेश बहुत स्पष्ट है। ड्यू डिलीजेंस सिर्फ इनवॉइस या बुनियादी रजिस्ट्रेशन जांच तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कम जोखिम वाले उपभोक्ता सामान, कुछ दवाइयां और खाद्य उत्पाद सामान्य सावधानी के साथ भेजे जा सकते हैं, लेकिन बड़े औद्योगिक सामान या संवेदनशील उत्पादों में अंतिम उपयोगकर्ता की पूरी जांच, भुगतान की पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन अनिवार्य है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि भारत रूस के साथ गहरे और टिकाऊ संबंध चाहता है, लेकिन लंबे समय के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। जो निर्यातक सख्त नियमों का पालन करेंगे, वे मौजूदा समय में अच्छा फायदा उठा सकते हैं। जो बिना सोचे-समझे कदम उठाएंगे, वे खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं। गंभीर भारतीय व्यवसायी रूस को अवसर और परीक्षा दोनों की तरह देख रहे हैं। वे जहां सुरक्षित हो, वहां लाभ कमाएंगे और पूरे उद्यम को प्रतिबंधों के जाल से बचाकर रखेंगे। बढ़ी हुई जांच के इस दौर में सतर्कता कोई विकल्प नहीं, बल्कि टिकाऊ वैश्विक व्यापार की अनिवार्य शर्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के कारण व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इसी बदलाव के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा मौका और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

आमने सामने

ममता बनर्जी की हार देखकर भी अखिलेश यादव को सबक नहीं मिल रहा है। पंजाब में अकाली दल, महाराष्ट्र में शिव सेना जैसे क्षेत्रीय दलों का हश्र क्या हुआ है। बीजेपी उन्हें भी खा जाएगी। देश में राहुल गांधी ही एकमात्र नेता हैं, जो भाजपा से मुकाबला कर सकते हैं।

–इमरान मसूद
कांग्रेस सांसद

कांग्रेस नेता को सपा को नसीहत देने से बचना चाहिए। ऐसे बयान का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है। 37 वर्षों तक समाजवादियों ने ही भाजपा और सांप्रदायिक शक्तियों से मुकाबला किया है। सपा ने हमेशा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

–हाजी फजलुर्रहमान
सपा नेता

क्रूज कल्चर: जितना रोमांच उतनी ही चुनौतियां

अजय दयाल
हल्द्वानी

मध्यप्रदेश के जबलपुर (बरगी बांध) में हुए हादसे के बाद भारत में तेजी से बढ़ता क्रूज कल्चर सवालों के घेरे में है, दरअसल तैयारी भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने की है। इस बीच ऐसा हादसा वाकई सचेत करने वाला है, जिसमें 13 पर्यटकों की जान चली गई और तमाम यात्रियों की जिंदगी जैसे-तैसे बची। अब सवाल यह है सुरक्षा की नजर से क्रूज के मानक क्या तय किए गए हैं। जैसे- उसमें लोगों को बैठाने की संख्या, सेफ्टी जैकेट या अन्य उपकरण, मेनटेनेंस, जिसमें उसके संचालन की समय सीमा भी तय हो? बीस साल पुराने क्रूज में अगर यह सबकुछ तय था, तो दुर्घटना के बिंदुओं को चिह्नित करना ही होगा।

अब इस संबध में सरकारी नीतियों पर गौर करें, तो पाएंगे कि सरकार द्वारा बंदरगाह शुल्कों को तार्किक बनाना, ई-वीजा की सुविधा देना और आधुनिक क्रूज टर्मिनलों का निर्माण करना, जैसे कदम इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यावरण के अनुकूल विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। जैसे दिल्ली और अन्य जगहों पर अब सोलर और इलेक्ट्रिक हाइब्रिड क्रूज भी उतारे जा रहे हैं, लेकिन क्रूज कल्चर के विस्तार के साथ ही सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना एक गंभीर विषय बना हुआ है। यह विषय और भी संजीदा हो जाता है, जबकि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध में क्रूज हादसा हुआ। यह हादसा इस सेक्टर में कड़े सुरक्षा नियमों पर मंथन करने पर विवश करता है। गंगा जैसी पवित्र नदियों पर व्यावसायिक क्रूज के संचालन को लेकर कुछ स्थानीय और धार्मिक असंतोष की बातें भी सामने आती रही हैं।

हम पर्यटन इंडस्ट्री में बूम लाने को समुद्र के ग्लैमर को छोटी नदी तक उतारने को आमादा हैं, दरअसल इसमें दो राय नहीं कि भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के प्रमुख कारण बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। खासकर मध्यम वर्ग और युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है। पहले यह धनवान कहे जाने वालों तक सीमित था। इस क्षेत्र को समझें तो पाते हैं कि भारत क्रूज भारत मिशन (सीबीएम), मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी-2030) और आईडब्ल्यूएआई के नेतृत्व वाली नई साझेदारियों के माध्यम से क्रूज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका लक्ष्य नदियों और तटों पर एक वैश्विक केंद्र बनना है।

इस कल्चर का उद्देश्य भी समझ लीजिए। यह छुट्टियों में घूमने का आनंद उठाने एक विकल्प है, जो समुद्री क्रूज और नदी क्रूज (अंतर्देशीय जलमार्गों पर) के माध्यम से यात्रा, आतिथ्य और दर्शनीय स्थलों को जोड़ने के साथ एक अनूठा सुखद अनुभव देता है। भारत का प्राकृतिक विस्तार इस इंडस्ट्री का आधार है, दरअसल भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, 12 प्रमुख और लगभग 200 छोटे बंदरगाह हैं और 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो 20,000 किलोमीटर से अधिक नौगम्य नदियों और नहरों को कवर करते हैं। 1,300 से अधिक द्वीप और तटीय राज्य भारत की समुद्री और अंतर्देशीय क्रूज पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

जमीनी तौर पर समझें तो पाते हैं कि दिल्ली में यमुना के लिए इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड नावों का उपयोग करके चार किलोमीटर लंबी पर्यावरण-अनुकूल क्रूज विकसित करने के लिए आईडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच मार्च 2025 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं उसी समय जम्मू और कश्मीर के चेनाब, झेलम और रावी पर क्रूज विकास के लिए समझौता किया गया। इसी तरह मध्य प्रदेश और गुजरात में त्रिपक्षीय समझौते के तहत कुक्षी-सरदार सरोवर मार्ग पर क्रूज सेवाएं शुरू की गईं।

सच पूछिए तो क्रूज कल्चर के माध्यम से पर्यटन इंडस्ट्री को बूस्ट करना नदी क्रूज पर्यटन रोडमैप 2047 के तहत है। इसे समुद्री अमृत काल विजन 2047 के हिस्से के रूप में भी हम समझ सकते हैं। इसी कारण भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने के उद्देश्य से 2024 में सीबीएम की शुरुआत की गई थी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के नेतृत्व में इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख से क्रूज यात्री यातायात को 2029 तक दोगुना करना है। इस मिशन को 3 चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें टर्मिनल विकास, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और क्षेत्रीय गठबंधन (यूएई, मालदीव, सिंगापुर) शामिल हैं।

वहीं, एमआईवी, 2030 का लक्ष्य अगले दशक में आठ गुना वृद्धि के लक्ष्य के साथ भारत को एक प्रमुख वैश्विक क्रूज पर्यटन केंद्र बनाना है। यह महासागरीय, तटीय, द्वीपीय और अंतर्देशीय क्रूज विकास पर केंद्रित होगा, जबकि, 2047 के लिए एक राष्ट्रीय क्रूज अवसंरचना मास्टर प्लान और ई-वीजा और ई-क्लियरेंस जैसी पहल का उद्देश्य कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के पीछे बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है।

सोशल फोरम

जो 'मृत' है वही स्मृति है

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

किसी के जाने पर सबसे पहले कौन सी स्मृति सामने आती है?

स्मृति....'स्मृत' में जो 'मृत' है वही स्मृति है... इसमें अच्छा या बुरा कुछ नहीं होता, हो ही नहीं सकता, सिर्फ उदासी के लिबास में लिपटी स्मृति होगी।

डॉ. शोभा जैन
लेखिका

फिर

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

मृत्यु तो मौन सत्य है उस पर मौन ही रहा जा सकता है। या फिर कोई ऐसा शोक गीत जो मेरी अनुभूति में केवल स्मृति प्रधान बन सके।

कुछ लोगों की मृत्यु एकल नहीं होती, उनके साथ बहुत कुछ अंतिम रूप ले लेता है। उनकी मृत्यु का कोई समय नहीं लिख सकती मैं। वे जब भी जाते उनका जाना 'असमय' ही लिखा जाता मेरी ओर से...।

मिलान कुंदेरा के शब्दों में-

'विस्मृति के विरुद्ध स्मृति का संघर्ष है।'

इसे लिखने का अर्थ समय की अनंत अवधारणा में उतरना। यह समय-मीमांसा है। देखने में जितनी व्यावहारिक अनुभव होती है उतनी है नहीं।

मेरे लिए इस शोक को शब्दों में उतारने का अर्थ एक ऐसा अनुवाद करना, जो मेरे जैसे एकल भाषा-भाषी के लिए संभव ही नहीं।

दुख या शोक का कोई अनुवाद भला कैसे करे?

कौन सी भाषा के सांचे में ढालूंगी उसे.. क्या वे शब्द उस देह को कंपन दे सकेंगे?

लिखते हुए कुछ भ्रम और सच साथ-साथ चलेंगे। जो उनकी स्मृतियों के साथ जुड़े रहे। ये अलग बात है केवल शब्द ही हैं, जिसके साथ हम वहां लौट सकते हैं, जहां कदम कभी पहुंच भी नहीं सकते।

सिर्फ इतना ही कह सकती हूं, वे एक तारा थे, जो सहसा बुझ गया। कभी-कभी उन्हें याद कर हम अचानक से चौक जाते हैं। फिर अब कुछ तनाव में कुछ कड़ियां जोड़ने लगती हूं, जो इधर-उधर थी।

भले ही दिवंगत आत्मा के साथ कुछ मतभेद रहे हों, लेकिन उनकी मृत्यु के प्रति पूरी निष्ठा से लिखा जाना चाहिए।

–फेसबुक वॉल से

सामयिकी

नेपाल: उल्टे न पड़ जाएं बालेन के ये फैसले

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह एक साथ कई मोर्चों पर जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसका असर उनके राजनीतिक भविष्य पर पड़ सकता है। सत्ता संभालने के बाद उनका पहला बड़ा कदम सुकंबासी (बेघर व भूमिहीन) लोगों को बेदखल करना था। इससे नेपाल के करीब 15 लाख लोग नाराज़ हो गए और बालेन के खिलाफ सड़कों पर आ गए। नाराज़ लोगों में सर्वाधिक वह परिवार भी थे, जिसके युवा अमेरिका में रह रहे हैं। चुनाव के समय अमेरिका में रह रहे नेपाली युवाओं ने अपने परिजनों को फोन कर बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को वोट देने की अपील की थी।

नेपाल के ऐसे लाखों परिवार अब निराश हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के बुलडोजर पर ब्रेक लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश जबतक आया तब तक बालेन का बुलडोजर लाखों परिवारों पर तबाही की इबारत लिख चुका था। हैरत है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद लोगों को यह यकीन नहीं हो पा रहा कि सरकार उनके पुनर्वास के बारे में कुछ सोचेगी? प्रभावित लोगों का कहना है कि सरकार ने उनके लिए किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिससे वे भारी चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों का मानना है कि यदि सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता और रणनीति के साथ हल नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र हो सकता है तथा देश के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका है। इस बीच नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि सुकंबासी बस्तियों को फिलहाल न हटाया जाए और वर्तमान स्थिति को यथावत रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सुकंबासी लोगों के लिए राहत भरा है, लेकिन लोगों की चिंता यह है कि सरकार इस आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए कोई और तरकीब न ढूंढ ले।

न्यायाधीश कुमार रेग्मी और न्यायाधीश नित्यानंद पांडे की दो सदस्यीय पीठ ने गोपाल रनपहेली समेत 11 लोगों द्वारा दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक संबंधित अधिकारी किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई से परहेज करें। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि प्रभावित लोगों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अदालत ने इस मामले को अगली सुनवाई तक विचाराधीन रखते हुए मानवाधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

बालेन सरकार के काठमांडू का मेयर रहते यह कार्रवाई उनकी प्राथमिकता में थी लेकिन तब उनका कार्य क्षेत्र सीमित था, प्रधानमंत्री बनने के बाद वे सुंदरीकरण के नाम पर पूरे नेपाल में सुकंबासियों को उजाड़ने का अभियान शुरू कर दिए हैं। नेपाल के अन्य राजनीतिक दल मानते हैं कि शहरों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह जरूरी था, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में वह होना चाहिए था, जनता ने जिसके लिए उन्हें चुना है। नेपाल में बेरोज़गारी बड़ा मुद्दा है, लेकिन यह भी सच है कि नेपाल में ऐसी कोई फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती, जिससे रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हो। इसके लिए उन्हें नेपाल के टूरिस्ट उद्योग को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। नेपाल में सबसे अधिक भारतीयों का आना-जाना होता है, लेकिन नेपाल सरकार के कस्टम ड्यूटी में बदलाव के कारण भारतीयों का नेपाल आना-जाना प्रभावित हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सोमनाथ: आस्था संकल्प और पुनर्जागरण की अनंत धारा

न हन्यते हन्यमाने शरीरे अर्थात शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक में निहित भाव और भारतीय सभ्यता की सनातन चेतना का सबसे जीवंत स्वरूप गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के दक्षिणी तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर में दिखाई देता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ ने इतिहास में अनेक आक्रमणों और विनाश को सहा, लेकिन हर बार फिर खड़ा हुआ और उसकी आरती, घंटियों और श्रद्धा की ध्वनि कभी थमी नहीं।

गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

प्राचीन काल से प्रभास पाटन महान तीर्थभूमि

भारतीय इतिहास के हजारों वर्षों में सनातन धर्म ने कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। राजनीतिक परिवर्तन, आक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर में मंदिरों, मठों और ज्ञान केंद्रों को नुकसान पहुंचाया गया, उनकी संरचनाएं बदली गईं और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद भारतीय आध्यात्मिक परंपरा न केवल जीवित रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित भी करती रही। इसकी सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि संस्थागत क्षति और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इसकी आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं थे, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के भी केंद्र थे। राजसत्ता से उनके गहरे संबंध के कारण वे युद्ध और संघर्ष के समय सबसे पहले निशाने पर आए। महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ पर किया गया आक्रमण इतिहास की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक है। फारसी ग्रंथों में इसे विजय के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भारतीय परंपरा में इसे पीड़ा, संघर्ष और पुनर्निर्माण की कथा के रूप में याद किया गया, लेकिन ऐतिहासिक सत्य यह है कि सोमनाथ कभी श्रद्धा से विलुप्त नहीं हुआ। चालुक्य शासकों सहित अनेक राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया और यह निरंतर आस्था का केंद्र बना रहा। ऐसी अनेक घटनाएं भारत के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती हैं। सोमनाथ का इतिहास केवल एक आक्रमण की कहानी नहीं है। प्राचीन काल से ही प्रभास पाटन एक महान तीर्थभूमि रहा है। इसे विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में प्रभास-पट्टन, शिव-पट्टन और प्रभास-तीर्थ जैसे नामों से जाना गया। यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है और यही वह स्थान माना जाता है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद उनका अंतिम संस्कार हुआ। निकट ही वैराग्य क्षेत्र और गोपी तालाब स्थित हैं, जहां से गोपी चंदन प्राप्त होता है। इस संपूर्ण क्षेत्र की यात्रा को भारतीय तीर्थ परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है। काठियावाड़ और गुजरात की प्राचीन धरोहरों पर आधारित कई ऐतिहासिक अभिलेखों और पुरातात्विक रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है।

शैव और वैष्णव परंपराओं का केंद्र

सोमनाथ भारत की समावेशी सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। यह शैव और वैष्णव परंपराओं के अद्भुत संगम का केंद्र है और हमें यह याद दिलाता है कि भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुलतावादी और समावेशी रही है। स्वतंत्र भारत में सोमनाथ के पुनर्जागरण का आधुनिक अध्याय 12 नवंबर 1947, दीपावली के दिन आरंभ हुआ, जब देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस पवित्र स्थल का दौरा किया। विभाजन की पीड़ा के बीच सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इसके बाद सोमनाथ को एक सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में प्रातः काल संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान की।

आधुनिक समाज को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास

आज जब भारत 'भारत @ 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब सोमनाथ से जुड़े ये सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। तकनीकी बदलाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि विकास का अर्थ करुणा को त्यागना नहीं है और शक्ति का अर्थ संयम को छोड़ देना नहीं है। सोमनाथ हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सामर्थ्य से नहीं, बल्कि स्मृति, विवेक और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से निर्मित होता है। इसी दृष्टि से "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026-27" की परिकल्पना की गई है। यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रीय आयोजन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक निरंतरता और सभ्यतागत चेतना को समर्पित है। सदियों तक अनेक बार विध्वंस झेलने के बाद भी जिस प्रकार समाज के सामूहिक संकल्प से सोमनाथ पुनः स्थापित होता रहा, वह भारत की सांस्कृतिक आत्मशक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उदाहरण है।

8 से 11 जनवरी 2026 के बीच प्रारंभ हुए इस पर्व के माध्यम से दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पड़ावों को स्मरण किया गया। 1026 में सोमनाथ पर हुए प्रथम दर्ज आक्रमण के एक हजार वर्ष और स्वतंत्रता के बाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के पुनः उद्घाटन के 75 वर्ष। इस आयोजन का उद्देश्य सोमनाथ को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक स्मृति के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है। 11 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम तक देशभर में यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन, संवाद, शैक्षिक कार्यक्रम और विभिन्न ज्योतिर्लिंगों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, जिलों और शिवालयों में समन्वित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं, सोमनाथ ने एक नए पुनर्जागरण का दौर देखा है। प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पहलों ने सोमनाथ को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त किया है। पर्यावरणीय संतुलन और महिला-सशक्तिकरण आधारित सेवा पहलों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि भारतीय सभ्यतागत मूल्य आधुनिक जिम्मेदारियों और समावेशिता के साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधुनिक समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन मूल्यों, परंपराओं और जिम्मेदारियों में है, जिन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता रहा है। इसी कारण आज सोमनाथ केवल पुनर्निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि एक जीवंत तीर्थ है। इक्कीसवीं सदी में आगे बढ़ते भारत के लिए सोमनाथ एक महत्वपूर्ण संदेश देता है - कोई भी सभ्यता तब मजबूत रहती है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, समय के साथ स्वयं को ढालती रहे और सभी को साथ लेकर चले। सोमनाथ की यह विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहे- उद्देश्यपूर्ण निर्माण करने के लिए, संतुलित आचरण के लिए और अपनी पहचान के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने के लिए।

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या वट सावित्री अमावस्या कहलाती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वटवृक्ष तथा यमदेव की पूजा करती हैं। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। इस वर्ष यह पर्व 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा।

सौभाग्य और पतिव्रता का महापर्व वट सावित्री व्रत

उत्तर भारत में 'बरगदाही' के नाम से पुकारे जाने वाले सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचायक इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली-भांति परिचित हैं। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने-सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है। कहते हैं कि महासती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति का पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वट वृक्ष हिन्दू धर्म में देववृक्ष के रूप में पूज्य हो गया।

तात्विक दृष्टि से विचार करें तो वट पूजन के इस महाव्रत में स्त्री शक्ति की प्रबल जिजीविषा की विजय के महाभाव के साथ हमारे जीवन में वृक्षों की महत्ता व पर्यावरण संरक्षण का पुनीत संदेश भी छुपा है। कथा के अनुसार सावित्री राजा अश्वपति की पुत्री थी, जिसे राजा ने बहुत कठिन तपस्या करने के उपरांत देवी सावित्री की कृपा से प्राप्त किया था। इसलिए राजा ने उनका नाम 'सावित्री' रखा था। सावित्री बहुत गुणवान और रूपवान थी, लेकिन उसके अनुरूप योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहा करते थे। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं अपना वर तलाश करने भेज दिया और इस तलाश में एक दिन वन में सावित्री ने सत्यवान को देखा और उसके गुणों के कारण मन में ही उसे वर के रूप में वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे, लेकिन उनका राज्य किसी ने छीन लिया था और काल के प्रभाव के कारण सत्यवान के माता- पिता अंधे हो गए थे।

पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

सत्यवान व सावित्री के विवाह से पूर्व ही नारद मुनि ने यह सत्य सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है, अतः वह उससे विवाह न करे। यह जानते हुए भी सावित्री ने सत्यवान से विवाह करने का निश्चय किया और देवर्षि नारद से कहा-भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है, बारंबार नहीं। अतः मैंने एक बार ही सत्यवान का वरण किया है और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से भी लड़ना पड़े तो मैं यह करने को तैयार हूं। उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब सत्यवान लकड़ी काटने के लिए गए तो सावित्री भी उनके साथ गई और जब मृत्यु का समय निकट आ गया तथा सत्यवान के प्राण हरने लिए यमराज आए तो सावित्री भी उनके साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। तब यमराज ने उससे सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई भी वर मांगने को कहा।

उस स्थिति में सावित्री ने अपने अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति और ससुर का खोया हुआ राज्य मांग लिया, किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया। उसकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने जब पुनः उससे वर मांगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्रों की मां बनने का बुद्धिमत्तापूर्ण वर मांगा, यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वटवृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और इस व्रत में वटवृक्ष और यमदेव की पूजा का विधान बन गया। महर्षि श्री अरविंद ने भी इस कथा को मध्य में रखते हुए सावित्री महाकाव्य का रचना की है, जिसमें उन्होंने सावित्री की कथा को आध्यात्मिक जीवन की यात्रा व उसकी अनुभूतियों के रूप में पिरोया है। उसे सावित्री-साधना का आध्यात्मिक ग्रंथ भी कह सकते हैं।

वटवृक्ष के कई दृष्टिकोण : वटवृक्ष कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है, सबसे पहले यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, क्योंकि इसी वृक्ष के नीचे राजकुमार सिद्धार्थ ने बुद्धत्व को प्राप्त किया और भगवान बुद्ध कहलाए। बोध ज्ञान को प्राप्त करने के कारण इस अक्षय वटवृक्ष को बोधिवृक्ष भी कहते हैं, जो गया तीर्थ में स्थित है। इसी तरह वाराणसी में भी ऐसे वटवृक्ष हैं, जिन्हें अक्षयवट मानकर पूजा जाता है। वटवृक्ष वातावरण को शीतलता व शुद्धता प्रदान करता है और आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लाभकारी है।

पीपल के समान वट वृक्ष

शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार-वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन और व्रतकथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह वृक्ष लंबे समय तक अक्षय रहता है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहते हैं। जैन और बौद्ध भी अक्षयवट को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जैनों का मानना है कि उनके तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने अक्षयवट के नीचे बैठकर तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली या तपोवन के नाम से जाना जाता है। हमारी अरण्य संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है।

वैदिक मनीषा कहती है कि हवा के झोंकों से झूमते घने छायादार वृक्ष और उनसे गले मिलती लताएं प्रकृति का श्रृंगार ही नहीं, जीवन का अजस्र स्रोत भी हैं। हमारे देश की समग्र सभ्यता, संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म-दर्शन का विकास वनों में ही हुआ था। वैदिक भारत में लोग वनदेवी की नियमित उपासना किया करते थे। स्मृति ग्रथों में वन संपदा को नष्ट करने वालों के लिए कठोर दंड का विधान किया गया है। ज्ञात हो कि वृक्ष-वनस्पति हमें हरियाली और फल-फूल देने के साथ ही अपनी प्राणवायु से हमें जीवन और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान भी देते हैं। इनका न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में अमूल्य योगदान है, वरन ये ग्रह व वास्तुदोष भी दूर करते हैं। हमारे समूचे पर्यावरण की सेहत इन्हीं मूक देववाओं की कृपा पर टिकी है। इसीलिए तो वृक्ष-वनस्पति के प्रति गहरी श्रद्धा व लगाव भारतीय संस्कृति की अति पुरातन व संवेदनशील परंपरा रही है। अतः वट सावित्री व्रत के रूप में वटवृक्ष की पूजा का यह विधान भारतीय संस्कृति की गौरव-गरिमा का एक प्रतीक है और इसके द्वारा वृक्षों के औषधीय महत्व व उनके देवस्वरुप का भी ज्ञान होता है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	76,015 .28	23,815 .85
गिरावट	1,312 .91	360 .30
प्रतिशत में	1.70	1.49

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,65,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार, 12 मई 2026

www.amritvichar.com

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन :- तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

किराना :- निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

चावल (प्रति कु0) :- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

दाल दलहन :- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

चीनी :- द्वारिकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

बरेली सर्राफा

सोना प्रति 10 ग्राम : पक्के आभूषण 151500, गिन्नी जेवर 147500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 254000 अनुमानित

बिजनेस ब्रीफ

यूपीएल का लाभ 20 % बढ़कर 1294 करोड़

नई दिल्ली। कृषि रसायन और फसल सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी यूपीएल का मजबूत बिक्री के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 1,294 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। गुजरात की इस कंपनी की कुल आय मार्च तिमाही में 18 % बढ़कर 18,335 करोड़ रही।

सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित

निफ्टी भी 360.30 अंक की गिरावट के साथ 23,815.85 पर हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव से लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं, कार पूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया।

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स शुक्रवार को 516.33 अंक टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 150.50 अंक गिरकर 24,176.15 अंक पर रहा था।

मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 % बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर

नुकसान में रहे शेयर :- टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

बढ़त के साथ बंद हुए :- लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

मिडकैप 1.09 और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत गिरा

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई।
- छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा।
- क्षेत्रवार उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 3.76 प्रतिशत, रियल एस्टेट (2.74 प्रतिशत), मध्यम-लघु निजी बैंकों का गुणवत्ता सूचकांक (2.60 प्रतिशत), बीएसई पीएसयू बैंक (2.28 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुएं (2.14 प्रतिशत) और बिजली (2.13 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की गई।
- शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,110.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

मोदी के भाषण से दबाव में बाजार

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका के बीच निवेशकों ने आक्रामक रूप से शेयरों की बिकवाली की। इससे सूचकांकों में गिरावट आई। कहा कि आज की इस गिरावट का तात्कालिक कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मई का भाषण है, जिसे बाजार ने वृहद आर्थिक दबाव के संकेत के रूप में लिया है।

मोदी की अपील से आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर संभव : जीजेसी

मांग घटाने से नहीं, स्वर्ण मौद्रीकरण योजना में सोने के उपयोग से होगा समाधान

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक उद्योग संगठन ने सोमवार को यह आशंका जताई।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम सोने की जिम्मेदारी से खपत करने संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को समझते हैं। यह बढ़ते आयात और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की व्यापक राष्ट्रीय चिंता को दर्शाती है। लेकिन भारत में पहले से ही हजारों टन सोना घरों में रखा हुआ है। ऐसे में समाधान केवल सोने की मांग घटाने में नहीं, बल्कि स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) के जरिये मौजूदा सोने के उपयोग में है।

रोकड़े ने कहा कि अतीत में इस तरह के मामलों में 'रिवेंज बाइंग' यानी प्रतिबंध के बाद अधिक खरीद की स्थिति भी देखी गई है, जिससे आगे चलकर सोने की मांग बढ़ सकती है।

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने का भारतीय परिवारों से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव है, लेकिन वर्तमान में आर्थिक स्थिरता के साथ मांग का संतुलन भी जरूरी है। एक मजबूत एवं पारदर्शी स्वर्ण मौद्रीकरण योजना दीर्घकालिक समाधान हो सकती है। इस योजना के जरिये घरों और लॉकर में रखे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है। इससे आयात घटेगा, चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव कम होगा और वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।

- देश के घरों में रखा है हजारों टन सोना
- ऐसी अपील से रिवेंज बाइंग भी संभव

ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपये टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। इससे पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर, विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी: वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है।

वैष्णव ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पश्चिम एशिया में संघर्षविराम अभी 'बहुत दूर' नजर आ रहा है।

कहा कि हम बहुत अनिश्चितता वाले समय में हैं। हमारी किसी गलती के बगैर, हमारे पड़ोस में दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति में यहां पर संघर्षविराम होना दूर लगता है।

एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के समझदारी से इस्तेमाल और किसी भी तरह से विदेशी मुद्रा बचाने पर जोर दिया। वैष्णव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में नागरिकों को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। हम नागरिकों के रूप में अपने जीवन और कामकाज में ऐसे उपाय पहचान सकते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। साथ ही हमें विदेशी मुद्रा अर्जित करने के प्रयास भी बढ़ाने चाहिए।

मेले में देवेगौड़ा

बेंगलुरु : पूर्व प्रधानमंत्री और जडी (एस) प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा ने सोमवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कब्बन पार्क में आयोजित आम और कटहल मेले का दौरा किया। ● एजेंसी

व्यापार वार्ता के अगले दौर पर अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद: अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को उम्मीद है कि व्यापार वार्ता के अगले दौर के लिए अमेरिकी दल देश का दौरा करेगा। हालांकि, इसके लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय पक्ष ने अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में वाशिंगटन का दौरा किया था। अब हमें अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद है। अप्रैल की बैठक के बाद दोनों पक्ष व्यापार वार्ता की गति को बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं।

एफटीए का लाभ उठाए उद्योग जगत : वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। सचिव ने कहा कि एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और आसियान सहित कई देशों और समूहों के साथ व्यापार समझौते किए हैं।

वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड मॉडल अपना रहीं आईटी कंपनियां: नैसकॉम

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां एहतियाती प्रबंधन उपाय अपना रही हैं, जिनमें वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड व्यवस्था को बढ़ावा देना शामिल है। उद्योग संगठन नैसकॉम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईटी कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र पहले से ही हाइब्रिड मॉडल (घर एवं दफ्तर से काम की मिली-जुली व्यवस्था) के तहत काम करता रहा है और कंपनियां कर्मचारियों के पद से जुड़ी जरूरतों और ग्राहकों की मांग के आधार पर 'घर से काम' और दफ्तर से काम के बीच संतुलन बना रही हैं।

संगठन ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए कंपनियों ने अपने परिसरों में ऊर्जा प्रबंधन के विवेकपूर्ण उपाय अपनाए हैं। इसमें गैर-जरूरी खपत को कम करना, कुछ सुविधाओं को युक्तिसंगत बनाना और संभव होने पर दूरस्थ या हाइब्रिड कार्य व्यवस्था को सक्षम बनाना शामिल है, ताकि कुल ऊर्जा उपयोग और आवागमन को कम किया जा सके।

नैसकॉम ने मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य को 'लगातार विकसित होती स्थिति' बताते हुए कहा कि वह घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए है तथा उद्योग हितधारकों और सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि इस स्थिति का ''समन्वित और जिम्मेदार'' तरीके से सामना किया जा सके। करीब 3,500 कंपनियों का संगठन नैसकॉम भारत के लगभग 315 अरब डॉलर के प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

नैसकॉम का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया था।

निवेश की पाठशाला

सोने के लिए आरबीआई का गोल्डन 'मास्टर प्लान'

कारोबार डेस्क

क्या आपके घर के लॉकर में पड़ा सोना उपयोग में नहीं आ रहा है? अगर हां, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आपके लिए एक ऐसा 'मास्टर प्लान' तैयार कर रहा है जिससे आपका वही सोना आपको घर बैठे नियमित आय दिलवा सकता है। हमारे के लिए सोना सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि एक इमोशन है, लेकिन रिजर्व बैंक आपकी भावनाओं को आपकी कमजोरी नहीं, बल्कि वह आपकी आर्थिक ताकत बनाना चाहता है। आइए, जानते हैं क्या है मास्टर प्लान...

क्या है गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम?

- सरकार ने 15 सितंबर 2015 को इस योजना की शुरुआत की थी। इसका मकसद था कि देश में उपलब्ध सोना उपयोग में लाया जा सके और सोने के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिले। इसमें लोगों के पास मौजूद सोने को जमा करने की सुविधा दी गई थी, जिससे उस सोने का इस्तेमाल किसी प्रोडक्टिव काम में किया जा सके। लोगों ने बहुत कम दिलचस्पी दिखाई, क्योंकि इसके तहत बैंक उस सोने को पिघला देते थे, जो उनके पास पहुंचता था।

आरबीआई का नया 'मास्टर प्लान'

- आरबीआई के अनुसार भारत के घरों में लगभग 20,000 टन से ज्यादा सोना जमा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा निष्प्रयोज्य सोने का भंडार है। रिजर्व बैंक चाहता है कि लोग इस सोने को बैंक में जमा करें और इससे कमाई करें।

चुनौतियां:

- **दादी-नानी के गहने:** गहनों के साथ लोगों की यादें जुड़ी होती हैं, वे उन्हें पिघलते हुए नहीं देख सकते।
- **टैक्स का डर :** कई लोगों के पास विरासत में मिला सोना है, जिसका कोई बिल या रिकॉर्ड नहीं है। बैंक जाते ही इनकम टैक्स विभाग उनसे रिकॉर्ड मांगेगा।

अर्थ व्यवस्था को क्या फायदा?

- **आरबीआई की इस स्कीम के पीछे एक बड़ा आर्थिक कारण है:**
- **इंपोर्ट में कमी:** जब लोग बैंक में सोना जमा करेंगे, तो ज्वेलर्स को बाहर से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- **रुपया होगा मजबूत:** हम सोना विदेशों से डॉलर में खरीदते हैं, जब सोना कम मंगाएंगे, तो डॉलर कम बाहर जाएगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसका असर ये होगा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपया मजबूत होगा।
- **प्रोडक्टिव यूज:** लॉकर में पड़ा सोना देश की जीडीपी में योगदान नहीं देता, लेकिन बैंक में आने के बाद यह बाजार में सर्कुलेट होता है और इसकी गिनती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।

काम की बात

- अगर आपके पास सोने के सिक्के या बार हैं जिन्हें आप पहनते नहीं हैं, तो उन्हें लॉकर में बंद रखने के बजाय बैंक में जमा करना एक 'समझदारी भरा' फैसला हो सकता है। इससे आपको हर साल ब्याज मिलेगा और आप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान दे सकेंगे। आरबीआई जल्द ही इस पर बड़े फैसले ले सकता है, जिससे यह स्कीम और भी आसान एवं लाभकारी हो जाएगी।

खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त: सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार 'पर्याप्त' है। आगामी खरीफ सत्र के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उर्वरक सुरक्षा स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित है। शर्मा ने कहा कि उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमाति आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

योजना से परिवर्तन | **अब अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजे जाएंगे सत्तू के लड्डू, 700 महिलाओं को मिला रोजगार**

ओडीओपी से बलिया के सत्तू को मिली वैश्विक पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना अब प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। बलिया का मशहूर चने का सत्तू अब अमेरिका, दुबई समेत कई खाड़ी देशों तक पहचान बना चुका है।

अब बलिया के सत्तू से तैयार होने वाले लड्डू को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इससे 700 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है, जबकि किसानों को चने की फसल का बेहतर दाम मिल रहा है।

अमेजन, फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भी यूपी का यह पारंपरिक उत्पाद लोगों की पसंद बन रहा है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले शहरी उपभोक्ताओं के बीच भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। निधि उद्योग की संस्थापक नीति अग्रवाल ने बताया कि बलिया के सत्तू से बनने वाले लड्डू को अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और ओडीओपी के कारण बलिया का यह पारंपरिक उत्पाद अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रहा है।

व्यवस्थापक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सत्तू उत्पादन और पैकेजिंग के बढ़ते कारोबार से करीब सात सौ महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं द्वाबा क्षेत्र के किसानों का चना हाथोंहाथ खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि भृगु मंदिर क्षेत्र में सत्तू को प्रसाद के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। इसी पहचान को ब्रांडिंग से जोड़ते हुए पहले आकर्षक पैकेजिंग तैयार की गई और फिर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर एफपीओ के माध्यम से किसानों और उत्पादकों को जोड़ा गया। वर्तमान में क्षेत्र में करीब साढ़े छह हजार हेक्टेयर में चने की खेती हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को बलिया के सत्तू के पैकेट भिजवाए हैं, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिल सके।

गांव से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचा पारंपरिक स्वाद

कभी गांवों तक सीमित माना जाने वाला सत्तू अब ई-कॉमर्स और निर्यात के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। ओडीओपी योजना के कारण स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का नया मंच मिला है।

> ओडीओपी योजना के जरिए स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक पहचान अब देश और दुनिया तक पहुंच रही है।
> –मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी, बलिया

वर्ल्ड ब्रीफ

खाद्यतेल के आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्यतेल निकाय एसईए ने सोमवार को लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है।

दिल्ली में 24 को आयोजित होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम

नई दिल्ली, एजेंसी। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां के लाल किला मैदान में 24 मई को जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस संबंध में सोमवार को यहां स्थित प्रेस क्लब में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने सोमवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं। यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है।

ईयू यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

ब्रुसेल्स, एजेंसी। यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुश्री कोस ने कहा, "हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी।

होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी

लंदन, एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेज़बानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी।

इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक पूर्णतः रक्षात्मक मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती

का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा।

इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने की कोशिश में सबसे आगे हैं। साथ ही ये देश इस मिशन में वैश्विक भागीदारी का आह्वान भी करते रहे हैं।

युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिये साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है।

काठमांडू में लैंड करते समय टर्किश एयरलाइंस के विमान में आग लगी, सभी यात्री सुरक्षित

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय टर्किश एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन घटना के बाद हवाई अड्डा का परिचालन करीब दो घंटे के लिए बंद करना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विमान में 277 यात्री और चालक दल के 11 सदस्य सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। यह घटना सुबह छह बजकर 36 मिनट पर हुई। इस्तांबुल से आ रही टर्किश एयरलाइंस की उड़ान 'टीके 726' में हवाई अड्डे पर उतरते समय पिछले पहिये में आग लग गई। घटना के बाद हवाई अड्डे का परिचालन रोक दिया गया और आग पर काबू पाने के लिए दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं।

अधिकारियों ने बताया कि विमान से सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद सामान्य उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो गईं। समाचार पत्र 'द हिमालयन टाइम्स' के अनुसार, विमान में पार्थिव देह और सामान भी था। आग लगने की घटना के बाद विमान मुख्य रनवे पर रुक गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं बाधित हुईं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। टर्किश एयरलाइंस इस्तांबुल से नेपाल के लिए सप्ताह में पांच उड़ानें संचालित करती है। काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नेपाल को 17 देशों के 40 से अधिक गंतव्यों से जोड़ता है।

चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैध : चीन

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को अवैध एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गये एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाये हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं।

उन्होंने कहा कि बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मज़बूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है।

इस समय सबसे ज़रूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जायें, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाये।

वित्त एवं विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को घोषित किये गये इस फ़ैसले से अगले हफ़्ते डोनाल्ड ट्रंप की चीन की प्रस्तावित यात्रा में अड़चनें पैदा होने का जोखिम है।

फिलीपीन : संसद में हुआ उपराष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने को मतदान

मनीला, एजेंसी। फिलीपीन की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने सोमवार को उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया। उन पर बेहिसाब संपत्ति रखने, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। सदन में राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के सहयोगियों का बहुमत है। सदन में 257 सदस्यों ने महाभियोग चलाये जाने के पक्ष में मतदान किया जबकि 25 सदस्यों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, वहीं नौ सदस्य अनुपस्थित रहे। सदन में महाभियोग पर मतदान से ठीक पहले, सीनेट अध्यक्ष विसेंट सोटो तृतीय को 24 में से 13 सीनेटर ने पद से हटा दिया, जिनमें उपराष्ट्रपति और उनके पिता एवं पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के समर्थक भी शामिल थे।

गर्मी से राहत

सूरत के सार्थना नेचर पार्क (सार्थना चिड़ियाघर) में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए सफेद बत्तखें और हंस वहां बने जलाशयों में तैरते देखे जा सकते हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने जानवरों के लिए खास इंतजाम किए हैं। ● एजेंसी

ट्रंप 13 से 15 तक चीन की यात्रा पर रहेंगे

बीजिंग, एजेंसी: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर ट्रंप यह यात्रा कर रहे हैं। करीब नौ वर्षों में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की यह पहली यात्रा है। ट्रंप की यह यात्रा अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट और ताइवान समेत कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते तवाव के दौरान हो रही है। अमेरिकी प्रधान उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को कहा कि ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। ट्रंप शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे।

यूएई से भारतीयों को निकालने की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● **विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को खारिज किया**

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को उस खबर को खारिज किया जिसमें दावा किया गया था कि फुजैराह बंदरगाह के माध्यम से भारतीय श्रमिकों की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक समझौते पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं है और फुजैराह या यूएई से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित मीडिया की एक खबर के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि आपने एक विशेष समाचार का उल्लेख किया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप विदेश मंत्रालय के फैक्टचेक को भी देखें क्योंकि हमने इस संबंध में पहले ही स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। ऐसी खबर का कोई आधार नहीं है। साथ ही, फुजैराह या संयुक्त अरब अमीरात से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है। इसलिए, कृपया हमारे द्वारा जारी किए गए स्पष्टीकरण को भी देखें।

इससे पहले दिन में विदेश मंत्रालय की फैक्ट-चेक टीम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस खबर को फर्जी खबर बताया। विदेश मंत्रालय की फैक्टचेक टीम ने अपनी पोस्ट में कहा कि फर्जी खबर! ऐसी किसी भी खबर का कोई आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी की योजना नहीं बनाई जा रही है। कृपया ऐसे झूठे और निराधार दावों से सावधान रहें। प्रेसवार्ता के दौरान, जायसवाल से भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स सदस्य देशों और अन्य देशों के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक के बारे में भी सवाल किया गया।

क्रूज जहाज से निकाले गए तीन यात्री संक्रमित

द हेग, एजेंसी

एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के प्रकोप के बाद सुरक्षित निकाले गए यात्रियों में से एक फ्रांसीसी महिला और दो अमेरिकी नागरिक संक्रमित पाए गए हैं या उनमें इसके लक्षण दिखे हैं। इस बीच, दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को वापस लाने और उन्हें पृथक-वास में रखने की कवायद तेज कर दी है। स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में एमवी होंडियस क्रूज जहाज के पहुंचने के बाद रविवार से यात्रियों को सैन्य और सरकारी विमानों से उनके देशों में वापस भेजने का सिलसिला शुरू हुआ।

टेनेरिफ में सोमवार को भी सुरक्षात्मक सूट और मास्क पहने कर्मियों की निगरानी में यात्रियों को जहाज से तट तक पहुंचाया गया। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने सोमवार को बताया कि क्रूज जहाज से रविवार को उतारकर विमान में पेरिस लाए गए पांच यात्रियों में से एक महिला संक्रमित पाई गई है और रात में अस्पताल में उसकी हालत बिगड़ गई। रिस्ट ने बताया कि महिला में

हंता वायरस

पेरिस की उड़ान के दौरान ही लक्षण दिखने शुरू हो गए थे। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार देर रात बताया कि जहाज से सुरक्षित निकाले गए और नेब्रास्का भेजे गए 17 अमेरिकी यात्रियों में से एक व्यक्ति हंता वायरस से संक्रमित पाया गया है, हालांकि उसमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण पाए गए हैं।

यह विमान सोमवार सुबह अमेरिका पहुंचा। अमेरिकी यात्रियों को सबसे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर ले जाया जाएगा। यहां उन्हें संघीय पृथक-वास (क्वारंटीन) केंद्र में रखा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या नहीं और उनसे वायरस फैलने का खतरा कितना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन यात्रियों की कड़ी निगरानी की सिफारिश की है। इससे पहले, स्पेनिश स्वास्थ्य मंत्रालय और 'एमवी होंडियस' क्रूज संचालक कंपनी 'ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स' के अधिकारियों ने कहा था कि जहाज पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं। हंता वायरस के प्रकोप की शुरुआत से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और जहाज से पहले उतरे पांच अन्य लोग संक्रमित पाए गए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, "यह कोविड जैसी स्थिति नहीं है और आम जनता के लिए जोखिम कम है। इसलिए लोगों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है।

डब्लूएचओ की मुख्य महामारी विज्ञानी मारिया वान केरखोव ने सिफारिश की है कि यात्रियों के स्वदेश लौटने पर उनकी दैनिक स्वास्थ्य जांच की जाए। इस प्रकोप में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

बीएलए को आतंकवाद से जोड़ने पर आस्ट्रेलिया की आलोचना

लंदन/नई दिल्ली, एजेंसी। बलूचिस्तान आंदोलन के एक वरिष्ठ नेता ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को आतंकवाद से जोड़ने के फैसले के औचित्य पर सवाल उठाया है।

प्रमुख बलूच कार्यकर्ताओं में से एक मीर यार बलूच ने ऑस्ट्रेलिया को चुनौती दी कि वह बीएलए के हमले का कोई सबूत पेश करे। उन्होंने आरोप लगाया है कि संगठन को "आतंकी" घोषित करना पाकिस्तानी लामबंदी और दुष्प्रचार का परिणाम है।

मीर यार बलोच ने बताया, न्याय, लोकतंत्र और मानवीय गरिमा को महत्व देने वाले राष्ट्र के रूप में, ऑस्ट्रेलिया के पास न केवल कब्जा करने वाले पाकिस्तान की आवाज सुनने का नैतिक अवसर है, बल्कि उन उत्पीड़ित लोगों की आवाज भी सुनने का अवसर है जो मान्यता, सम्मान और शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपने भविष्य का निर्धारण करने के अधिकार की मांग कर रहे हैं।

चुनाव आयोग जल्द शुरू करेगा तीसरा चरण

मतदाता सूची पुनरीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा और अंतिम चरण शुरू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत शेष 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता हैं। इससे पहले आयोग 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 60 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर चुका है।

आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों (मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा) सहित चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल जून में घोषित यह प्रक्रिया कई कारणों से विलंबित हुई है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कारण इसे टाला गया था। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और बिहार में राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया के खिलाफ शीर्ष अदालत में दलीलें पेश की थीं। पुनरीक्षण के दौरान बिहार में विदेशी नागरिकों (बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा) की पहचान के दावे किए गए थे, हालांकि आयोग ने बाद में ऐसे अयोग्य लोगों का कोई आधिकारिक साक्ष्य साझा नहीं किया। इस चरण के पूरा होते ही देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस अखिल भारतीय प्रक्रिया के दायरे में आ जाएंगे।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज आपको काम के दौरान ज्यादातर शांत रहना चाहिए। सहकर्मियों के व्यवहार को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

वृष — आज नई परियोजनाओं को लेकर उत्सुकता जागेगी। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके नियंत्रण में रहेंगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज कोई शुभ सूचना मिल सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

कर्क — आज गूढ़ ज्ञान अर्जित करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई की ओर एकाग्रचित्त रहेंगे। परिजनों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

सिंह — आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। खर्चों में कमी आने से मन संतुष्ट रहेगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष में हैं।

कन्या — आज अपनी जॉब को लेकर थोड़े असंतुष्ट हो सकते हैं। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अटका हुआ धन वापस प्राप्त होगा।

तुला — आज आपको अपने काम पर बहुत ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। कड़वी बातों का प्रयोग न करें।

वृश्चिक — आज अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं। आपके सुझावों से लोगों को बहुत अच्छा लाभ होगा।

धनु — आज सभी कार्यों में विजय प्राप्त होगी। सुख-सुविधाओं का उपभोग करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को पहली प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कर लें।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आपके योगदान की प्रशंसा होगी। बॉस आपके कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

कुंभ — आज आवश्यक कार्यों को सुबह ही कर लेना उचित होगा। उच्च पद पर बैठे लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

मीन — आज प्रियजनों के व्यवहार से मन खिन्न होगा। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। पुराने कर्जों को लौटाने का दबाव रहेगा।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 12 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 14.52 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 13 मई 01.27 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

सुडोकू - 146 का हल

8	9	7	1	4	5	2	6	3
1	2	6	7	9	3	8	5	4
3	5	4	2	8	6	1	9	7
9	6	3	4	2	8	5	7	1
5	7	8	3	6	1	9	4	2
2	4	1	5	7	9	6	3	8
6	3	2	8	5	7	4	1	9
4	1	5	9	3	2	7	8	6
7	8	9	6	1	4	3	2	5

सुडोकू -147

1			2		3			
						4		3
		6	7					
3			6		1			
4	2							1
			4		8			
				7	9	2		
8		3						
			8		5			

सुप्रीम सवाल — हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी

विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति निंदनीय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने पर्यावरण के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करने वाली याचिकाओं की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि यदि हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जिसका स्वागत इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने किया हो। पीठ ने रेखांकित किया कि वर्तमान में दायर की जा रही कई याचिकाओं का प्राथमिक उद्देश्य केवल विकास की गति को रोकना प्रतीत होता है, जो देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यह मामला गुजरात के पिपावाव बंदरगाह के विस्तार और आधुनिकीकरण से जुड़ा है। दरअसल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पश्चिमी क्षेत्र की पीठ ने पूर्व में बंदरगाह को दी गई पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी को रद्द करने की मांग वाली अपील खारिज कर दी थी। इसी आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ

ने पाया कि एनजीटी ने इस मामले में पहले ही बहुत विस्तृत और तकनीकी आदेश पारित किया है।

हालांकि, न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि अदालतों का सरोकार हमेशा से पर्यावरण की रक्षा करना रहा है और वे प्रकृति को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की आलोचना करती हैं। लेकिन पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन होना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वह एनजीटी के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर कर सकता है। इस याचिका में उसे विशेष रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में उसकी ओर से उठाए गए बिंदुओं पर उचित विचार किया गया था। पीठ ने एनजीटी को निर्देश दिया कि यदि ऐसी कोई याचिका आती है, तो वह केवल इसी तकनीकी पहलू पर विचार करे।

न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच दो महीने में हो पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एनआईए को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। इस हिंसा में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा, जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है? एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की, आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के लगभग 700 न्यायिक अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में तैनात किया गया था। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया गया था, जब तीन महिलाओं सहित सात न्यायिक अधिकारियों और एक पांच वर्षीय बच्चे को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक बिना भोजन-पानी के बंधक बनाकर रखा था।

मैंने पहले भी कई बार अच्छी गेंदबाजी की है, विकेट भी लिए हैं। लेकिन मैंने सबसे अधिक मजा छक्का लगाकर लिया। मैं रोहित के ख़िलाफ़ पहले से सोचकर गेंदबाज़ी कर रहा था। रोहित आगे निकलकर खेल सकते हैं क्योंकि उन्होंने पहले मेरे ख़िलाफ़ ऐसा किया है।
–भुवनेश्वर कुमार

स्टेडियम

बरेली, मंगलवार, 12 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस

बनाम

सनराइजर्स हैदराबाद

समय - शाम 7:30 बजे

रोमांचक मुकाबले में दिल्ली ने मारी बाजी, पंजाब को 3 विकेट से हराया

आईपीएल-2026 : अक्षर पटेल और डेविड मिलर ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

डेविड मिलर

धर्मशाला, एजेंसी

कप्तान अक्षर पटेल और डेविड मिलर के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां खराब शुरुआत से उबरकर पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में पांच जीत से 10 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन, 30 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (51 रन, 28 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की।

अक्षर और मिलर के पवेलियन लौटने के बाद आशुतोष शर्मा (10 गेंद में 24 रन, दो छक्के, दो चौके) और माधव तिवारी (आठ गेंद में नाबाद 18, एक छक्का, दो चौके) ने टीम को जीत दिलाई। आकिब नबी ने दो गेंद में नाबाद 10 रन बनाए। पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 59 रन) और प्रियांश (33 गेंद में छह छक्कों और दो चौकों से 56 रन) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी ने 40 जबकि मिचेल स्टार्क ने 57 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल (09) और अभेषेक पोरेल (05) के विकेट गंवा दिया। पोरेल को यश ठाकुर ने बोल्ड किया जबकि राहुल ने अर्शदीप सिंह की गेंद को हवा में लहराकर मार्को यानसेन को कैच थमाया। साहिल पारख भी 13 रन बनाने के बाद अर्शदीप की गेंद पर युजवेंद्र चहल के हाथों लपके गए। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 47 रन बनाए। अक्षर और ट्रिस्टन स्टब्स ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। स्टब्स नौ रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब बेन ड्वारशुइस की गेंद पर अर्शदीप ने उनका आसान कैच टपका दिया।

अक्षर ने इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। स्टब्स हालांकि इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में कोनोली के सटीक निशाने पर रन आउट हुए। उन्होंने 17 गेंद में 12 रन बनाए। डेविड मिलर ने आते ही यानसेन पर चौका और मार्कस स्टोइनिस पर छक्का जड़ा। मिलर ने ड्वारशुइस की गेंद पर दो रन के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। अक्षर ने इसी ओवर में बड़ा छक्का मारा।

पंजाब किंग्स

210/5 (20 ओवर)

प्रियांश आर्य का पारख बो तिवारी	56
प्रभसिमरन सिंह का आकिब बो मुकेश	18
श्रेयस अय्यर नाबाद	59
कूपन कोनोली का मिलर बो तिवारी	38
मार्कस स्टोइनिस का तिवारी बो स्टार्क	01
शशांक सिंह का अक्षर बो स्टार्क	00
सूर्यांश शेडगे नाबाद	21

अतिरिक्त: 17, विकेट पतन: 1-78, 2-97, 3-180, 4-187, 5-187 गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

दिल्ली कैपिटल्स

216/7 (19 ओवर)

लोकेश राहुल का यानसेन बो अर्शदीप	09
अभिषेक पोरेल बो यश	05
साहिल पारख का चहल बो अर्शदीप	13
ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट	12
अक्षर पटेल का ड्वारशुइस बो स्टोइनिस	56
डेविड मिलर का प्रभसिमरन बो ड्वारशुइस	51
आशुतोष शर्मा का स्थानापन्न बो यश	24
माधव तिवारी नाबाद	18
आकिब नबी नाबाद	10

अतिरिक्त: 18, विकेट पतन: 1-10, 2-10, 3-33, 4-74, 5-138, 6-170, 7-205 गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-21-2, यश 4-0-55-2, यानसेन 4-0-45-0, ड्वारशुइस 4-0-51-1, स्टोइनिस 3-0-44-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	11	7	4	0	14	1.103
2.	सनराइजर्स हैदराबाद	11	7	4	0	14	0.737
3.	गुजरात टाइटंस	11	7	4	0	14	0.228
4.	पंजाब किंग्स	11	6	4	1	13	0.428
5.	चेन्नई सुपर किंग्स	11	6	5	0	12	0.185
6.	राजस्थान रॉयल्स	11	6	5	0	12	0.082
7.	दिल्ली कैपिटल्स	12	5	7	0	10	-0.993
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	10	4	5	1	9	-0.169
9.	मुंबई इंडियंस	11	3	8	0	6	-0.585
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	11	3	8	0	6	-0.907

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- केएल राहुल दिल्ली-477 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट

प्लेऑफ के लिए दावेदारी मजबूत करने उतरेंगे हैदराबाद और गुजरात

मुकाबला आज

अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है। टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का की रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है।

हाईलाइट

भारतीय गोल्फर युवराज संधू संयुक्त 31वें स्थान पर रहे

बार्सिलोना। भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने यहां खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैंपिनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमश: 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रीमलाल ने लगातार दूसरे दिन नौ अंडर 63 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 28 अंडर पार (70-64-63-63) के स्कोर के साथ 14 शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया।

आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार

दुबई। भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। सोमवार को जारी बयान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज पांच अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है। भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं।

आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर फ्लावर पर जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

लक्ष्य-सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

थाईलैंड ओपन आज से

बैंकॉक, एजेंसी

थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन में व्यक्तिगत प्रदर्शन पर होगी जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य कोहनी की चोट के कारण डेनमार्क में फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेल सके थे। वह पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे जबकि आयुष शेट्टी का सामना जापान के छठी वरीयता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता कोडाइ नाराओका से होगा।

महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त सिंधु पहले दौर में चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग से खेलेंगी। मलेशिया में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को खिताब का

सूखा खत्म करने के लिये प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता पर उन्हें मेहनत करनी होगी। श्रीकांत का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से होगा।

तरुण मल्लेपल्ली का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। महिला वर्ग में उन्नति हुड्डा चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी जबकि देविका सिहाग की टक्कर जापान की नत्सुकी निदाइरा से और तन्वी शर्मा का सामना हिना अकेची से होगा।

एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कोमल ने जीता कांस्य पदक

गांधीनगर। कोमल कोहर ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

बार्सिलोना ने फिर जीता ला लीगा खिताब

बार्सिलोना, एजेंसी

बार्सिलोना ने रविवार को कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की।

इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक रविवार को खेले गए इस क्लासिको मैच में अपने पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे। बार्सिलोना ने मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उनके पिता के निधन की घोषणा की थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी और मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा। अगर यह मैच ड्रॉ भी हो जाता तो बार्सिलोना के लिए चार सत्र में अपना तीसरा लीग खिताब हासिल करने के लिए पर्याप्त होता।

स्पेनिश ला लीगा चैंपियनशिप के साथ जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

- फाइनल में रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया
- मार्कस रैशफोर्ड और फेरान टोरेस ने दागे गोल

मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगा। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल दिन था। इसकी शुरुआत मेरे पिता के निधन की खबर से हुई, लेकिन मेरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।
हांसी फ्लिक, बार्सिलोना के कोच

36 रिकॉर्ड खिताब जीते हैं रियाल मैड्रिड ने, लेकिन लगातार दूसरे साल मिली असफलता

24 गोल किए हैं एमबाप्पे ने लीग में अभी सर्वाधिक

रियाल मैड्रिड ने ला लिगा में रिकॉर्ड 36 खिताब जीते हैं लेकिन वह लगातार दूसरे साल को ही बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया। बार्सिलोना ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना दिया था। उसने शुरू में बढ़त हासिल करने के बाद रियाल मैड्रिड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उसकी रक्षापंक्ति में रियाल मैड्रिड के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। रैशफोर्ड ने फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा।

हांसी फ्लिक ने कहा यह टीम परिवार की तरह है और उन्होंने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और मुझे उन पर बहुत गर्व है। इस स्टेडियम में रियाल मैड्रिड के खिलाफ क्लासिको में ला लिगा का खिताब जीतना अद्भुत है। रियाल मैड्रिड को काइलिन एमबाप्पे की कमी खली जो चोटिल हैं।

सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार : नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित ओपन नेशनल सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को हुए फ्री-स्टाइल शैली के मुकाबलों में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

हरियाणा ने कुल 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं दिल्ली ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेना (एसएससीबी) ने 1 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। टीम रैंकिंग में हरियाणा ने 235

- फ्री-स्टाइल में जीते 8 स्वर्ण पदक नंदिनी नगर महाविद्यालय में चल रही प्रतियोगिता

अंक अर्जित किए। दिल्ली की टीम 88 अंकों के साथ दूसरे तथा सेना 60 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। फ्री-स्टाइल शैली के सभी विजेता पहलवानों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को ग्रीको रोमन शैली की कुश्ती देर रात तक जारी रही। अर्जुन अवार्ड धारी अंतर्राष्ट्रीय नामी पहलवान दीपक पुनिया ने 97 किलो भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता।

डब्ल्यूएफआई | प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी, महासंघ के मुताबिक जवाब अधूरा है, नहीं ले सकतीं भाग

गोंडा पहुंचीं विनेश फोगाट, कहा-भागीदारी के काबिल हूं

नंदिनीनगर, गोंडा

अमृत विचार। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और डब्ल्यूएफआई के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है। महासंघ द्वारा घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर रोक लगाए जाने के बावजूद विनेश राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोंडा पहुंच गई हैं।

अयोध्या पहुंचने पर विनेश ने कहा कि वह प्रभु श्रीराम की नगरी में दर्शन करने आई हैं और इसके बाद नंदिनी नगर में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उन्होंने कहा जो होगा देखा जाएगा। दरअसल, हाल ही में डब्ल्यूएफआई ने विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। महासंघ ने स्पष्ट किया था कि वह जून 2026 तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पात्र नहीं हैं। इस प्रतिबंध में गोंडा में 10 से 12 मई तक आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होती है और इस अवधि में एंटी डोपिंग जांच के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। महासंघ के अनुसार विनेश ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। हालांकि विनेश ने महासंघ को दिए अपने जवाब में दावा किया है कि यह नियम उन पर लागू नहीं होता, क्योंकि वह जून 2025 में ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू को अपनी वापसी की जानकारी दे चुकी थीं। उन्होंने कहा कि वापसी से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। महासंघ ने 15 पन्नों के नोटिस में यह भी आरोप लगाया था कि विनेश के व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि 2024 समर ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विनेश ने संन्यास की घोषणा की थी।

जवाब देने पहुंचीं भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट। अमृत विचार

कुश्ती महासंघ राहत देने के मूड में नहीं

डब्ल्यूएफआई सूत्रों का कहना है कि विनेश ने केवल पात्रता संबंधी बिंदुओं पर जवाब दिया है, जबकि अनुशासनहीनता के आरोपों का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। विवाद के बीच डब्ल्यूएफआई ने यह भी साफ किया कि टूर्नामेंट के चयन मानदंड किसी एक खिलाड़ी को रोकने के लिए नहीं बदले गए हैं।

दावा : वाडा ने पाक-साफ करार दिया

गोंडा। पहलवान विनेश फोगाट ने सोमवार को अपने पात्रता संबंधी विवाद पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) दोनों ने उन्हें एक जनवरी 2026 से फिर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी है।